YouTube AJJ KA MUDDA

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र

Website : www.aajkamudda.com
Email:muddaaajka@gmail.com

आज का मुद्दा

नोएडा गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

नजर आपकी खबर आपकी

वर्ष : 14 अंक 346 नोएडा गौतमबुद्धनगर, सोमवार 30 दिसंबर 2024 RNI-No. UPHIN/2011/37197 पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

स्व. सत्या देवी जी

स्व. रघुनाथ राणा जी

माँ स्व.सत्या देवी जी तथा पिता स्व. रघुनाथ राणा जी की असीम कृपा तथा आर्शीवाद से

श्रद्धेय् स्वामी धीरज महाराज जी
पीठाधीश्वर

भव्य जागरण एवं विशाल भण्डारा

मंगलवार, 31 दिसम्बर, 2024

कलश यात्रा	प्रातः 11:00 बजे
भोग एवं आरती	सायं 6:30 बजे से 7:15 बजे
धूणा पूजन	सायं 7:15 बजे
ज्योति पूजन-प्रज्वलित	सायं 7:30 बजे

द्वारा श्री ज्योति कुमार आर्य

भण्डारा – रात्रि 8:30 बजे से 10:30 बजे तक

Beneficiary Name : Baba Balak Nath Sidh Peeth Foundation
Name of Bank : Union Bank of India
IFSC Code : UBIN0917966
Account No. : 110610011002457

Donation Link

ट्रस्ट के पास 80G है जिसका लाभ लेने के लिए आप कृपया अपना PAN No. और आधार कार्ड की कॉपी जरूर दें, ताकि आपको आयकर की धारा 80G के तहत आयकर में छूट मिल सके।

भव्य जागरण

जिसका सीधा प्रसारण

You Tube

तथा यूटयूब व फेसबुक लाइव

YouTube Link

द्वारा देश व विदेशों में रात्रि 8 बजे से 1 बजे तक किया जायेगा.

बाबा जी के दरबार में प्रत्येक रविवार को कीर्तन और सत्संग में श्रद्धा भाव से हाजरी लगाने व गुरु जी के आर्शीवाद से असाध्य रोग व जीवन के कष्ट दूर हो जाते हैं.

शाह बानो के आंसू रुलाते ही रहेंगे कांग्रेस को

-डॉ. आर.के. सिन्हा

दरअसल शाह बानो केस भारत की राजनीति और कानूनी प्रणाली में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। यह मामला 1985 में सामने आया था और इसने देश में एक बड़ी बहस छेड़ दी थी। शाह बानो इंदौर की एक मुस्लिम महिला थीं, जिन्हें उनके पति ने तलाक दे दिया था। उन्होंने गुजारा भत्ता (भरण-पोषण) की मांग करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया। निचली अदालतों ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया। लेकिन, उनके पति ने इस फैसले को मानने की बजाय सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे डाली थी। सुप्रीम कोर्ट ने शाह बानो के पक्ष में फैसला सुनाया।

इंदौर की बेबस तलाकशुदा शाह बानो भारत में मुसलमान औरतों की बेबसी के प्रतीक के रूप में 1980 के दशक में सामने आईं थीं। उसके बाद के कालखंड में जब भी ऐसा लगने लगता है कि देश उन्हें भूल रहा है, तब ही उनकी फिर से किसी न किसी रूप में चर्चा प्रारंभ हो जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में संसद में संविधान के 75 साल पूरा होने पर हुई चर्चा के दौरान शाह बानो मामले का ज़िक्र किया। उन्होंने कहा, " सुप्रीम कोर्ट से शाह बानो को हक मिला था। राजीव गांधी ने सुप्रीम कोर्ट की उस भावना को, नकार दिया। उन्होंने वोट बैंक की राजनीति की खातिर संविधान की भावना को बलि चढ़ा दिया।" यह सच है कि इंसाफ के लिए तड़प रही एक महिला की बजाय राजीव गांधी ने इस्लामिक कट्टरपंथियों का खुलकर साथ दिया था। संसद में अपनी बहुमत के बल पर आनन फानन में कानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को एक बार फिर पलट दिया गया था।

दरअसल शाह बानो केस भारत की राजनीति और कानूनी प्रणाली में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। यह मामला 1985 में सामने आया था और इसने देश में एक बड़ी बहस छेड़ दी थी। शाह बानो इंदौर की एक मुस्लिम महिला थीं, जिन्हें उनके पति ने तलाक दे दिया था। उन्होंने गुजारा भत्ता (भरण-पोषण) की मांग करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया। निचली अदालतों ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया। लेकिन, उनके पति ने इस फैसले को मानने की बजाय सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे डाली थी। सुप्रीम कोर्ट ने शाह बानो के पक्ष में फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 125 के तहत, तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को भी गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है। अदालत ने यह भी कहा कि यह कानून सभी धर्मों के लोगों पर लागू होता है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने देश में एक राजनीतिक भूचाल सा ला दिया। मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने इस फैसले का विरोध किया और इसे अपने धार्मिक कानूनों में हस्तक्षेप माना। उन्होंने सरकार पर मुस्लिम पर्सनल लॉ में बदलाव करने का आरोप लगाया। वे किसी भी रूप में शाह बानो के हक में खड़े होने के लिए तैयार नहीं थे। शाह बानो एक बुजुर्ग औरत थीं। उसका साथ देने के लिए कोई भी मुस्लिम संगठन खडा नहीं हुआ। उन्होंने उसे अपनी हाल पर मरने के लिए छोड़ दिया था।

तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सरकार ने इस मामले में एक अत्यंत ही विवादास्पद कदम उठाया। उन्होंने मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 पारित किया। इस अधिनियम ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया और तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता देने की जिम्मेदारी उनके पति के बजाय उनके परिवार या वक्फ बोर्ड पर डाल दी। वक्फ बोर्ड जैसे महा भ्रष्ट संगठन ने किसकी किसकी कब मदद की, यह बात न राजीव गांधी को पता थी और न उनके करीबियों को। राजीव गांधी सरकार के फैसले की व्यापक आलोचना हुई। कई लोगों ने इसे अल्पसंख्यक तुष्टीकरण और लैंगिक न्याय के खिलाफ माना। जो सच भी था। इस मामले ने भारतीय राजनीति में धार्मिक और लैंगिक मुद्दों को केंद्र में ला दिया।

शाह बानो केस ने धार्मिक आधार पर भारतीय समाज को ध्रुवीकृत भी कर दिया। इसने भारत में महिला अधिकारों और लैंगिक न्याय पर एक नई बहस छेड़ दी। शाह बानो केस ने राजनीतिक दलों की भूमिका और अल्पसंख्यकों के प्रति उनके दृष्टिकोण को उजागर किया। देश के आम अवाम को समझ आ गया कि कांग्रेस मुसलमानों के वोट हासिल करने के लिए किसी भी हदतक समझौता कर सकती है। बेशक, शाह बानो केस भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना बनी हुई है, जो आज भी प्रासंगिक है। यह मामला बताता है कि कैसे धार्मिक और राजनीतिक मुद्दे सामाजिक न्याय और समानता को प्रभावित कर सकते हैं। शाह बानो केस में मुस्लिम संगठनों का असली चेहरा सामने आ गया। वे तलाकशुदा मुस्लिम महिला को अपने पूर्व पति से गुजारा भत्ता पाने का हकदार नहीं मानते थे। उनका तर्क था कि यह फैसला मुस्लिम पर्सनल लॉ में हस्तक्षेप करता है। इसके बाद ही, राजीव गांधी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया था।

कांग्रेस ने इस मामले में मुस्लिम समुदाय को खुश करने के लिए तुष्टिकरण की नीति अपनाई। इसके चलते कांग्रेस को देश ने नकारना शुरू कर दिया। शाह बानो केस में कांग्रेस के स्टैंड से नाराज सख्त नाराज होकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता और केंद्रीय मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने पार्टी छोड़ी थी। आरिफ साहब की पहचान मुस्लिम और हिंदू धर्म ग्रंथों के विद्वान एवं एक स्वतंत्र विचारों के व्यक्ति के रूप में रही है। वे मुस्लिम होने के बावजूद कट्टर नहीं हैं। बल्कि उदार और बुद्धिजीवी व्यक्ति हैं। आरिफ मोहम्मद खान राजीव गांधी की कैबिनेट में होने के बावजूद शाहबानो मामले में उनसे भिड़ गए थे और मंत्रिपद से इस्तीफा देकर विरोध में खड़े हो गए थे।

राजीव गांधी के तुष्टिकरण ने शाहबानो की रूह को बुरी तरह कुचल दिया था सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले को पलट कर जिसमें तलाकशुदा शाहबानो को गुजारा भत्ता दिए जाने का निर्देश दिया गया था। इसके लिए उन्हें नया कानून बनाना पड़ा। उद्देश्य था : कट्टरपंथी मौलवियों को खुश करना। और अर्थ था : संविधान के ऊपर शरीयत की वरीयता। बोलना तो पड़ेगा, विशेषकर कांग्रेस को और उसमें भी ज्यादा राहुल गांधी को, जो हर मौके पर हाथ में संविधान की प्रति लेकर खतरा खतरा चिल्लाते रहते हैं। उन्हें फैसला करना पड़ेगा कि वो संविधान के पक्ष में हैं या शरीयत के? मुल्ला मुस्लिम पर्सनल लॉ के या तलाकशुदा महिलाओं के गुजारा भत्ते के?

बड़ी मुश्किल डगर है एक तरफ कुआं, दूसरी तरफ खाई, किधर जाएगी कांग्रेस? सच यह है कि वक्त आने पर मुसलमान औरतों के हक में तीस्ता सीतलवाड़ से लेकर वे तमाम लेखक और कैंडल मार्च निकालने वाले बुद्धिजीवी भी नदारद रहते हैं, जो बात-बात पर दीन-हीन मुसलमान औरतें के हक में सोशल मीडिया पर लिखते-बोलते रहते हैं।

दूसरी तरफ, भाजपा को हर वक्त बुरा-भला कहने वाले यह भी जान लें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने ही अपने कार्यकाल में अभी तक मुसलमान औरतों के हक में तमाम बड़ी योजनाएं लागू की हैं। मोदी सरकार की ही पहल पर मुसलमान औरतों को तीन तलाक से मुक्ति मिली। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आया। इसने मुसलमान औरतों को तीन तलाक की बर्बर कुप्रथा से मुक्ति दिलवा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने' इस दौरान तीन तलाक पर रोक लगा दी। हालांकि, कट्टरपंथी मुस्लिम संगठन ट्रिपल तलाक को जारी रखने की पुरजोर वकालत कर रहे थे। यह वही लोग थे, जिन्होंने शाह बानो की लड़ाई का विरोध किया था।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

संपादकीय

'आर्थिक आजादी' के शिल्पकार

भारत की 'आर्थिक आजादी' के शिल्पकार, लगातार 10 साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे, कई 'मील-पत्थर' योजनाओं के सूत्रधार, महान अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह दिवंगत हो गए। उन्होंने 92 साल की भरी-पूरी जिंदगी जी और देश को 'दूसरी आजादी' दिलाई, इससे ज्यादा एक जिंदगी में और क्या किया जा सकता था? लिहाजा उनका देहावसान उनकी पार्थिव नियति ही है। भारत आजाद देश था, लेकिन औसत भारतीय के स्वप्न और आर्थिक आयाम अपेक्षाकृत आजाद नहीं थे। हम एक गरीब और कर्जदार देश थे। बहरहाल आज विकासशील देश हैं और 'विकसित' बनने का लक्ष्य तय किया है। 1991 के दौर में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार मात्र एक अरब डॉलर रह गया था, लिहाजा आयात का घोर संकट था। तत्कालीन चंद्रशेखर सरकार को पेट्रोलियम और उर्वरक के आयात के लिए 40 करोड़ डॉलर जुटाने के लिए 46.91 टन सोना इंग्लैंड और जापान के बैंकों में गिरवी रखना पड़ा था। उस दौर में कांग्रेसी प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने डॉ. मनमोहन सिंह को वित्त मंत्री बनाया और उसी के साथ आर्थिक उदारीकरण ने भारत की 'दूसरी आजादी' का अध्याय लिखना आरंभ कर दिया। हालांकि डॉ. सिंह के पहले बजट के मसविदे को प्रधानमंत्री राव ने खारिज कर दिया था। उनकी उम्मीदें लीक से हटकर थीं। डॉ. सिंह के सामने आर्थिक चुनौतियां रखी गईं और बहुत थोड़े से वक्त में उन्होंने ऐसा बजट तैयार किया, जिसने भारत के 'आर्थिक भाग्य' को ही संकटों और अभावों से मुक्त कर दिया। अर्थव्यवस्था खोल दी गई। विदेशी निवेशकों और कंपनियों के लिए देश के दरवाजे खोल दिए गए। डॉ. सिंह कहा करते थे-भारत किसी से, क्यों डरे? हम विकास के ऐसे चरण में पहुंच चुके हैं, जहां विदेशियों से डरने के बजाय हमें उनका स्वागत करना चाहिए। हमारे उद्यमी किसी से कमतर नहीं हैं। हमें अपने उद्योगपतियों पर पूरा भरोसा है।' अंततः 24 जुलाई, 1991 के उस बजट ने आर्थिक उदारीकरण का जो दौर शुरू किया, उसके दो साल के भीतर ही विदेशी मुद्रा भंडार 10 अरब डॉलर, यानी 10 गुना अधिक, हो गया। लाइसेंस और इंस्पेक्टर राज का दौर समाप्त हुआ और 34 क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का ऑटोमैटिक रूट तैयार कर दिया गया। कंपनियों पर कई पाबंदियां उठा ली गईं।

चिंतन-मनन

मानव जीवन की गरिमा

नालंदा तक्षशिला जैसे अनेक विश्वविद्यालय इस देश में थे। देश की शिक्षा व्यवस्था की पूर्ति तो स्थानीय गुरुकुल ही कर लेते थे। उच्च स्तरीय एवं अंतरराष्ट्रीय शिक्षा व्यवस्था का प्रबंध यह विश्वविद्यालय करते थे। देश-देशांतरों की भाषाएं वहां पढ़ाई जाती थीं, जिनमें पारंगत होकर अपने को विश्व सेवा के लिए समर्पित करने वाले महामानव विश्व के कोने-कोने में पिछड़े क्षेत्रों को पिछड़े वर्ग को हर दृष्टि से ऊंचा उठाने के लिए अपनी अहैतुकी सेवा भावना की अजस्र वष्रा करते थे। न केवल धर्म और अध्यात्म वरन कृषि, पशुपालन, वृक्षारोपण, शिल्प उद्योग, नौकायन, चिकित्सा, वास्तु, रसायन आदि भौतिक विज्ञान की अनेकानेक धाराओं से संसारवासियों को परिचित प्रवीण कराने के लिए अथक परिश्रम किया गया। फलतः मानव जाति को अपनी पिछड़ी हुई, अभावग्रस्त एवं विपन्न स्थिति से छुटकारा मिला। अन्न, वस्त्र निवास और शिक्षा की आरंभिक आवश्यकताएं पूरी होने पर प्रगति के अन्यान्य मार्ग खुले।

मनुष्य जीवन की गरिमा दो पहिये के रथ पर चढ़कर गतिशील होती है। एक पहिया है आत्म निर्माण, दूसरा लोक-निर्माण। यही दो लक्ष्य भारतीय संस्कृति के दो अविछिन्न अंग रहे हैं। गुण, कर्म, स्वभाव की दृष्टि से इस देश के निवासी निरंतर प्रयत्नशील रहे कि उनका व्यक्तित्व सद्भावनाओं और सत्प्रवृत्तियों से परिपूर्ण हो। उसे आदर्श और अनुकरणीय माना जाए। यहीं थी उन दिनों व्यक्तिगत जीवन की आध्यात्मिक महात्वाकांक्षा। भौतिक दृष्टि से हर व्यक्ति समुन्नत, सुव्यवस्थित और साधन संपन्न जीवन जीता था और उत्कृष्ट चिंतन और आदर्श कर्त्तव्य हर किसी के लिए प्रगति का मापदण्ड बना हुआ था। भारतीय जीवन का दूसरा लक्ष्य था- लोक निर्माण। वह मनुष्य क्या जो अपनी उपलब्धियों से केवल अपने शरीर और परिवार को ही लाभान्वित करे. पीड़ा और पतन के गर्त से गिरे हुए- पिछड़े हुए और असमर्थ लोग जिससे कुछ भी प्रकाश एवं सहयोग प्राप्त न कर सके.

उन दिनों यही लोक मान्यता थी कि हर समुन्नत व्यक्ति को अपनी सम्पत्ति एवं विभूतियों को एक बड़ा भाग समाज की उन्नति में-सुख शांति की अभिवृद्धि में लगाना चाहिए. आत्मोष्कर्ष की तरह लोक कल्याण भी मनुष्य का लक्ष्य होना चाहिए. प्राचीन काल में प्रत्येक भारतवासी की वैसी मान्यता, निष्ठा और रीति-नीति थी।

विश्वः विश्व युद्ध की आशंका के बादल

संजीव ठाकुर

बाइडेन जाते-जाते यूक्रेन को सामरिक तथा आर्थिक मदद का पैकेज देकर रूस के खिलाफ विश्व युद्ध की चिंगारी भड़का कर जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद भी रूस-यूक्रेन और इस्त्राइल-हमास युद्ध रुकने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। रूस- यूक्रेन युद्ध को 2 वर्ष से अधिक समय हो चुका है वहीं इस्त्राइल-हमास और फिलिस्तीन युद्ध को भी एक वर्ष से अधिक हो चुका है। अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करके विश्व युद्ध की आशंका बनाए हुए हैं। ये देश यूक्रेन को रूस के खिलाफ लगातार भड़काते भी आ रहे हैं, और यही वजह है कि विश्व युद्ध की भीषण विभीषिका से इनकार नहीं किया जा सकता।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंथोनी ब्लिंकन ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में स्पष्ट कहा है कि इस सभा में सबको विदित है कि कुख्यात आतंकी संगठन हमास, हिजबुल्ला और फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद को कई वर्षों से ईरान प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से आर्थिक सामरिक सहायता कर इस्त्राइल का विरोध करवाता आ रहा है। ब्लिंकन ने कहा कि हमास के इस्त्राइल पर हमले में अमेरिका पूरी तरह से इस्त्राइल के साथ खड़ा है और वह किसी अन्य देश के हमले से इस्त्राइल की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बात पूरी दुनिया को मालूम है कि हमास के पीछे ईरान और मिडिल ईस्ट के कई देश शामिल हैं, और ईरान के पीछे ड्रैगन तथा रूस का खुला समर्थन है। चीन और रूस ने फिलिस्तीन तथा हमास को अपने समर्थन का ऐलान किया है। रूस चाहता है कि अमेरिका का ध्यान रूस-यूक्रेन युद्ध से हट जाए और वह यूक्रेन को नष्ट कर अपने देश की सीमा में शामिल कर ले।

इसी तरह की चाहत चीन ने भी पाल कर रखी है। वह ताइवान के मामले में अमेरिकी हस्तक्षेप से परेशान है और चाहता है कि अमेरिका का ध्यान इस्त्राइल-हमास युद्ध में लगा रहे और वह इसी दौरान आक्रमण कर-के ताइवान को अपनी प्रभु सत्ता में शामिल कर ले। चीन और रूस में खुले तौर पर ईरान को भड़का कर हमास हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद को सहायता करने तथा आक्रमण करने की इजाजत दे दी थी तब जाकर ईरान ने हमास को सीधे-सीधे इस्त्राइल पर आक्रमण करने का निर्देश भी दिया। 7 अक्टूबर, 23 को हमास के आक्रमण से लगभग 1200 से 1500 इस्त्राइली नागरिक सैन्य अधिकारी बच्चे तथा स्त्रियों की सरेआम हत्या कर दी गई। जवाब में इस्त्राइल ने फिलिस्तीन के गाजा पट्टी पर हमला कर हमास के खंटलाइन आतंकवादियों को खत्म कर दिया है।

इस हमले से क्रुद्ध खाड़ी देशों के सभी मुस्लिम राष्ट्र, जिनकी संख्या लगभग 57 है, एक हो गए हैं, और इस्त्राइल के साथ लगभग 87 देश समर्थन में जुड़ गए हैं। अब मुख्य मुद्दा यह है कि हमास द्वारा 200 नागरिकों को बंधक बना लिया है जिनको वह मुक्त करने के मूड में नहीं दिखाई दे रहा है। इस्त्राइल का लगातार आक्रमण करना इस बात का दबाव है कि पहले वह बंधकों को इस्त्राइल के हवाले करे, फिर इस्त्राइल अपना आक्रमण रोकेगा। ऐसी स्थिति में पूरी गाजा पट्टी तबाह हो जाएगी और लगभग 20 लाख फिलिस्तीन नागरिक शरणार्थी बन चुके और बेघर भी हो चुके हैं। ईरान ने हमास को इस्त्राइल पर आक्रमण के आदेश देने के समय तक नहीं सोचा था कि स्थिति यहां तक बिगड़ जाएगी।

भारत को भी हमास-इस्त्राइल युद्ध से चौंकन्ना रहने की आवश्यकता होगी क्योंकि हमारा पड़ोसी पाकिस्तान भी हमास जैसे आतंकवादियों को पनाह देने का कई वर्षों से मुजरिम है और कभी भी आतंकवादियों के माध्यम से भारत में हमला कर सकता है। भारत ने अपनी नीति स्पष्ट करके रखी है, उसने हमास के आतंकवादियों का विरोध किया है पर फिलिस्तीन का समर्थन करता आया है। भारत ने हमास का विरोध और इस्त्राइल का समर्थन किया, लेकिन गाजा पट्टी पर निर्दोष लोगों के मारे जाने का विरोध भी किया है।

कई खाड़ी भारत से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि वह जॉर्डन, लेबनान, मिस्त्र, ईरान, इराक और इस्त्राइल, अमेरिका, ब्रिटेन के नेताओं से चर्चा कर युद्ध विराम पर प्रभावी कदम उठाए। सबकी नजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर है क्योंकि मोदी के संबंध सभी राष्ट्र प्रमुखों से मधुर हैं और भारत की नीति ही शांति संदेश देने की रही है।

नया साल सिर्फ.जश्न नहीं, आत्म-परीक्षण और सुधार का अवसर भी...

31 दिसम्बर की आधी रात को हम 2024 को अलविदा कह देंगे और कैलेंडर 1 जनवरी यानी 2025 के नए साल के दिन के लिए अपना नया पन्ना खोलेगा। उतार-चढ़ाव, मजेदार पल और कुछ खास नहीं-यह सब अब अतीत की बात हो जायेंगे। हम एक नए साल के मुहाने पर खड़े हैं, जो हमारे सामने आने वाली हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। हवा में उत्साह और चिंतन की गूंज है, जैसे पुरानी यादों और उम्मीदों का एक बेहतरीन मिश्रण। बुद्धिमान लोग कहते हैं कि जीवन विरामों के बीच में जिया जाता है-जैसे कि सांस छोड़ने के ठीक बाद और सांस लेने से पहले। हर अंत बस एक और शुरूआत है। वास्तव में इसे महसूस करने के लिए साल के पहले दिन से बेहतर कोई समय नहीं है...

एक नया साल एक नई शुरूआत है। यह एक नए जन्म की तरह है। नया साल शुरू होते ही हमें लगता है कि हमें अपने जीवन में बदलाव करने, नई राह पर चलने, नए काम करने और पुरानी आदतों, समस्याओं और कठिनाइयों को अलविदा कहने की जरूरत है। अक्सर हम नई योजनाएँ और नए संकल्प बनाने लगते हैं। हम उत्साहित, प्रेरित और आशावान महसूस कर सकते हैं, लेकिन कभी-कभी आशंकित भी होते हैं। कवियों और दार्शनिकों ने अक्सर दोहराया है कि भविष्य में जो कुछ भी करना है, उसमें जीवन ने जो सबक हमें सिखाया है, उसे लागू करना जरूरी है। लेकिन यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल है। लोग एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हैं। संदेश, ग्रीटिंग कार्ड और उपहारों का आदान-प्रदान नए साल के जश्न का अभिन्न अंग है। मीडिया कई नए साल के कार्यक्रमों को कवर करता है, जिन्हें दिन के अधिकांश समय प्राइम चैनलों पर दिखाया जाता है। जो लोग घर के अंदर रहने का फैसला करते हैं, वे मनोरंजन और मौज-मस्ती के लिए इन नए साल के शो का सहारा लेते हैं।

नया साल सिर्फ.जश्न मनाने का समय नहीं है, बल्कि आत्म-परीक्षण और सुधार का अवसर भी है। अतीत की गलतियों से सीखते हुए हमें अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए। आइए हम अपने लक्ष्यों को स्पष्ट करें और उन्हें प्राप्त करने की योजना बनाएँ। आइए हम नकारात्मकता को पीछे छोड़ें और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएँ। आइए हम जरूरतमंदों की मदद करके समाज के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी निभाएँ। आइए हम आत्म-विकास के लिए प्रयास करते रहें और नई चीजें सीखते रहें। लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनते हैं और मौज-मस्ती से भरी गतिविधियाँ करते हैं जैसे गाना, खेलना, नाचना और पार्टियों में जाना। नाइट क्लब, मूवी थिएटर, रिसॉर्ट, रेस्टोरेंट और मनोरंजन पार्क हर उम्र के लोगों से भरे हुए हैं। आने वाले साल के लिए नए संकल्पों की योजना बनाने की सदियों पुरानी परंपरा आम है। कुछ सबसे लोकप्रिय संकल्पों में वजन कम करना, अच्छी आदतें विकसित करना और कड़ी मेहनत करना शामिल है। आज के समय में, जब पर्यावरण के मुद्दे एक गंभीर चिंता का विषय हैं, तो पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तरीकों से नए साल का जश्न मनाना हमारी जिम्मेदारी बन जाती है। पटाखों का उपयोग कम करना, पेड़ लगाना और जल संरक्षण इस दिशा में सकारात्मक कदम हो सकते हैं।

नया साल हमें अतीत की कड़वाहट को भूलकर नए रिश्ते शुरू करना सिखाता है। आइए हम एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सद्भावना व्यक्त करें। आइए हम उन लोगों को सही रास्ते पर लाने का प्रयास करें जो अपना रास्ता भूल गए हैं। भगवद गीता में भगवान कृष्ण की शिक्षाएँ हमें याद दिलाती हैं कि हमें अपना काम करना चाहिए और परिणाम भगवान पर छोड़ देना चाहिए। नया साल सिर्फ. कैलेंडर बदलने के बारे में नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन को एक नई दिशा देने का अवसर है। यह नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने का समय है। आइए हम सब मिलकर इस नए साल को अपने और समाज के लिए बदलाव का साल बनाएँ। अब, सभी चमक-दमक के बीच, नए साल का दिन कुछ गंभीर सोच-विचार का भी समय है। हाँ, हम आत्मनिरीक्षण के बारे में बात कर रहे हैं-पिछले साल को पीछे देखते हुए और यह पता लगाते हुए कि हमने क्या सीखा है। क्या हमने आखिरकार मकड़ियों के डर पर विजय प्राप्त की? क्या हमने उन लोगों के साथ पर्याप्त समय बिताया जो सबसे ज्यादा मायने रखते हैं? यह कुछ हद तक हमारे जीवन की मुख्य घटनाओं को स्क्रॉल करने और यह सोचने जैसा है, ₹वाह, क्या मैंने वाकई ऐसा किया?₹ एक पेड़ लगाएँ, अपने भविष्य के लिए एक पत्र लिखें, या बोर्ड गेम का लुत्फ उठाएँ। इसे अपने लिए अनोखा बनाएँ और हर साल इसका इंतजार करें।

अब, इस तरह से आप एक परंपरा की शुरूआत कर सकते हैं! नए साल के दिन सोच-समझकर उपहार देकर प्यार फैलाएँ। यह कीमत के बारे में नहीं बल्कि इशारे के पीछे की भावना के बारे में है। एक हस्तलिखित नोट, एक व्यक्तिगत ट्रिंकेट, या एक हार्दिक संदेश दुनिया भर में अंतर ला सकता है जब आप उन लोगों के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हैं जो सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। अक्सर, हम या तो इसे महसूस नहीं करते या इसे स्वीकार करने से इनकार करते हैं और एक ऐसी कहानी लिखने की कोशिश करते हैं जो पहले ही खत्म हो चुकी है। ऐसे समय में हमें याद रखना चाहिए कि कभी-कभी कलम को नीचे रखना ठीक होता है। बंद दरवाजे से जूझना ठीक नहीं है। इससे चिपके रहने से आप दूसरी तरफ की खिड़की को देख नहीं पाते। जैसा कि माइंडफुलनेस प्रैक्टिशनर कहते हैं, सबसे बड़ी सच्चाई यह है कि नए सिरे से शुरूआत करने के लिए आपके पास मौजूद पल से बेहतर कोई समय नहीं है। नए साल की सुबह, सबसे अच्छी स्थिति में, केवल सही सेटिंग ही बना सकती है; बाकी, जैसा कि वे कहते हैं, सब आपके भीतर है। हालाँकि, आप नए साल के दिन 2025 को धूम मचाने का फैसला करते हैं, इसे यादगार बनाते हैं। ऐसे नाचें जैसे कोई देख नहीं रहा हो, ऐसे हँसें जैसे यह अब तक का सबसे अच्छा मजाक हो और अपने दोस्तों को ऐसे गले लगाएँ जैसे आपने उन्हें एक दशक से नहीं देखा हो। क्योंकि अंदाजा लगाइए क्या? 2025 आपका चमकने का साल है। तो, आइए इसे यादगार बनाएँ, इसे यादगार बनाएँ और इसे खास बनाएँ! नई शुरूआत के जादू के लिए चीयर्स!

-प्रियंका सौरभ

आज का मुद्दा समाचार पत्र का प्रत्येक अंक मां गंगा और सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर सेक्टर 62 नोएडा के चरणों में समर्पित : स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं संपादक मनोज वत्स द्वारा वत्स ऑफसेट मुद्दा हाउस सी ब्लॉक बरात घर चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा गौतम बुध नगर उत्तर प्रदेश से मुद्रित करा कर मुद्दा हाउस सी ब्लॉक बरात घर चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित किया मुख्य संपादक के.जी.शर्मा **RNI.NO.UPHIN/2011/37197,** 9310549614
किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

डीएम ने प्रयागराज महाकुंभ-2025 के प्रचार-प्रसार के लिए दो एलईडी वैन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

आज का मुद्दा

अलीगढ़ : जिलाधिकारी विशाख जी0 ने कलैक्ट्रेट से दो एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा महाकुंभ-2025 के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए भेजी गई एलईडी वैन लोगों को मेले की जानकारी और इसकी महत्ता के बारे में अवगत कराएगी। एक माह तक जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में भ्रमण करने वाली एलईडी वैन स्क्रीन के माध्यम से महाकुंभ-2025 से जुड़े आध्यात्मिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक पहलुओं को प्रदर्शित करेगी।

जिलाधिकारी विशाख जी0 ने बताया कि सूचना विभाग द्वारा की गई इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को महाकुंभ-2025 की महिमा एवं महत्व के बारे में जानकारी कराते हुए मेले में सहभागिता के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार को निर्देशित किया कि दोनों एलईडी वैन के माध्यम से जिले की नगरी, कस्बाई एवं देहाती क्षेत्र को आच्छादित करते हुए कुंभ में की गई व्यापक स्तर की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं। सहायक निदेशक सूचना

संदीप कुमार ने बताया कि सूचना निदेशालय द्वारा सरकार की मंशा के अनुरूप प्रयागराज महाकुंभ में अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित कराने एवं महाकुंभ के प्रचार-प्रसार के लिए जिले के लिए दो एलईडी वैन आवंटित की गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होना है, जिसमें 13 जनवरी पौष पूर्णिमा, 14 जनवरी मकर संक्रांति, 29 जनवरी मौनी अमावस्या, 03 फरवरी बसंत पंचमी, 12 फरवरी माघ पूर्णिमा एवं 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन महास्नान है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि 13 जनवरी से आरंभ होने वाले महाकुंभ के अवसर पर संगम के पवित्र तीर्थ में स्नान कर पुण्य अर्जित करें। इस अवसर पर एसीएस संजय मिश्रा भी उपस्थित रहे।

तीन शातिर चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आज का मुद्दा मनोज गिरी बुलंदशहर में अपराधों पर अंकुश लगे जाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाई जा रही अभियान के तहत बुलंदशहर की थाना गुलावठी पुलिस द्वारा तीन शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार कब्जे से चोरी का सामान व नगदी भी की बरामद इसके उपरांत जानकारी देते हुए बुलंदशहर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि अपराधों पर अंकुश लगाए जाने के चलते बुलंदशहर की गुलावठी पुलिस पुलिस ने तीन शातिर अभियुक्तो के कब्जे से एक लेडिस चैन का टुकड़ा पीली धातु एक लेडिस पर्स जिसमें तेरह छोटे व बड़े मोबाइल फोन है सहित एक जेंट्स घड़ी एक कैमरा सोनी कंपनी का चार जेंट्स पर्स तो लेडीज पर्स एक सिरिंज सात नीडिल 49000 नगदी एवं तीन चाबी के गुच्छे व आईडी कार्ड सहित गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है पकड़े गए अभियुक्त की तलाश गुलाटी पुलिस काफी दिनों से कर रही थी बुलंदशहर एसएसपी श्लोक कुमार से मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए अभियुक्तों पर पूर्व में भी विभिन्न थाना क्षेत्र में करीब एक दर्जन से भी ज्यादा मुकदमे है पंजीकृत पुलिस द्वारा पकड़े गए अभियुक्तों की वसीम उर्फ हसीन पुत्र रफीक निवासी मोहल्ला चौधरी वाला थाना सिकंदराबाद जनपद बुलंदशहर फैसल पुत्र कलवा उर्फ कलुआ निवासी उपरोक्त आबिदा पत्नी हारून पूर्व पत्नी रफीक निवासी उपरोक्त के रूप में हुई पकड़े गए अभियुक्त की पहचान

बुलंदशहर में सट्टा माफिया की संपत्ति कुर्क

बुलंदशहर : नगर के देवीपुरा निवासी सट्टा किंग त्रिलोकी की ढाई करोड़ रुपये की संपत्ति शनिवार को कुर्क की गई। उसके देवीपुरा स्थित तीन मकानों को कुर्क किया गया है। इस दौरान उसके घरों के पास पुलिस ने मुनादी भी कराई। आरोपी त्रिलोकी पर गैंगस्टर एक्ट समेत कुल 19 मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल आरोपी जिला जेल में बंद है।एएसपी सिटी ऋजुल कुमार ने बताया कि पुलिस ने सट्टा माफिया त्रिलोकी चंद उर्फ त्रिलोकी के खिलाफ संपत्ति कुर्क की कार्रवाई की है। त्रिलोकी वर्तमान में जिला कारागार में बंद है। जेल जाने से पहले वह शहर में सट्टा कराता था। इसी साल फरवरी में सट्टा माफिया त्रिलोकी और उसके भतीजे सोनू पर नगर कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें सट्टा माफिया के साथ इसके गिरोह के 18 लोगों को नामजद किया गया था। शनिवार को डीएम कोर्ट के आदेश पर नगर कोतवाली पुलिस की टीम शहर के देवीपुरा स्थित त्रिलोकचंद के मकान पर पहुंची। यहां इसके तीन मकानों की कुर्की की गई। तीनों मकानों की कीमत लगभग ढाई करोड़ रुपये है।

घरों के बाहर लगाए नोटिस

गैंग के अन्य सदस्यों की भी उस संपत्ति की कुर्की जल्द ही की जाएगी, जो कि उन्होंने सट्टे के कारोबार से खरीदी है या नवनिर्माण कराया है। कुर्की की कार्रवाई के दौरान पुलिस ने इलाके में ढोल ताशों के साथ मुनादी भी कराई। साथ ही घरों के बाहर नोटिस चस्पा कर तीनों घरों पर कुर्की के बोर्ड भी लगा दिए गए हैं।

बुलंदशहर में फिल्मी अंदाज में गुंडागर्दी

गुंडागर्दी का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

आज का मुददा बुलंदशहर (ब्यूरो) : थाना चोला क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में लठैतों ने महिलाओं को खींचकर पीटा। महिलाओं के साथ बर्बरता से की गई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दबंगों द्वारा की गई मारपीट में 7 लोग घायल बताए जा रहे हैं। 80 साल से मकान में रह रहे गरीब ब्राह्मण परिवार के साथ मारपीट कर उन्हें बेघर कर दिया गया। आरोपियों ने मौके पर वीडियो बना रहे लोगों को भी जमकर धमकाया। जानकारी के अनुसार परिवार के लोग वर्षों से इसी मकान में रहते आ रहे थे। दबंगों ने मकान का बैनामा कर दिया। इसके बाद दबंगों ने ब्राह्मण परिवार को घर से बेघर कर दिया। पीड़ित परिजनों ने पुलिस पर मिली भगत किए जाने का आरोप लगाया है।

फिल्मी अंदाज में चारा काटने की मशीन उखाड़ी

फिल्मी अंदाज में दबंगों ने चारा काटने की मशीन उखाड़ दी। गैस सिलेंडर फैंक कर गरीब परिवार के साथ मारपीट की। इसी बीच मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। वीडियो बना रहे लोगों को दबंगों ने जमकर धमकाया। रोते बिलखते परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। मारपीट में महिलाएं सहित सात लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वीडियो वायरल होने के बाद चोला थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

जनपद पुलिस द्वारा चलाया गया जनपद में विशेष चेकिंग अभियान

आज का मुददा बुलन्दशहर (त्रिलोक चन्द) : नववर्ष-2025 के दृष्टिगत दिनांक 29 दिसंबर 2024 की रात्रि में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देशन में बुलन्दशहर पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न थानों के अंतर्गत मुख्य चौराहों पर चेकिंग की गई तथा शराब पी कर वाहन चलाने वाले लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चला कर ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से वाहन चालको का अल्कोहल लेवल चेक किया गया। शराब के नशे में वाहन चलाने वाले लोगों के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए लोगो से शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, शराब पीकर गाड़ी न चलाने तथा किसी सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन न करने की अपील की गई। नववर्ष की आड़ में असामाजिक गतिविधियां करने वालों पर बुलन्दशहर पुलिस की विशेष नजर रहेगी, इसके लिए व्यापक पुलिस प्रबंध किए गये हैं। जनपद की कानून व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखने और जनपदवासियों की सुरक्षा हेतु जनपद बुलन्दशहर पुलिस सदैव प्रतिबद्ध है।

युवक की हत्या में फरार अपराधी गिरफ्तार

आज का मुद्दा अमन त्यागी बुलंदशहर : स्याना कोतवाली क्षेत्र में हुई युवक की हत्या के मामले में फरार चल रहे अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि अभियुक्त अमरपाल उर्फ बबलू युवक की हत्या के बाद फरार चल रहा था। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक युवक की हत्या की थी। युवक की हत्या कर उसका शव खेत में फेंक दिया था। पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज दिया है। रविवार को चेकिंग अभियान के दौरान लौंगा सराय रोड से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।

घर से बुलाकर आरोपियों ने की थी हत्या

कोतवाली क्षेत्र के गांव धन्यावली के युवक की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गांव निवासी भोलू उर्फ आनंद को घर से बुलाकर अपने साथ ले गए थे। जहां आरोपियों ने भोलू की हत्या कर उसका शव खेत में फेंक दिया था। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल तीन आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहीं एक अभियुक्त अमरपाल फरार था। पुलिस जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है।

926 लीटर अवैध शराब को नष्ट कराया गया

बुलंदशहर : कोर्ट के आदेश पर नरौरा पुलिस ने निर्णयशुधा 114 मुकदमो से संबंधित लगभग 1. 61 लाख रुपए की 926 लीटर अवैध शराब को जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवाकर नष्ट कराया गया है। आपको बता दें नरौरा थाना प्रभारी रामनारायन सिंह ने बताया कोर्ट के आदेश पर नरौरा पुलिस ने निर्णय शुदा 114 मुकदमों से संबंधित 1.61 लाख रुपए की 926 लीटर अवैध शराब को जेसीबी मशीन द्वारा थाना परिसर में गड्ढा खुदवाकर नष्ट कराया गया है इस मौके पर डिबाई उप जिलाधिकारी कमलेश गोयल व पुलिस क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार एडीजीसी सूरज यादव आबकारी अधिकारी रामनारायण यादव तथा राम नारायन सिंह नरौरा थाना प्रभारी मय पुलिस स्टाफ के उपस्थित रहे।

मारपीट व गाली-गलौज का मामला दर्ज

आज का मुद्दा (अमित कुमार) खानपुर :- थाना क्षेत्र के जाडोल गांव में गाली-गलौज व मारपीट के आरोप में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रहे है। थाना क्षेत्र के जाडोल गांव निवासी सुभाषचन्द्र पुत्र रामचन्द्र ने कहा कि 20 दिसंबर शाम करीब चार बजे उनका भतीजा रॉबिन पुत्र सतवीर अपने घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही हिमांशु पुत्र भगवान सहाय ने रोबिन के साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर अपने भाई अतुल को बुलाया और दोनों भाइयों ने रोबिन के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। मौके पर रोबिन के नाना ने किसी तरह से उसे बचाया। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी मौके पर एकत्रित हो गए। पड़ोसियों को आता देख दोनों भाई रॉबिन को मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इसके बाद दोनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में सुभाषचन्द्र थाने में तहरीर दी। इसके बाद थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। जबकि घायलो का इलाज मेरठ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, उपकरण जलकर खाक

आज का मुद्दा बुलंदशहर : बुगरासी कस्बे के मोहल्ला रोगनग्रान में एक घर मे शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। थोड़ी ही देर में घर के सारे उपकरण फुंककर खाक हो गये और घर मे रखा अन्य सामान भी जल गया। पता लगने पर पड़ौसियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक काफी सामान जल चुका था।

कस्बा निवासी इमरान पुत्र नसरू का बरहाना मार्ग पर मकान है। जिसमें उसके बच्चे और पत्नी रहते हैं। इमरान बुगरासी से बाहर रहकर काम करता है। बताया कि रविवार की तड़के इमरान की पत्नी घर मे बच्चों को सोया हुआ छोड़कर किसी काम से बाहर गई थी। इसी दौरान घर में शॉर्ट सर्किट हुआ और घर मे लगे फ्रिज व अन्य उपकरण न सिर्फ फुंक गये बल्कि उनमें आग लग गई। धीरे धीरे आग घर मे रखे कपड़े व अन्य सामान तक पहुंच गई। घण्टों बाद जब महिला वापस लौटी तो घर से धुआं निकलता देख घबरा गई। जैसे तैसे कर घर मे सो रहे बच्चों को सकुशल बाहर निकाला। बताया कि आग से घर के उपकरण के अलावा घर मे रखे कपड़े व अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने आग से करीब लाखों रुपये का नुकसान बताया है। सूचना पर तहसील प्रशासन की तरफ से लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल से घटना की जानकारी जुटाकर रिपोर्ट तैयार की। मजदूर ने शासन से नुकसान की भरपाई के लिये मुआवजे की मांग की है।

चिकित्सक के मकान में चोरों का धावा, कीमती सामान चोरी कर ले गए चोर

आज का मुद्दा -बुलंदशहर : कस्बा बुगरासी में बंद पड़े मकान में चोरों ने घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर मकान में रखा कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। मामले की सूचना मिलते ही सीओ दिलीप सिंह भारी पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है सीसीटीवी की मदद से चोरों की पड़ताल की जा रही है। छत के रास्ते कर अंदर घुसे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरों की धर पकड़ के लिए टीम काम कर रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

पुत्र का निधन होने के चलते मकान का ताला बंद कर बाहर गया था चिकित्सक का परिवार जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी चिकित्सक रामा आर्य के पुत्र मोहनीत आर्य ने बताया कि 13 दिसंबर को बड़े भाई का आकस्मिक निधन हो जाने पर चिकित्सक दंपत्ति बुलंदशहर गये हुए थे। वहां से लौटने के बाद घर के अंदर का सामान बिखरा हुआ व अस्त व्यस्त मिला। अंदर की अलमारी व कमरे के दरवाजे खुले मिले। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। सीओ दिलीप सिंह ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी कैमरा की मदद से सुराग खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

खाटू श्याम की निकाली गई निशान यात्रा : अंकुर जैन

आज का मुद्दा बुलंदशहर : बुलंदशहर शिकारपुर नगर में खाटू श्याम की निशान यात्रा धूमधाम से निकाली गई यात्रा में ध्वज लिए श्रद्धालु भक्ति की धुनों पर थिरकते चल रहे थे निशान यात्रा का नगर में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया इस दौरान पुलिस प्रशासन के अधिकारी सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रहे खाटू श्याम की निशान यात्रा निकाली गई इस दौरान निकाली निशान यात्रा में करीब 101 ध्वज हाथों में लिए महिला व पुरुष श्रद्धालु चल रहे थे निशान यात्रा नवदेश्वर मन्दिर से शुरू हुई छोटे बाजार, बर्फ चौराहा, सराफा बाजार, इमली बाजार, पैठ चौराहा, नौ गंज, चैनपुरा, होते हुए नवदेश्वर मन्दिर पर समापन हुई डीजे गाड़ी के पीछे ध्वज लिए श्रद्धालु, ढोल-ताशे वाले सहित सबसे पीछे खाटू श्याम बाबा का डोला चल रहा था निशान यात्रा का समापन नवदेश्वर मन्दिर में ही हुआ खाटू श्याम की निशान यात्रा में दुकानदारों ने जमकर पुष्प वर्षा की इस दौरान यात्रा में किसी व्यापारी ने चाय, लड्डू और समोसे का वितरण किया खाटूश्याम की निशान यात्रा में श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम के भजनों पर जमकर डांस किया खाटू श्याम की निशान यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु रहे इस दौरान पुलिस प्रशासन के अधिकारी तय रूट पर मौजूद रहे यात्रा का पूरे नगर में जोरदार स्वागत किया ।

ओयो होटलों पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने पर पुलिस की कार्यवाही

आज का मुद्दा (अमित कुमार) छातरी :- छतारी के अन्तर्गत थाना छतारी पुलिस ने शनिवार देर शाम एवं रविवार को क्षेत्र के सभी होटलों एवं ओयो होटल में शराब के खिलाफ चैकिंग अभियान चलाया। चैकिंग अभियान में कुछ होटलों में युवकों द्वारा शराब पीने से थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर होटल में शराब पीकर कोई भी व्यक्ति मिलते ही होटल संचालक के खिलाफ की कार्यवाही की जाएंगी। होटलों में रात्रि संदिग्ध व्यक्तियों का रिकॉर्ड कागजों में रखें। नववर्ष पर होटल पर शराबियों ने मचाई हुड़दंग तो होटल संचालक के खिलाफ की जायेगी कार्यवाही

कैमरे लगाए जाने पर मुख्य फोकस

छतारी थाना प्रभारी संदीप कुमार ने सभी होटलों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए कैमरे भी चैक किए गए। सभी होटलों में पार्किंग स्थल से लेकर भवन परिसर में केमरे को लेकर ज्यादा फोकस किया। वहीं कुछ होटलों में कैमरा न होने पर नाराजगी जताते हुए कैमरे लगाए जाने पर ध्यान देने की बात कही। कैमरे लगाए जाएंगे तो होटल में आने जाने वाले हर व्यक्ति की बनी रहेगी पहचान, वहीं होटलों में संदिग्ध व्यक्तियों पर भी नजर बनीं रहेंगी। होटलों में लगे कैमरे भी पुलिस की तीसरी आंख बनेगा। कैमरे लगाए जाने पर क्षेत्र की घटनाओं में भी अंकुश लगेगा

एएमयू के पूर्व छात्र ने फामाकीलॉजी विभाग में अपनी उद्यमशीलता यात्रा साझा की

अलीगढ़ : प्रसिद्ध वैज्ञानिक और उद्यमी, परजा फार्मा इंक के संस्थापक डॉ. अरशद सिद्दीकी ने एक वैज्ञानिक से उद्यमी बनने के दौरान उनके सामने आने वाली चुनौतियों और अवसरों को रेखांकित करते हुए कहा कि फार्मा के क्षेत्र में आज भी असीम संभावनायें मौजूद हैं और इस क्षेत्र में रहकर मानव कल्याण का भी बड़ा कार्य हो सकता है।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेएन मेडिकल कॉलेज के फामाकोलॉजी विभाग में वैज्ञानिक से उद्यमी तकरू एक यात्रा विषय पर व्याख्यान देते हुए, एएमयू के पूर्व छात्र ने अपने प्रेरक कैरियर प्रक्षेप पथ को साझा किया, जिसकी शुरूआत उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में अपनी शैक्षिक यात्रा से की थी। डॉ. सिद्दीकी ने मॉन्ट्रियल, कनाडा में शायर-बायोकेम फार्मा में अपने पेशेवर अनुभव पर चर्चा की, जहां उन्होंने 1990 से 2001 तक दवा खोज वैज्ञानिक के रूप में काम किया। उनका शोध वायरोलॉजी, विशेष रूप से एचआईवी, एचबीवी और एचसीवी पर केंद्रित था, और उन्होंने सह-आविष्कार किया। एचआईवी रोधी दवा लैमिवुडिन (3टीसी)। उन्होंने तीन दवा उम्मीदवार भी विकसित किए जो नैदानिक परीक्षणों में आगे बढ़े और उनके योगदान के लिए प्रतिष्ठित प्रिक्स-गैलियन पुरस्कार प्राप्त हुआ। डॉ. सिद्दीकी ने अपनी कंपनी, परजा फार्मा इंक. के बारे में मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की, जिसमें नवाचार को बढ़ावा देने वाली सहयोगी, समतावादी व्यावसायिक संस्कृति के महत्व पर जोर दिया गया।

सत्र का समापन एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तरी के साथ हुआ, जहां रेजीडेंट चिकित्सकों को डॉ. सिद्दीकी के साथ जुड़ने और फार्मास्युटिकल उद्योग में उनके बिजनेस मॉडल के बारे में जानकारी हासिल करने का अवसर मिला।

सत्र की अध्यक्षता एएमयू के फामाकोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सैयद जियाउर्रहमान ने की। विभाग की ओर से डॉ. जमील अहमद ने वक्ता को प्रशस्टि चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रिया शर्मा ने किया।

सोमवती अमावस्या कब है, जानें पूजा का मुहूर्त और दान-पुण्य का महत्व

हिंदू धर्म में सभी तिथियों को महत्वपूर्ण माना गया है। वहीं अमावस्या तिथि का भी विशेष महत्व बताया गया है। सोमवार के दिन पड़ने के कारण इसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा विधिवत रूप से करने का विधान है। इस दिन व्रत रखने और पूजा-पाठ करने से व्यक्ति के सुख-समृद्धि और सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है। सोमवती अमावस्या के दिन स्नान-दान करने से व्यक्ति को पुण्य प्राप्ति होती है। अब ऐसे में इस साल की आखिरी अमावस्या तिथि कब पड़ रही है। पूजा का शुभ मुहूर्त क्या है और पूजा का महत्व क्या है।

सोमवती अमावस्या कब है?

वैदिक पंचांग के हिसाब से इस साल की आखिरी अमावस्या तिथि पौष माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को पड़ने वाली है। इस साल यह तिथि 30 दिसंबर को पड़ने वाली है। आपको बता दें, 30 दिसंबर को सुबह 04 बजकर 01 मिनट से लेकर इस तिथि का समापन सुबह 03 बजकर 56 मिनट पर होगा। इसलिए उदया तिथि के आधार पर इस साल सोमवती अमावस्या का व्रत 30 दिसंबर को मनाया जाएगा।

सोमवती अमावस्या के दिन पूजा का शुभ मुहूर्त कब है?

सोमवती अमावस्या के दिन स्नान ब्रह्म मुहूर्त में करना शुभ माना जाता है। ब्रह्म मुहूर्त प्रातः 5.24 से 6.19 बजे तक रहेगा। इस दौरान स्नान करना उत्तम फलदायी माना गया है।

भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त - दोपहर 12 बजकर 03 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 45 मिनट तक है। इस दौरान अभिजीत मुहूर्त में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा विधिवत रूप से करने से व्यक्ति को अक्षत फलों की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है।

सोमवती अमावस्या के दिन पूजा का महत्व

सोमवती अमावस्या के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति के वैवाहिक जीवन में आ रही परेशानियां दूर हो सकती है और सुख-समृद्धि में वृद्धि हो सकती है और जीवन में आ रही परेशानियां दूर हो जाती है। इसके अलावा अगर किसी व्यक्ति को मनचाहे वर की कामना है, तो वह भी इच्छा पूरी हो सकती है।

सोमवती अमावस्या के दिन पीपल के पेड़ में क्या-क्या चढ़ाएं?

हिंदू धर्म में सोमवती अमावस्या तिथि को बेहद महत्वपूर्ण माना गया है। इस दिन पीपल के पेड़ में क्या-क्या चढ़ाने से व्यक्ति को उत्तम परिणाम मिल सकते हैं।

पंचांग के हिसाब से कुल 12 अमावस्या तिथि पड़ती है। इस दौरान विशेष रूप से पितरों की पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन स्नान-दान करने भी शुभ माना जाता है और व्यक्ति को पितृदोष से भी मुक्ति मिल जाती है। आपको बता दें, अमावस्या तिथि के दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही जीवन में आने वाली सभी बाधाओं से भी छुटकारा मिल जाता है। अब ऐसे में सोमवती अमावस्या सोमवार के दिन पड़ रहा है, जिसके कारण इस दिन पीपल के पेड़ की पूजा करने की मान्यता है।

पीपल के पेड़ में चढ़ाएं दूध

शास्त्रों में पीपल के पेड़ को मोक्षदायिनी माना गया है। ऐसा कहा जाता है कि पीपल के पेड़ में दूध चढ़ाने से व्यक्ति को सभी परेशानियों से छुटकारा मिल जाता है। अमावस्या के दिन दूध चढ़ाने से व्यक्ति को मनचाहे फलों की प्राप्ति हो सकती है। आपको बता दें, पीपल के पेड़ में सभी देवी-देवताओं का वास होता है और इस दिन पीपल के पेड़ में दूध अर्पित करने से व्यक्ति को ग्रहदोष से छुटकारा मिल जाता है और जीवन में आने वाली सभी समस्याएं भी दूर हो जाती है।

पीपल के पेड़ में चढ़ाएं तिल

पीपल के पेड़ में तिल चढ़ाने से व्यक्ति को शनिदोष से छुटकारा मिल जाता है। पीपल के पेड़ में तिल चढ़ाने से सभी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। साथ ही व्यक्ति को बैकुंठ की भी प्राप्ति होती है। आपको बता दें, तिल का संबंध पितरों से माना जाता है। इसलिए, पीपल के पेड़ में तिल चढ़ाने से पितृ दोष दूर होता है और पितरों का आशीर्वाद मिलता है। पीपल के पेड़ में तिल चढ़ाने से घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

पीपल के पेड़ में चढ़ाएं गुड़

पीपल के पेड़ में गुड़ चढ़ाना का भी विधान है। ऐसा कहा जाता है कि अगर आपको बार-बार किसी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, तो इससे अशुभ प्रभाव कम हो सकते हैं। शास्त्रों के अनुसार, शनिवार के दिन पीपल के पेड़ में गुड़ चढ़ाने से शनि दोष का प्रभाव कम होता है। शनि दोष के कारण व्यक्ति को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गुड़ चढ़ाने से शनि देव प्रसन्न होते हैं और व्यक्ति को अपने आशीर्वाद देते हैं। साथ ही मनचाहे परिणाम भी मिलते हैं।

पौष माह में भगवान विष्णु को पीला नहीं, लाल चंदन ही क्यों लगाते हैं?

पौष माह भगवान विष्णु को समर्पित है। पौष माह में भगवान विष्णु की पूजा का विधान है। ऐसा माना जाता है कि पौष माह में श्री हरि नारायण की आराधना करने से व्यक्ति के दुख दूर हो जाते हैं और भगवान विष्णु का सानिध्य प्राप्त होता है। वहीं, शास्त्रों में यह भी वर्णित है कि पौष माह के दौरान भगवान विष्णु का श्रृंगार करना भी शुभ होता है। हालांकि, यह भी उल्लेखित है कि पौष माह में भगवान विष्णु को पीला नहीं बल्कि लाल चंदन लगाना चाहिए। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं कि क्यों पौष माह में लगाया जाता है श्री हरि विष्णु को लाल चंदन।

पौष माह में भगवान विष्णु को लाल चंदन लगाने के लाभ

- पौष माह के दौरान भगवान विष्णु को लाल चंदन लगाने से सूर्य की कुंडली में स्थिति मजबूत होती है। सूर्य ग्रह के मजबूत होने से भाग्य का साथ मिलने लगता है। सौभाग्य में वृद्धि होती है और सफलता प्राप्ति में आ रही बाधाएं भी दूर हो जाती हैं। तरक्की के मार्ग खुलने लगते हैं।
- पौष माह में भगवान विष्णु को लाल चंदन लगाने से मंगल ग्रह की शुभता भी मिलती है। ऐसा इसलिए क्योंकि लाल रंग मंगल का प्रतीक माना जाता है। मंगल ग्रह के शुभ प्रभाव से मांगलिक कार्य, विशेष रूप से विवाह में आ रही बाधाएं या फिर वैवाहिक जीवन के दुख दूर होते हैं।
- पौष माह में भगवान विष्णु को लाल चंदन लगाना इसलिए भी शुभ माना जाता है क्योंकि इससे उन्हें अत्यधिक प्रसन्नता होती है। असल में लाल रंग मां लक्ष्मी का प्रिय है। मां लक्ष्मी का वास जहां होता है वहीं श्री हरि विराजते हैं। लाल चंदन विष्णु जी को लगाने से मां लक्ष्मी का वास बना रहता है।
- पौष माह में लाल चंदन भगवान विष्णु को लगाने से पितृ भी प्रसन्न होते हैं और उनका क्रोध शांत हो जाता है। भगवान विष्णु को पितरों का देवता माना गया है। ऐसे में पौष माह के दौरान लाल चंदन भगवान विष्णु को लगाने से पितृ दोष से भी राहत मिलती है और शुभ कार्य सफल होते हैं।



सोमवती अमावस्या के दिन क्या दान करना चाहिए?

पौष माह की अमावस्या यानी कि साल की आखिरी अमावस्या 30 दिसंबर, दिन सोमवार को पड़ने जा रही है। जहां एक ओर सोमवती अमावस्या के दिन पवित्र नदी में स्नान का विशेष स्थान मौजूद है तो वहीं, दूसरी ओर इस दिन दान करना भी बहुत हितकारी माना जाता है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य ने बताया कि सोमवती अमावस्या के दिन कौन सी चीजों का दान करना चाहिए और क्या हैं उससे मिलने वाले लाभ।

सोमवती अमावस्या के दिन करें तिल का दान

तिल का संबंध शनि देव से माना जाता है। इसके अलावा, तिल का नाता पितरों से भी है। ऐसे में सोमवती अमावस्या के दिन तिल का दान करने से न सिर्फ शनि देव प्रसन्न होते हैं बल्कि पितरों का आशीर्वाद भी मिलता है और घर में सुख-समृद्धि आती है।

सोमवती अमावस्या के दिन करें वस्त्र का दान

सोमवती अमावस्या के दिन काले वस्त्रों का दान करना बहुत शुभ माना जाता है। काले वस्त्रों का दान करने से घर या घर के सदस्यों को लगी बुरी नजर उतर जाती है। इसके अलावा, काले वस्त्रों का सोमवती अमावस्या के दिन दान करने से राहु मजबूत होता है।

सोमवती अमावस्या के दिन करें गुड़ का दान

सोमवती अमावस्य के दिन गुड़ का दान करने से पारिवारिक क्लेश दूर होता है। अगर परिवार के सदस्यों के बीच किसी भी प्रकार का मतभेद है तो वह नष्ट हो जाता है और आपसी तालमेल, प्यार और विश्वास बढ़ता है। पारिवारिक शांति स्थापित होती है।

सोमवती अमावस्या के दिन करें जूते का दान

सोमवती अमावस्या के दिन जूतों का दान करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि जूतों का दान करने से घर में पसरी हुई धन की कमी दूर हो जाती है। इसके अलावा, घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा भी नष्ट होने लगती है और सकारात्मकता बढ़ती है।

माघ मास में किए जाते हैं कौन से 10 पुण्य के काम

माघ मास को बहुत ही पवित्र माह माना जाता है। इस माह के प्रारंभ होते ही मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं और इस माह में सूर्य उत्तरायण रहता है। अतः माघ माह में दान, पुण्य आदि के कार्य किए जाने से सभी तरह के संकट मिटकर व्यक्ति सुख और समृद्धि पाता है। आओ जानते हैं कि माघमास में कौनसे 10 पुण्य के काम किए जाते हैं।

- **माघ स्नान**
  इस मास में शीतल जल के भीतर डुबकी लगाने वाले मनुष्य पापमुक्त हो जाते हैं। संगम नहीं तो गंगा, गोदावरी, कावेरी, नर्मदा, कृष्णा, क्षिप्रा, सिंधु, सरस्वती, ब्रह्मपुत्र आदि पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए।
- **दान**
  माघ माह में कंबल, वस्त्र, तिल, अन्न, घी, नमक, गुड़, पांच तरह के अनाज, गाय आदि का दान करने से हजार गुना पुण्य की प्राप्ति होती है।
- **तिल का महत्व**
  माघ कृष्ण द्वादशी को यम ने तिलों का निर्माण किया और दशरथ ने उन्हें पृथ्वी पर लाकर खेतों में बोया था। अतएव मनुष्यों को उस दिन उपवास रखकर तिलों का दान कर तिलों को ही खाना चाहिए।
- **व्रत**
  माघ महीने की शुक्ल पंचमी से वसंत ऋतु का आरंभ होता है और तिल चतुर्थी, रथसप्तमी, भीष्माष्टमी आदि व्रत प्रारंभ होते हैं। माघ शुक्ल चतुर्थी को उमा चतुर्थी कहा जाता है। शुक्ल सप्तमी को व्रत का अनुष्ठान होता है। उक्त दिनों में व्रत रखने से सभी तरह के संकट दूर होकर पुण्य की प्राप्ति होती रहै।
- **विष्णु पूजा**
  माघ माह में श्रीहरि भगवान विष्णु की माता लक्ष्मी के साथ पूजा करना चाहिए। इससे घर में सुख, शांति, धन और समृद्धि बनी रहती है। उपरोक्त बताए गए व्रतों में भगवान विष्णु की पूजा होती है।
- **कल्पवास**
  माघ माह में कल्पवास का बहुत महत्व है। नदी के तट पर साधुओं के साथ कुटिया बनाकर कुछ विशेष दिनों तक रहने को कल्पवास कहते हैं। इससे सांसारिक और आध्यात्मिक उन्नति होती है।
- **सत्संग**
  इस माह में संतों के साथ सत्संग करने और धर्म, कर्म की बातों को ग्रहण करने के बहुत महत्व होता है। इससे मन निर्मल होकर पुण्य की प्राप्ति होती है। सत्संग से धर्म का ज्ञान प्राप्त होता है। धर्म के ज्ञान से जीवन की बाधाओं से मुकाबला करने का समाधान मिलता है।
- **स्वाध्याय**
  स्वाध्यय के दो अर्थ है। पहला स्वयं का अध्ययन करना और दूसरा धर्मग्रंथों का अध्ययन करना। आप स्वयं के ज्ञान, कर्म और व्यवहार की समीक्षा करते हुए पढ़ें, वह सब कुछ जिससे आपके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता हो साथ ही आपको इससे खुशी भी मिलती हो।
- **दीपदान**
  माघ पूर्णिमा या किसी विशेष दिन पर नदी तट पर या नदी में दीपदान करने को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इससे देवी और देवता प्रसन्न होते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है।
- **तर्पण**
  माघ माह में अमास्या और पूर्णिमा के दिन पितरों के निमित्त तर्पण करना चाहिए क्योंकि इस पवित्र माह में पितरों को मुक्ति मिलती है। यह पुण्य का सबसे बड़ा कार्य है।

माघ माह के प्रारंभ होते ही मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं और इस माह में सूर्य उत्तरायण रहता है। अतः माघ माह में दान, पुण्य आदि के कार्य किए जाने से सभी तरह के संकट मिटकर व्यक्ति सुख और समृद्धि पाता है।

टेलीग्राम टास्क बना साइबर ठगी का सबसे बड़ा जरिया, महिला से की लाखो की ठगी

आज का मुद्दा-हापुड़। टेलीग्राम टास्क साइबर ठगी का सबसे बड़ा जरिया बन गया है। लालच औरज्यादा मुनाफे के चक्कर में फंसकर पढ़े लिखे लोग लाखों रुपये गंवा रहे हैं।शातिर ठग टेलीग्राम के जरिए लोगों से संपर्क करते हैं।इसके बाद लिंक शेयरकर ज्यादा लाइक और शेयर करने का टास्क देते हैं। बदले में कुछ कमाई भी करवाते हैं और आपके बैंक खातों में ट्रांसफर भीकरते हैं। बस यहीं से आपका लालच आपको उनके जाल में फंसा देता है।पहले आपकोवीडियो लाइक और शेयर करने का भुगतान किया जाता है। भरोसा जीतने के बाद आपसेनिवेश कराकर कुछ टास्क दिया जाता है। आपकी रकम भी बढ़ती हुई दिखाएंगे औरबाद में झांसे में लाकर आपके खाते से सारी रकम उड़ा दी जाती है।ऐसे हीं एकमामला जनपद हापुड़ सें सामने आया हैं जहाँ एक युवती के साथ ठगी की वारदात कोअंजाम दिया गया हैं। पीड़िता नें गरिमा नें बताया कि 16 नवंबर की शाम मेरे फोन पर एक नम्बर सेफोन आया था। आरोपी नें पैसे कमाने के लिए फिर उस आदम ने मेरे को किसी औरनम्बर से व्हटसेप से एक लिंक भेजा।जो कि टेलीग्राम का लिंक था।फिर मेनेटेलीग्राम के लिंक पर किल्क किया। तों उसके बाद टेलीग्राम ग्रुप में जुड़गई जिसमे पहले से ही 800-900 लोग जुड़े हुए थे उसमे वो काम टास्क बताते और लिंक पर किल्क करने और 5 स्टार दोफिर उसका स्क्रीन शॉट लो अपनी रिसेप्शनिस्ट को भेजे। ऐसे 4-5 टास्क आये जिसके लिए कभी 100 रुपए तो कभी 50 रुपए उन्होने दिएफिर उसके बाद डेटा टास्क आया जिसमे पहले पैसे देने होते और पैसे डबल होजाते हैं।एक या दो टास्क 1000 रुपए और 3000 हजार के थे। जिसके बाद 1200 रुपए और 4200 रुपए वापस आते। ऐसे करके मेरा भरोसा बन गया उसके बाद उन्होने 7000 रुपए के लिए बोलाजिसमे लगभग 15000/- बनते हैं तो मैने 7000 रुपए दे दिए पर मेरा टास्कउन्होने गलत बता दिया और कहा तुम्हारा पैसा फ्रिज हो गया उनकी एक ऐप थी औरशायद वो अब भी चल रही हो। ये लोग डेटा टास्क में 4-5 लोगों को जोडते और वोलोग उनको पैसे भेजते है दिखाते हैं ग्रुप में सारा विवरण अपने खाते जो मुझेभरोसे लायक लगा। अब मैंने गलती की थी तो उसके लिए सभी को और टास्क करने थे। और पैसे पहलेदेने थे बाकी लोगो ने दे भी दिए फिर मैंने भी 29600 रुपए दिए फिर टास्ककिया फिर ऐसे कर कर के 78320 रुपए, 109650 रुपए 50 हजार रुपए दिए। सारेरुपए मिला के मैंने 2,74,720/- रुपए उनको दे दिए जोकि उनके अनुसारप्रोफिट मिलाकर 4.192 हुए फिर उन्होने कस्टमर केयर का लिंक दिया पैसेनिकालने के लिए जो कि ठीक से बता ही नहीं रहा था।उनकी ऐप से पैसे कैसे कैसेनिकाले मैं बस 4000 ही निकाल पाई।उन्होने कहा मैंने गलती कर दी है। आगे कीरकम निकालने में मेरा पैसा फ्रिज कर दिया गया। उन्होने फिर से मैंने उनसे कहा अब क्या करना होगा तो उन्होने और पैसेडालने के लिए कहा ऐसा एक या दो ओर लोगो के साथ हुआ उन्होने पैसे ओर डाले औरसारे पैसे वापस आ गए मैंने भी फिर 109650 ऐसे करके अलग- अलग खाते में पैसेडाले फिर जब सारे पैसे निकालने का नम्बर आया तो फ्रिज की जगह इस बारेरपुटेशन पन्ट 100 से 60 कम हो गया। पैसे निकालने के लिए 100 होने चाहिए परमेरे 60 रह गए। जोकि मुझे पता नहीं कैसे कम हो गया।मैंने उनसे बहुतगुजारिस करी पैसे मेरे वापस देने के लिए पर नहीं किए तों आरोपियों नें कहाकि 7,80,000 देने होगे रेपुटेशन पैनल्टी 60 से 100 हो जाएगी।फिर सारे पैसेएक साथ वापस मिल जाएंगे पर फिर मैंने धोखाधड़ी होने के चलते उन्हें पैसेनहीं दिए। इस सबंध में पिलखुवा सीओ अनीता चौहान का कहना हैं कि, पीड़िता की तहरीरपर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं। साइबर थाना प्रभारी कोमामले की जाँच सौपी गई हैं। जल्द हीं जाँच कर पीड़ता की रकम कोवापस कराया जाएगा।

बेकाबू कार की चपेट में आकर दो लोगो की मौत के मामले में दो गिरफ्तार

हापुड़। पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में बेकाबू कार की चपेट में आकर दो लोगों कीमौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने कार के चालक और उसके एक साथी कोगिरफ्तार कर लिया है। बीते बृहस्पतिवार को एक कार हापुड़ से गाजियाबाद की तरफ जा रही थी नेशनल हाईवे-नौ पर स्थित चंडी मंदिर के पास कार चालक ने एक कार को जोरदारटक्कर मार दी थी। जिससे कार चालक घबरा गया और यू-टर्न लेकर भागने लगा। तभीकार सवार ने बाइक सवार राहुल सैनी और पैदल जा रहे जॉनी को रौंद दिया था। एकयुवक कार के बोनट में फंस गया था। कार का चालक करीब दौ सौ मीटर तक उसेघसीटता हुआ ले गया। हादसे को अंजाम देने के बाद आरोपी कार चालक मौके सेफरार हो गया था। इस हादसे की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया था। इस मामले में पिलखुवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रघुराज सिंह ने बताया किरविवार को पुलिस टीम संदिग्धों की तलाश में गश्त कर रही थी। तभी सूचनामिली कि पिलखुवा में हादसे को अंजाम देने वाले आरोपी कहीं फरार होने कीफिराक में हैं। जिस पर पुलिस टीम ने मोनार्ड यूनिवर्सिटी के पास स्थितरेलवे फाटक पर जाल बिछा दिया। जहां से जिला गाजियाबाद के थाना मसूरी केगांव निडौरी निवासी तसव्वर और मेहताब को गिरफ्तार किया गया है। घटना केवक्त तसव्वर कार को चला रहा था।

सौलर प्लेट चोरी की घटना का खुलासा, 03 शातिर गिरफ्तार

आज का मुद्दा-हापुड़। थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने सोलर चोरी की घटना का खुलासाकरते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार हापुड़ पुलिसद्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारीहेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने जंगल ग्रामलुहारी से सौलर प्लेट चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन शातिरअभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से चोरी की 02 सौलर प्लेट, 11 सौ रुपए नकद व घटना में प्रयुक्त कार व अवैध तमंचा व कारतूस,दो चाकूबरामद किए है। आरोपी दयाराम गांव शहबागपुर डोर थाना गजरौला अमरोहा,कावेंद्र गांव रामपुर तगा थाना धनौरा अमरोहा,हरप्रसाद गांव खुगांवली थानागजरौला अमरोहा है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेसियो ने शोक सभा की आयोजित

आज का मुद्दाहापुड़। पूर्व प्रधानमंत्री डाक्ट मनमोहन सिंह के निधन पर रविवार को शहरकांग्रेसजनों ने स्वर्ग आश्रम रोड स्थित टैगोर शिक्षा सदन में एक शोक सभाका आयोजन किया। पूर्व विधायक गजराज सिंह, शहर कांग्रेस अभिषेक गोयल नेपूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के चित्र पर अपनी पुष्पांजलि अर्पितकी और 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें याद किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने कहा कि डॉक्टर मनोहर सिंह ने देशमें मनरेगा, आधार कार्ड जैसी विभिन्न योजनाओं का लाभ आम जनता को पहुंचानेका काम किया। जिसकी आज पूरा देश ही नहीं बल्कि पूरा विश्व भी प्रशंसा करताहै। पूर्व विधायक गजराज सिंह ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह बेहद हीप्रतिभाशाली व्यक्तित्व और सादगी की मिसाल थे। उन्होंने अपने जीवन को सादगीऔर साधारण तरीके से रहना पसंद किया। डॉक्टर साहब ने प्रधानमंत्री रहते हुएदेश के लिए सदा खामोशी से काम किया। उन्होंने अपने किए कार्यों का कभी देशभर में बखान नहीं किया। देश के लिए डॉक्टर मनमोहन सिंह के कार्यों का योगदान सदैव अतुलनीयरहेगा। पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह जबदेश के प्रधानमंत्री रहे और देश आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। तब ऐसे मेंदेश को आर्थिक तंगी से बाहर निकालकर डॉक्टर साहब ने देश को विश्व में तीसरेस्थान पर पहुंचाया। बहुत कम लोग जानते हैं कि डॉक्टर साहब का जन्मपाकिस्तान के एक छोटे से कस्बे में हुआ था। इसके बावजूद भी उन्होंने भारत देश को विश्व पटल पर सर्वोच्च स्थानदिलाने में कभी कोई कसर नहीं छोड़ी। डॉक्टर साहब के कार्यों की प्रशंसातत्कालीन अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने की। वरिष्ठ कांग्रेसी नेतानवरत्न त्यागी ने कहा कि मनमोहन सिंह शुरू से ही पढ़ाई में बहुतप्रतिभाशाली थे और जिस कॉलेज में उन्होंने पढ़ाई की, बाद में उसी कॉलेज केप्रोफेसर भी बने। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में वरिष्ठ कांग्रेसी राकेश त्यागी, खेमसिंह सहारा, भोजराज शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, डॉक्टर वीसी शर्मा, मदन सिंहचौहान, रामप्रसाद जाटव, आईसी शर्मा, मनोज शर्मा, रघुवर गौतम, जकरिया मनसबी, सविता गौतम, मदन शर्मा, गौरव गर्ग, जितेंद्र अग्रवाल, विक्की शर्मा, सावनचौधरी, अंकित, जावेद चौधरी, परवेज, भरतलाल शर्मा, यशपाल सिंह, निसार पठान, आस मोहम्मद, अशोक, अतिकूर रहमान, सुशील शर्मा, रविन्द्र गुर्जर, मुकीम खान, सुखपाल गौतम, संजय शर्मा, सचिन कुमार, देवेन्द्र कुमार, यश कुमार, सरफराज, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

हापुड़ आर्किटेक्ट एसोसिएशन ने मनाई दूसरी वर्षगांठ

आज का मुद्दा-हापुड़। हापुड़ आर्किटेक्ट एसोसिएशन ने रविवार को अपनी दूसरी वर्षगांठ मनाईजिसमे यू पी आर्किटेक्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष आर्किटेक्ट अंकित अग्रवाल वसचिव आर्किटेक्ट अक्षत गर्ग की सहभागिता रही। साथ ही मेरठ आर्किटेक्टएसोसिएशन के अध्यक्ष आर्किटेक्ट चिराग गुप्ता, आर्किटेक्ट जीतेन्द्र शर्मा, आर्किटेक्ट आशुतोष शर्मा, आर्किटेक्ट पूजा सारस्वत (अध्यक्ष आर्किटेक्ट एसोसिएशन गजिआबाद), आर्किटेक्ट हिमांशु, आर्किटेक्ट बासु, आर्किटेक्ट मयूरगुप्ता, आर्किटेक्ट सचिन सारस्वत उपस्थित रहे। हापुड़ आर्किटेक्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष आर्किटेक्ट कुमार अभिषेक नेसभी का स्वागत किया। इस मौके पर हापुड़ आर्किटेक्ट एसोसिएशन के सचिवआर्किटेक्ट जतिन गोयल, आर्किटेक्ट प्रियंका कंसल, आर्किटेक्ट मोहम्मद आसिफ, आर्किटेक्ट शुभांक जिंदल, आर्किटेक्ट मोहम्मद दानिश, आर्किटेक्ट भव्यसैनी, आर्किटेक्ट तमन्ना त्यागी, आर्किटेक्ट ऋषभ गुप्ता, आर्किटेक्ट आबिदअली आदि उपस्थित रहे। कजारिया केरोवित के डी जी म धीरज चावला ने अपनेप्रोडक्ट्स की जानकारी दी। कजारिया केरोवित की तरफ से मनीष गुप्ता, अदनानरिजवी , गौरव सिंह आदि उपस्थित रहे।

चोरो ने बंद मकान को बनाया निशाना, नकदी सहित लाखो रुपए के आभूषण किए साफ

आज का मुद्दा-हापुड़। पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला साकेत में देर रात चोरों ने बंदमकान को अपना निशाना बनाया।चोरों नें मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए कीनकदी सहित लाखों रुपए के आभूषण साफ कर दिए। चोरी की घटना पर पहुंची पुलिसमामले की जाँच में जुट गईं हैं। जानकारी के अनुसार जिस वक़्त चोर घर का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम देंरहें थें उस वक़्त पूरा परिवार खाटू श्याम के दर्शन करने के लिए गया था।पीड़ित ने तहरीर देते हुए बताया कि वह मोहल्ला साकेत में रहता है और मसूरीस्थित कोका कोला कंपनी में मैनेजर है।वही उनकी पत्नी रीना गांव डूहरी मेंस्कूल संचालिका है। उनके दो बच्चें भी है। शनिवार की शाम वह अपने परिवार के साथ खाटू श्याम दर्शन करने के लिए गयाथा। तभी चोरों ने मौके का फायदा उठाकर मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये कीनकदी, सोने चांदी के आभूषण और दो एलईडी चोरी कर ले गए। सुबह के समय पड़ोसमें रहने वाले भाई पंकज ने गेट खुला देखा तो पीड़ित को वारदात की जानकारीदी थी।सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस मामले में जांच में जुट गई है। मौकेपर काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए थे। इस सबंध पिलखुवा सीओ अनीता चौहान का कहना हैं कि पीड़ित की तहरीर केआधार पर पुलिस जांच में जुट गई है। आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ हीसीसीटीवी से चोरों की तलाश की जा रही है।जल्द हीं चोरी की घटना का खुलासाकिया जाएगा।

भाकियू मांसिक पंचायत का आयोजन, गन्ना मिलो पर बकाया भुगतान को लेकर उठा अहम मुद्दा

आज का मुद्दा-हापुड़। भारतीय किसान यूनियन बाबा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहसिनउर्फ बबलू ने राष्ट्रीय कार्यालय पर एक मासिक पंचायत का आयोजन किया जिसमेंकिसानों से संबंधित अनेक समस्याओं का मुद्दा उठाया। इस मुद्दे में सबसे अहमबात गन्ना मिलों पर भुगतान के बकायों को लेकर के हुई व भारतीय किसानयूनियन बाबा के यूथ विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान वाहिद द्वारा समस्तकार्यकारिणी को आदेश दिया गया है। अगर जल्द से जल्द मिलों द्वारा गन्ने काभुगतान नहीं किया जाता है तो भारतीय किसान यूनियन बाबा प्रत्येक मिल परअनिश्चितकालीन धरना देगी। इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी व भारतीयकिसान यूनियन बाबा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहसिन उर्फ. बबलू द्वारा पिछले 36 दिनों से अनशन पर बैठे संयुक्त किसान मोर्चा से सरदार डंडेवाल केस्वास्थ्य को लेकर चिंता जताते हुए प्रत्येक कार्यकारिणी को आदेश दिया गयाहै कि वह अपने-अपने जिलों में उनकी सलामती के लिए अपने-अपने कार्यालय परप्रार्थना व यज्ञ कराए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नितिन जाटव, तरुण गोयल,खालिद अमी चंद, अंशुमन त्यागी, महेश रहीसू, कुर्बान नदी, सोनू, हरीश आदिकार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वन विभाग ने किया रास्ता बंद ग्राम प्रधान ने एसडीएम को खुलवाने को दिया प्रार्थना पत्र

आज का मुद्दा (अमित कुमार) रामघाट :- रामघाट श्मशान घाट की रास्ता वन विभाग द्वारा बंद किए जाने पर ग्राम प्रधान पति लक्ष्मण शर्मा ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर रास्ता खुलवाने की मांग की है। आपको बता दें रामघाट गंगा घाट पर श्मशान घाट को जाने के लिए सीधे मार्ग से रामघाट के लोग अर्थी को लेकर शमशान घाट पर नहीं जाने देते हैं। इधर जो बाईपास बना हुआ था शमशान घाट जाने के लिए उस रास्ते को वन विभाग के अधिकारियों ने बंद करा दिया है जिसके कारण श्मशान घाट को अर्थी ले जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इस गंभीर समस्या को ध्यान रखते हुए रामघाट तथा क्षेत्र के लोगों में तनाव की स्थिति बनी हुई है रामघाट ग्राम प्रधान पति लक्ष्मण शर्मा ने उप जिलाधिकारी कमलेश कुमार गोयल डिबाई को प्रार्थना पत्र देकर श्मशान घाट को जाने वाली रास्ता को खुलवाने की मांग की है।

गंदगी को लेकर ग्रामीणों का जोरदार प्रदर्शन

आज का मुद्दा (अमित कुमार) नरसेना :- विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र के गांव भड़कँऊ में जगह-जगह फैली गंदगी और सफाई न होने के चलते नालियां अटी पड़ी हुई है। शिकायत करने के बाद भी ब्लॉक के अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने रविवार को प्रदर्शन किया । क्षेत्र के गांव भड़कँऊ निवासी नासिर कुरेशी, कलुआ कुरेशी, शकील कुरेशी, इकबाल कुरेशी व विजेंद्र सिंह ने बताया कि गांव में गंदे पानी की निकासी के लिए बनाई गई नालियों की सफाई नही होनी चलते नालियां अटी पड़ी है। जगह-जगह लगे गंदगी के देर और नालियों के अटी होने के चलते ग्रामीणों को गंदगी बदबू के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आबादी के बीचो कूड़ी, पन्नी, गोबर आदि से बदबू उठती रहती है। जिसके करण आसपास के लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है। नालियां अटी होने से गांव का गंदा पानी सड़कों पर आ जाता है। जिसके चलते लोगों का रास्ते से निकलना मुश्किल हो रहा है। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने ब्लाक अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया है।

अग्रवाल सभा के चुनावों की शुरूआत

पंचकूला : (राजकुमार) अग्रवाल सभा रजि. पंचकूला की आम बैठक अग्रवाल भवन सेक्टर 16 में हुई। बैठक में लगभग 225 सदस्यों ने भाग लिया। संयोजक अमित जिंदल ने अग्रवाल सभा के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए अग्रवाल भवन में हो रहे रुटीन कार्यों एवं पिछले वर्षों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। इसके पश्चात सभा के चुनाव की हरियाणा रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन एक्ट 2012 के अंतर्गत प्रावधान का विस्तृत जानकारी दी गई। विभिन्न वक्ताओं ने अग्रवाल सभा के विकास कार्यों एवं अग्रवाल भवन जैसे फिजियोथेरेपी सेंटर का नवीनीकरण, जरुरतमंद बच्चों के लिए कंपयूटर कक्षाएं, पंचकूला का सबसे सुंदर कांफ्रेंस हाल, लिफ्ट लगवाना, कमरों का नवीनीकरण एवं अन्य कार्यों के प्रति संतोष जताया। सदस्यों ने अग्रवाल सभा द्वारा मनाई गई चार जयंतियों का विशेष उल्लेख किया और आयोजकों को जयंती को पूरे देश में मिसाल के तौर पर पेश करने पर बधाई दी।

सदस्य एवं गुरु मातेराम गोयल ने एक प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि अग्रवाल सभा की बैठकों में उपस्थिति कम रही है और प्रयासों के बावजूद भी एक्ट के बाद भी कोरम पूरा नहीं हो पाता। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि आज बैठक में जो अग्रवाल सभा सदस्य जो उपस्थित हैं, उनको कालेजियम का सदस्य बना दिया जाए। इस प्रस्ताव का सीएच गोयल, सत्य कुमार गुप्ता, लख्मी गर्ग, बृजलाल गर्ग, मेघराज गर्ग, सतप्रकाश बंसल, शाम लाल बंसल, प्रदीप गर्ग सहित अन्य ने अनुमोदन किया। वहां उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित कर दिया। संयोजक अमित जिंदल ने बताया कि गुरु मातेराम द्वारा रखे गए प्रस्ताव को सभा के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पास किया गया। सदस्यों ने कालेजियम का चुनाव संपन्न होने पर अमित जिंदल एवं अन्य सदस्यों का आभार व्यक्त किया। चुने गए कालेजियम के सदस्यों की जल्द ही बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें नई कार्यकारणी का चुनाव किया जाएगा।

उपेड़ा में बिजली घर पर तैनात जेई हुए निलंबित

हापुड़। जनपद हापुड़ के उपेड़ा बिजली घर के अवर अभियंता प्रमोद कुमार के खिलाफभी निलंबन की कार्रवाई की गई है। लगातार खराब प्रदर्शन रहने पर यह कार्रवाईहुई है। ओटीएस योजना में कम राजस्व वसूली और बिजली बिल जमा न करने वालेउपभोक्ताओं से वसूली न करने पर यह कार्रवाई की गई है। इससे पहले शुक्रवारको गढ़ डिवीजन के अधिशासी अभियंता आनंद गौतम को भी निलंबित किया गया था। ओटीएस योजना के तहत ऊर्जा निगम ने जनपद हापुड़ को 40 सर्कल में बांटा हैजिसमें सबसे कम उपेड़ा बिजली घर ने वसूली की है। सबसे निचले पायदान परउपेड़ा बिजली घर आया है जबकि अवर अभियंता करीब चार साल से यहां तैनात थे।इसके बावजूद भी करोड़ों रुपए का बकाया उपभोक्ताओं पर बकाया है। खराबप्रदर्शन के चलते यह कार्रवाई की गई है।

एनआईयूएम के नवनियुक्त निदेशक के सम्मान में एएमयू में विशेष समारोह आयोजित

अलीगढ़ : नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ यूनानी मेडिसिन (एनआईयूएम), बैंगलोर के नव नियुक्त निदेशक प्रोफेसर डॉ. सैय्यद शाह आलम के सम्मान में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अजमल खान तिब्बिया कॉलेज में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया।

अपने स्वागत भाषण में, अजमल खान तिब्बिया कॉलेज के प्रिंसिपल और मोआलेजात विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर बदरुद्दुजा खान ने प्रोफेसर शाह आलम की उल्लेखनीय यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रो. आलम ने अपनी स्नातक और एम.एस. (जर्राहत) की पढ़ाई एएमयू से पूरी की और अजमल खान तिब्बिया कॉलेज से डिग्री हासिल करने के बाद वह उत्तर प्रदेश सरकार में सलाहकार (यूनानी) और निदेशक (यूनानी) सहित प्रमुख सरकारी पदों पर रहे हैं।

प्रोफेसर खान ने ओएसडी के रूप में गाजियाबाद में एनआईयूएम सेटअप स्थापित करने और चिकित्सा अधीक्षक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान एनआईयूएम बैंगलोर में अस्पताल के लिए एनएबीएच मान्यता हासिल करने में प्रोफेसर आलम के प्रयासों की सराहना की।

सरकार ने अनाज एमएसपी खरीद गारन्टी देने का व्यादा किया था- बजरंग गर्ग

चंडीगढ- अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने व्यापारी व किसानों से बातचीत करने के उपरांत कहा कि केंद्र व पंजाब सरकार को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की स्वास्थ्य का पुरा ध्यान रखना चाहिए जबकि डल्लेवाल अपनी मांगों को मनवाने के लिए 34 दिन से आमरण अनशन पर बैठे है। बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार ने अनाज एमएसपी खरीद गारन्टी देने का व्यादा किया था। केंद्र सरकार बार-बार अनाज की खरीद एमएसपी पर खरीद करने का दावा कर रही है तो ऐसे में केंद्र सरकार को एमएसपी गारन्टी देने में क्या दिक्कत है। पंजाब से हरियाणा आने वाले सारे रास्ते बंद होने से हरियाणा के व्यापार में बड़ा भारी नुकसान हो रहा है। पंजाब के लगते सभी जिले में लगभग 50 प्रतिशत व्यापार प्रभावित हुआ है। किसान देश व प्रदेश में अनाज एमएसपी पर खरीद करने के लिए काफी समय से अंदोलन कर रहा है। पिछ्ले किसान अंदोलन में लगभग 750 किसानों ने अपनी जान की कुर्बानी देकर चुके है। सरकार किसान व आढ़तियों की पुरी तरह अनदेखी कर रही है। इस सरकार में ना तो किसानों की पुरी फसल एसएसपी पर खरीद हो रही है ना ही आढ़तियों को अनाज खरीद पर 2.5 प्रतिशत पुरी दामी मिल रही है। सरकार ने काफी अनाजों पर से तो आढ़तियों की दामी खत्म करके मंडी बंद करने पर तुली हुई है, जो सरासर गलत है। सरकार को अपने व्यादे के अनुसार किसान की फसल एमएसपी खरीद करने के साथ-साथ आढ़तियों को 2.5 प्रतिशत पुरा कमीशन देना चाहिए।

जिला रेवाड़ी पुलिस ने वर्ष 2024 में अपराधों पर अंकुश लगाने में हासिल की सफलता

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी श्री गौरव राजपुरोहित भा.पु.से. के कुशल मार्गदर्शन में कार्य करके हुए रेवाड़ी पुलिस ने क्राईम डिटेक्शन के मामले में बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। नशा तस्करी, अवैध हथियार, जुआ, अवैध शराब इत्यादि के कारोबारियों पर शिकंजा कसा गया। जिसके चलते अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में सफलता मिली, जिसकी वजह से वर्ष 2023 की तुलना में इस वर्ष 2024 में हत्या, मारपीट,पोस्को, छेड़छाड़, डकैती, स्नैचिंग,रंगदारी, अपहरण व वाहन चोरी इत्यादि के मामलों में कमी आई है। सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक थाने में नियुक्त ग्राम प्रहरियों द्वारा आपराधिक गतिविधियों (एनडीपीएस एक्ट, अवैध हथियार,अवैध शराब और जुआ) व अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियों का डाटा एकत्रित किया गया है। जिससे वर्तमान में अपराध पर अंकुश लगाने में कामयाबी मिली है। जुआ खेलने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया जाता है ताकि समाज सट्टे के चंगुल में आने से बच सके। वही नशा समाज को खोखला कर देता है इसलिए पुलिस लगातार

प्रयास करती है कि नशा तस्करी करने वाले आरोपियों की धर-पकड़ की जाए ताकि समाज को इस बुराई से बचाया जा सके।

पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी श्री गौरव राजपुरोहित के निर्देश पर रेवाड़ी पुलिस आपराधिक वारदातों में शामिल आरोपियों की धरपकड़ करने के लिए लगातार प्रयासरत है। अपराधी चाहे कितनी भी कोशिश करे परन्तु कानून के शिकंजे से बच नहीं सकते। नशा तस्करी पर नकेल कसने के लिए रेवाड़ी पुलिस की नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। करप्शन के मामले में जीरो टॉलरेंस की थीम पर कार्य करेंगे। जीरो टॉलरेंस फॉर करप्शन नीति में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में फीडबैक सेल स्थापित की गई है। जिससे शिकायतकर्ता से इसकी शिकायत के बारे में अपडेट लिया जाता है।

क्राइम डिटेक्शन- नशा तस्करी-

क्राइम डिटेक्शन के मामले में वर्ष 2024 मे रेवाड़ी पुलिस ने किया बेहतरीन प्रदर्शन, नशा तस्करों के खिलाफ जमकर प्रहार किया गया है जिसमें 66 मुकदमें दर्ज कर 96 आरोपियो को गिरफ्तार कर 6.867 किलो गांजा, 9.281 किलो सुल्फा, 89.547 ग्राम स्मैक, 282.11 ग्राम हीरोइन और 576 नशे के कैप्सूल बरामद किए गए है।

अवैध हथियार

इस वर्ष अवैध हथियार रखने वाले आरोपियों के खिलाफ 41 मुकदमे दर्ज कर 74 आरोपियों को गिरफ्तार कर, 26 देसी कट्टे, 23 पिस्टल, 02 रिवाल्वर, 76 कार्टेज और 9 चाकू इत्यादि 136 अवैध हथियार बरामद कर आरोपियों को जेल भेजा गया।

अवैध शराब-

रेवाड़ी पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले विभिन्न आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इस वर्ष 87 मुकदमे दर्ज कर 121 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनसे अवैध 6552.25 बोतल अंग्रेजी शराब, 7163.25 बोतल देसी शराब व 202 बोतल बीयर बरामद की गई है।

जुआ-

जुआ खेलने वाले आरोपियों के खिलाफ 26 मुकदमें दर्ज कर कार्रवाई करते हुए रेवाड़ी पुलिस ने इस वर्ष 55 जुआ खेलने वालों के आरोपियों के कब्जे से करीब 2 लाख 18 हजार 470 रुपए बरामद किए।

मोस्ट वांटेड

रेवाड़ी पुलिस ने 13 मोस्ट वांटेड आरोपियो को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। जिन पर 5 हजार से लेकर 01 लाख तक का इनाम घोषित था। जिसमें 01 लाख का 01, 25 हजार का 02 तथा 5 के 10 आरोपी शामिल है।

रेवाड़ी पुलिस ने वर्ष 2024 में 01 वाहन छीनने वाले गिरोह तथा 02 अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के 18 आरोपियों को गिरफ्तार कर 70 से अधिक मुकदमें सुलझाए।

रेवाड़ी पुलिस ने वर्ष 2024 में करीब 2 करोड़ 34 लाख 81 हजार 593 रुपये की कीमत की चोरी हुई 86 बाइक, 15 स्कूटी, 04 ट्रक व 07 कार सहित अन्य वाहनो को बरामद कर वारदातों को अंजाम देने वाले 137 आरोपियों पर शिकंजा कसा गया।

इसी प्रकार रेवाड़ी पुलिस ने वर्ष 2024 में गृहभेदन एवं चोरी के अन्य मामलों में 330 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनसे करीब 99 लाख रुपये की कीमत के चोरी के सामान को बरामद किया गया है।

भगोड़े/पी.ओ आरोपी-

रेवाड़ी पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में पीओ या बेल जंपर घोषित अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर 87 भगोड़े/पी.ओ के अलावा जमानत पर आने के बाद अदालत में हाजिर ना होने के 53 बेल जंपर आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

गुमशुदा की तलाश

रेवाड़ी पुलिस ने वर्ष -2024 में जिला रेवाड़ी में लापता हुए 722 लोगो को तलाश कर उनके परिवार से मिलाया, परिजनों के चेहरे पर लौटाई मुस्कान। जिसमें 170 नाबालिक लडके/लडकी व 552 महिला/पुरुष शामिल है। इनमें कुछ मानसिक रूप से बीमार, गृह क्लेश के कारण, घर से बिना बताए

मन की बात कार्यक्रम देशवासियों मे करता है नई ऊर्जा के संचार का काम-विधायक कबीरपंथी

करनाल। नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम हम सब के लिए प्रेरणा व नई ऊर्जा के संचार का काम करता है। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा रखा गया प्रत्येक पहलू हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। विधायक भगवानदास कबीरपंथी रविवार को नीलोखेड़ी के वार्ड न0-3 मे (बूथ 69) बिट्टू वासन के निवास पर मन की बात के 117 वें एपीसोड के प्रसारण कार्यक्रम उपरान्त उपस्थितजनों को सम्बोधित कर रहें थे। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याएं भी सुनी।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम देश को आगे बढ़ाने का काम करता है। करोड़ों देशवासी प्रत्येक माह इस कार्यक्रम के प्रसारण की प्रतीक्षा करते है और इसे सुनकर देश को आगे ले जाने के लिए

संकल्पित होते है। इस बार के कार्यक्रम में भी प्रधानमंत्री ने देश को नए साल में नई ऊर्जा के साथ कार्य करने का संदेश दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि आगामी 26 जनवरी को देश के संविधान लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहें है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है। उन्होंने 13 जनवरी से प्रयागराज में शुरू होने वाले महाकुंभ के लिए देशवासियों को शुभकामनाएं दी है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि महाकुम्भ विशालता और विविधता का प्रतीक है।

विधायक ने मौके पर उपस्थित सभी को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के प्रत्येक एपिसोड को सुनने की अपील की और इससे प्रेरणा लें जीवन को नई दिशा देने की बात कहीं। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष बलबीर मराठा, महामंत्री लवली कुकरेजा, जिला उपाध्यक्ष शिवनाथ कपूर, गौरव धमीजा, सतीश चोपड़ा, नरेश जाखड़, मलखान कलामपुर, पूर्व सरपंच कलामपुर राजकिशन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित कर रहा है मन की बात कार्यक्रम-भारत भूषण जुआल

करनाल। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के जरिए भारत के अरबों लोगों से जुड़ते हैं।राजनीति से अलग हटकर ये कार्यक्रम जनभावनाओं से प्रेरित होता है।

आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे देश में मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर पर सुना। इसी को लेकर आज कुंजपुरा मंडल के इंद्री विधानसभा के गांव मंगल पुर बूथ नंबर 204 व 205 में मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर पर सुना गया।

इस कार्यक्रम के संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष ईलम सिंह रहे एवं इस अवसर पर करनाल भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल विशेष तौर पर मौजूद रहे।

कार्यक्रम के उपरांत जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल ने कहा कि मोदी जी के इस मन की बात कार्यक्रम का उद्देश्य 125 करोड़ से ज्यादा भारतवासियों की सामूहिक चेतना को जागृत कर उनके अंदर की असीमित ऊर्जा को सुप्रवाहित कर उन्हें राष्ट्रनिर्माण के लिए प्रेरित करना है।

उन्होंने कहा कि यह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है ।यह देश को समर्पित एक सामाजिक कार्यक्रम है।इस कार्यक्रम में राजनीति से सम्बंधित विषय पर मोदी जी ने कभी कोई बात नहीं की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश के लोगों को प्रेरणा देने का काम कर रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने का काम हमारे देश के प्रधानमंत्री द्वारा किया जा रहा है । मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से हमें देश के कोने कोने से नये नये विषयों से सम्बंधित जानकारियां मिलती हैं।

इस कार्यक्रम के संयोजक ईलम सिंह ने कहा कि आज के मन की बात कार्यक्रम में मोदी जी द्वारा कुरुक्षेत्र का जिक्र किया गया जो की काफी अच्छा लगा जिससे मन प्रफुल्लित हुआ कि किस प्रकार कुरूक्षेत्र में मलेरिया की रोकथाम के लिए प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम विभिन्न प्रतिभाओं को आगे लाने

का काम कर रहा है इससे लोगों को प्रेरणा मिल रही है और देश विकसित भारत की और आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर पर जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल के अतिरिक्त जिला उपाध्यक्ष ईलम सिंह, जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार, शक्ति केंद्र प्रमुख नरेश पाल, बूथ अध्यक्ष सुधीर कुमार, राजेंद्र चौधरी प्रधान रंजीत एन्क्लेव एवं महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रियंका भारद्वाज,राम निवास पूर्व सरपंच,धन सिंह, मुकेश कश्यप,नरेश पाल, हैप्पी पाल,धर्म पाल सैनी,राजेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सरवंश दानी गुरुगोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व छह जनवरी को धूमधाम से मनेगा

करनाल। सिख पंथ के दशम गुरु तथा खलसा पंथ के संस्थापक सरवंश दानी श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर गुरुपर्व प्रबधंक कमेटी द्वारा पंथ प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह के मागर्दशन में चार जनवरी को नगरकीर्तन निकाला जाएगा। उसके बाद छह जनवरी को गुरमत समागम डेरा कारसेवा गुरुद्वारा में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंग बरता जाएगा। यह जानकारी देते हुए गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव जत्थेदा इंद्रपाल सिंह ने बताया कि पंथ सेवक वावा सुक्खा सिंह जी, कार सेवा बालों की देख-रेख में 6 जनवरी सोमवार को सुबह 9.30 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक सांय 6.00 से रात्रि 10.00 बजे तक डेरा कार सेवा, कलन्दरी गेट, करनाल म गुरमत समागम का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले डेरा कारसेवा तथा मंजी साहेब गुरुद्वारे से नगर कीर्तन 4 जनवरी शनिवार को सुबह 10 बजे शुर होगा। इसमें गतका पार्टी गुरु की पालकी साहेब पंच प्यारे कीर्तन जत्थे लोगों की आस्था का केंद्र बनेंगे। नगरकीर्तन गुरुद्वारा डेरा कार सेवा एवं गुरुद्वारा मंजी साहिब पातशाही पहली से सुबह 10 बजे आरम्भ होकर कर्ण गेट, कमेटी चौक,

सब्जी मण्डी चौक, कुंजपुरा रोड, हस्पताल चौक, सैक्टर 12, निर्मल कुटिया, गुरुद्वारा सैक्टर-7, गुरुद्वारा बाबा कश्मीरा सिंह जी सैक्टर-6 के पीछे, मेरठ रोड, महाराणा प्रताप चौक से होता हुआ गुरुद्वारा डेरा कार सेवा कलन्दरी गेट में समाप्त होगा। उसके बाद छह जनवरी को सुबह नौ बजे से गुरमत समागम होगा। इस अवसर पर रागी ढाडी जत्थे गुरु की महिमा का बखान करेंगे। पहुँच रहे रागी, ढाडी एवं प्रचारक जत्थेइस दौरान श्री दरबार साहिब, श्री अमृतसर साहिब से हजूरी रागी भाई मनदीप सिंह जी, रागी जत्था भाई गुरसेवक सिंह जी पटियाला वाले ढाडी जत्था भाई सुखजिन्दर सिंह जी नूर,भाई अमृतपाल सिंह जी (हैड ग्रंथी) गुरमंजी साहिब पहली, करनाल गुरु की महिमा का गान करेंगे। भाई दर्शन सिंह स्टेज सैक्ट्री की सेवा करेंग नित्तनेम एवं रहरासि साहिब जी के पाठ की सेवा भाई मंजूर सिंह एवं भाई गुरप्रीत सिंह करेंगे। इस अवसर पर अटूट लंगर बरता जाएगा। गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान वरिंदर सिंह महासचिव स. इंद्रपाल सिंह,हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य रतन सिंह, गुरपाल सिंह डोनी, हरप्रीत नरूला, तेजेंद्र सिंह डोनी ने संगतों प्रकाश उत्सव की खुशी में 6 जनवरी रात को अपने-अपने घरों एवं दुकानों पर दीपमाला करने तथा नगरकीर्तन और गुरमत समागम में भग लेने की अपील की हैं।

बुलंदियों पर ले जाएंगे-मनिंदर बब्बू

करनाल। मनिंदर बब्बू कैरोके क्लब द्वारा नए साल से पहले करनाल क्लब में रगारंग महफिल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इस क्लब की प्रमुख मनिंदर बब्बू ने कहा कि नए साल में एमबीके सी के माध्यम से संगीत की सेवा करेंगे। बुलंदियों पर ले जाने के लिए संगीत के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। मनिंदर बब्बू ने अपनी मधुर आवाज में कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम को क्लब को ध्वनि प्रबंधन से अरविंदर सिंह ने कार्यक्रम को निखारा। इस सिलसिले को आगे विनय छाबड़ा ने मेरा प्रेम पत्र पढ़कर तुम नाराज ना होना गा कर बढ़ाया उसके बाद गीता छाबड़ा ने किस लिए मेर ने श्री अरुण राजपाल ने बचना ऐ हसीनों, श्री अनिल गिरधर ने जीवन से भारी, अंजलि शर्मा ने तेरे बिना जिया जाए ना, रंजीत गिल ने बदन पे सितारे, मिस्टर अनुरुद्ध कालरा ने अब क्या मिसाल, श्रीमती पुष्पा कालर ने आओ हुजूर तुमको,कंवल जी ने मस्त बहारों का, रजनी ने इस से कम जिंदगानी, अमरजीत बाटला ने हस्ता हुआ नूरानी चेहरा, पूनम ने ये रातें नई पुरानी ,देवेंद्र अरोड़ा जी ने है अपना दिल तो आवारा, हरीश वधावन ने एक बंजारा गए , विनोद भाटिया ने सब कच्छ सिखा, योगिंदर सिसोदिया ने हमको तो जान से प्यारी हैं, राजेश योगी ने छलकाये जाम, इंद्रपाल सचदेवा नें आजकल तेरे मेरे प्यार, , सीमा सचदेवा ने ओ हसीना जुल्फों वाली, राकेश बंसल ने चेहरे पे गिरी, अवतार सिंह तारी ने तुमको मेरे दिल ने, अरुण थापर ने दिल दा मामला, रश्मि थापर ने बाहों में चले आओ, अनीता गुप्ता ने ये मेरा दिल, नरेश दत्त ने ओ मेरे दिल के, शिखा दत्त डुआगे भी जाने,मिस नेहा ने परदेसिया ये सच है पिया, नीलम छाबड़ा ने हमें और जीने की रीता आनंद ने खाबी कभी मेरे दिल में , मिस्टर जितेंदर पिलानी ने ये दोस्ती, विजय शर्मा ने मेरे मेहबूब कयामत होगी अजय जैन ने जरा तस्वीर से तू,, सुनीता कुकरेजा डुमेरा दिल ये पुकारे आजा गीत गा कर महफिल में चार चांद लगाए। इस अवसर पर हर उम्र के लोगों ने मस्ती की। दादा दादी और नाना नानियों की उम्र के कलाकरों ने महफिल में बपने हनुर का प्रदर्शन किया।

भक्तिपूर्ण उपासना करने से सारे मनोरथ पूर्ण होते हैं-महासाध्वी प्रमिला

करनाल। महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर भक्ति संगम का आयोजन श्री घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान, इंद्री रोड़ में किया गया। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से लोकमंगल तथा सभी के कल्याण की कामना की गई। पाईयां तेरे दर तो मै रहमतां हजारां शुक्रगुजारां तेरा शुक्रगुजारां, दादा तार दो तारणहार हो मेरी नैया के स्वामी खेवनहार हो, है ये पावन भूमि यहां बार-बार आना घंटाकर्ण जी के चरणों में आकर झुक जाना, दया करो दादा मुझ पर भी अब तो दया करो - कृपा करो दादा मुझ पर भी अब तो कृपा करो आदि भजनों ने सभी को भाव विभोर किया। साध्वी जागृति, नितिन जैन, राशि जैन, पुष्पा गोयल, पवन जैन, जयपाल सिंह ने भक्ति गीतों से समां बांधा। महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवता के संदर्भ में बतलाया कि श्री घंटाकर्ण जी बावन वीरों में तीसवें वीर शिरोमणि तथा वीरों की परिषद में सेनापति का गौरवमयी स्थान प्राप्त प्रभावशाली देवता हैं जिन्हें जैन, हिंदू

तथा बौद्ध तीनों परंपराओं में विशेष पूजनीय तथा आराध्या स्थान प्राप्त है। जैन परंपरा में इन्हें चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर का शासनरक्षक देव माना जाता है। वैदिक परंपरा में इन्हें बद्रीनाथ तीर्थ का क्षेत्रपाल देवता, शिवजी का गण तथा उनके पुत्र कार्तिकेय का अभिन्न सहयोगी माना जाता है। मंत्र शास्त्रों में श्री घंटाकर्ण के मंत्रों तथा साधना-विधियों का उल्लेख पाने में रामबाण औषधि के समान कार्य करती हैं।

इनकी भक्ति पूर्वक उपासना करने से सारे मनोरथ पूर्ण होते हैं तथा जीवन का पथ विघ्न-बाधाओं से रहित होकर सुखों के सुकोमल एवं खुशबूदार फूलों से सुसज्जित हो जाता है। श्री घंटाकर्ण देव दरबार में सच्चे मन से आने वाला मुंहमांगी मुरादें पाता है और झोलियां भरकर ले जाता है। श्री घंटाकर्ण अतिशय प्रभावी, अलौकिक शक्तिसंपन्न, भक्तवत्सल देव है जो नौ निधियों तथा बारह सिद्धियों से परिपूर्ण करते हैं। जीवन की दिशा और दशा बदलकर सुखों से झोलियां भरने की इनके पास अपूर्व शक्ति है। इनके प्रसन्न हो जाने पर कोई भी कुछ बिगाड़ नहीं सकता और नाराज हो जाने पर किसी के पास भी रक्षा करने की शक्ति नहीं है। बौद्ध परंपरा की मान्यता है कि श्री घंटाकर्ण जी को अनुकूल किए बिना मंत्र यंत्र तथा तंत्र की कोई साधना सफल नहीं होती। प्राचीन परंपराओं में श्री घंटाकर्ण देव के आशीर्वाद से भक्तों की मनौतियां पूरी होने के अनेक उदाहरण मिलते हैं और वर्तमान में इनकी कृपा दृष्टि से बिगड़े काम बनने के कई प्रत्यक्ष प्रमाण प्राप्त होते हैं। मुख्य आरती तथा प्रीतिभोज की सेवा का लाभ दीपक जैन-नीतू जैन, अमृतसरिया दी हट्टी सामाना ने लिया। सारा दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी चहल-पहल रही।

जाटव समाज ने किया कुद्दूराम सैनी का समर्थन, पगडी एवं फूलामाला से किया जोरदार अभिनन्दन

फरुखनगर

फरुखनगर पालिका में इस बार 13 की बजाय 16 वार्डों में चुनाव होगा। फरुखनगर में करीब डेढ़ वर्ष बाद नपा चुना होने जा रहे हैं। 16 वार्डों में 16 हजार के लगभग मतदाता है। नपा चुनाव में मतदाता अपने मत का प्रयोग कर अपना पार्षद और पहली बार चेयरमैन चुनेंगे। इस बार मतदाता नगर पालिका चेयरमैन चुनेंगे। चुनाव प्रचार का दौर वैसे तो काफी समय से चल रहा । किन्तु अब समर्थन जुटाना भी शुरू हो गया है इसी कडी मे फरूखनगर से नगरपालिका चेयरमैन पद के भावी उम्मीद्वार पूर्व बैंक मैनेजर कुद्दू राम सैनी का नगर की जाटव की चौपाल मे सम्मान समारोह मे जाटव समाज के प्रमुख लोगो ने पगडी एवं फूलमालाओ से जोरदार स्वागत किया तथा समाज के गणमान्य लोगों ने एक स्वर मे कुद्दूराम सैनी का समर्थन करते हुए जिताने का भरोसा दिलाया । इस पर कुद्दूराम सैनी ने उपस्थित समाज की सरदारी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे विकास कार्यों मे कोई कसर नही छोडेगे और सभी के दुख सुख मे उनके साथ खडे रहेंगे । इस मौके पर समस्त जाटव समाज के प्रमुख लोगो के साथ संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संत रविदास अमर रहे, बाबा साहब अमर रहे एवं कुद्दूराम सैनी आगे बढो हम तुम्हारे साथ है के गगनचुम्बी नारे लगाए ।

श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व को समर्पित शहर के गुरुद्वारों से निकल जा रही प्रभात फेरियो का सामूहिक एकत्र कर समागम किया

करनाल। आज करनाल के गुरुद्वारा श्री सुखमणि साहिब सेक्टर 7 में हर साल की बांटी सरबंस दानी साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को समर्पित शहर के गुरुद्वारों से निकल जा रही प्रभात फेरियो का सामूहिक इकठ्ठ करके समागम किया। इस समागम में शहर अलग-अलग गुरुद्वारों से निकल जा रही 15 प्रभात फेरीयो ने शामिल होकर कीर्तन समागम किया। इस समागम में गुरुद्वारा श्री सुखमणि साहिब सेक्टर 7, गुरुद्वारा सिंह सभा रामनगर, गुरुद्वारा माई भागों जी करण विहार, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मॉडल टाउन, गुरु नानक सेवक जत्था गुरुद्वारा मंजी साहब, नाम सिमरन सोसाइटी सेक्टर 4, स्त्री सत्संग सभा मंजी साहिब , गुरुद्वारा सिंह सभा बसंत बिहार, गुरुद्वारा भाई नंद जी भाई धन्हा जी सुभाष गेट , गुरुद्वारा सिंह सभा प्रेम नगर, संत उधम सिंह अशोक नगर, गुरुद्वारा शीशीआ वाला सदर बाजर, गुरुद्वारा सिंह सभा संत नगर व गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह से प्रभात फेरी के रूप में संतों ने समुलियत की व शब्द गायन करके कीर्तन समागम किया। गुरुद्वारा श्री सुखमणि साहिब सेक्टर 7 की प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष इंद्रजीत

सिंह दुआ वह उनकी टीम द्वारा सभी जत्थो का स्वागत किया व सिरोपा देकर सम्मानित किया। सगत के लिए चाय बिस्कुट का लंगर चलाया गया । कीर्तन समागम से पहले गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथि बलविंदर सिंह द्वारा नितनेम किया गया मैं श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी आगे अरदास कर कीर्तन समागम किया गया । समागम बारे जानकारी देते हुए प्रधान इंद्रजीत सिंह दुआ ने कहा की पिछली 35 साल से हम सभी शहर के गुरुद्वारों की प्रभात फेरियो सामूहिक तौर पर इकट्ठा करके समागम करते आ रहे हैं । इस बार शहर की 15 प्रभात फेरियो ने इस समागम में समुलियत की है आने पर सभी का स्वागत किया गया है। सभी संगत को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व हार्दिक शुभकामनाएं देते । उन्होंने कहा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से गुरुद्वारे में ही मेडिकल लेब चलाई जा रही हे जिसमें बाजार आधे रेट पर मेडिकल टेस्ट किये जाते है। समागम की समाप्ति के बाद गुरु के अटूट लंगर बताए गए ।इस मौके पर प्रधान इंद्रजीत सिंह दुआ, उप प्रधान गुलजार सिंह चीमा, जसपाल सिंह सग्गू, जसविंदर सिंह चावला, मनजीत सिंह मली, जगपाल सिंह टक्कर, संजय अरोड़ा, सुखदेव सिंह, परमजीत सिंह व अन्य सेवादार मौजूद रहे ।

भाजपा नेताओं ने ग्रामीणों को दिया माता सावित्रीबाई फुले जयंती समारोह का निमंत्रण

बहादुरगढ़। शहर के झज्जर रोड स्थित सब्जी मंडी में 3 जनवरी को मनाए जा रहे माता सावित्रीबाई फुले के जन्मोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए रविवार को भाजपा नेता दिनेश कौशिक सेवामूर्ति, चेयरपर्सन सरोज राठी, भाजपा लाभार्थी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं कार्यक्रम का आयोजक संजीव सैनी व विधानसभा प्रभारी दिनेश शेखावत ने परनाला, बामडौली, मुकुंदपुर, कानौंदा, खैरपुर, लडरावण, कुलासी व निलौठी सहित विभिन्न गांव का दौरा कर लोगों को कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। इससे पहले यहां पहुंचने पर उनका ग्रामीणों ने फूलमालाओं से जोरदार अभिनंदन किया। सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने कहा कि 3 जनवरी को बहादुरगढ़ सब्जी मंडी में माता सावित्रीबाई फुले की राज्य स्तरीय जयंती मनाई जा रही है। इसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि बहादुरगढ़ में माता सावित्रीबाई फुले का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा लोग कार्यक्रम में पहुंचकर मुख्यमंत्री के विचार सुने। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति के उत्थान व शिक्षा के लिए माता सावित्री बाई फूले ने जो संघर्ष किया है, उसे कभी बुलाया नहीं जा सकता। माता सावित्रीबाई फुले के प्रयासों से भारत में महिलाओं के लिए पहले विद्यालय की स्थापना हुई। सावित्रीबाई फुले ने नारी शक्ति और समाज के बहिष्कृत हिस्सों के लोगों को शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई। आज उन्हीं के प्रयासों से महिलाएं डीसी, एस.पी. डीएसपी व मंत्री सहित बड़े बड़े पदों पर आसीन है। नारी शक्ति के उत्थान में उनकी इस भूमिका को लोग हमेशा याद रखेंगे। भाजपा लाभार्थी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक एवं माता सावित्रीबाई फुले जयंती कार्यक्रम के संयोजक संजीव सैनी ने बताया कि 3 जनवरी को सब्जी मंडी में आयोजित जयंती कार्यक्रम को लेकर हलके की जनता में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले को विशेष रूप से भारत की पहली महिला शिक्षक के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने सदैव शिक्षा और साक्षरता के क्षेत्र में महिलाओं के लिए उत्थान के लिए काम किया। ऐसी महान शख्सियत के जन्मोत्सव पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमे ज्यादा से ज्यादा लोग अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं। इस अवसर पर जिला पार्षद अमित पहलवान जिला पार्षद, जितेंद्र नरवाल, रोहताश सरपंच नयागांव, शमशेर, पार्षद सचिन दलाल, पार्षद राजेश, काला प्रधान बामडौली, सुमित प्रधान मुकुंदपुर व बबलू कानौंदा अरविंद मंडल महामंत्री सहित अन्य मौजूद रहे।

विशाल भंडारे एवं भजन संध्या का आयोजन 31दिसंबर को

तावडू, नगर के वार्ड नं 14 में स्थित श्री शिरडी सांई बाबा मंदिर श्री साईं बाबा धाम संस्था एवं ट्रस्ट तावडू धाम द्वारा 31 दिसंबर मंगलवार को विशाल भंडारे एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

श्री साईं बाबा धाम संस्था एवं ट्रस्ट तावडू के अध्यक्ष डॉ. नरेश मैहेदीरत्ता ने बताया कि 31 दिसंबर को शाम 7 बजे से प्रभु इच्छा तक भजन संध्या एवं 8 बजे से प्रभु इच्छा तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या में भजन महसूर भजन गायक सन्नी मैहेदीरत्ता तावडू,मोनिका बत्तरा रेवाड़ी द्वारा बाबा के सुंदर-सुंदर भजनों का गुणगान किया जाएगा। वहीं मन्नू जितेंद्र म्युजिकल पलवल धाम के कलाकारों द्वारा मनोरम झांकियों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। डॉक्टर नरेश ने बताया कि कार्यक्रम आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं उन्होंने नगर सहित क्षेत्र के लोगों से भजन संध्या व भंडारे में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की है।

आचार्य करन कृष्ण गोस्वामी के अ.भा. वर्षीय ब्राह्मण महासभा के नगर अध्यक्ष बनने हर्ष व्यक्त

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी) वृन्दावन। दुसायत क्षेत्र स्थित ठाकुर सनेह बिहारी मंदिर में अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय कार्य कारिणी की आवश्यक बैठक महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल दत्त वैद्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।जिसमें ठाकुर बांके बिहारी मन्दिर व ठाकुर सनेह बिहारी मंदिर के सेवायत एवं प्रमुख समाजसेवी आचार्य करन कृष्ण गोस्वामी को सर्वसम्मति से अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। ज्ञात हो कि इससे पूर्व इस पद पर उनके पूज्य पिताश्री स्व. आचार्य अतुल कृष्ण गोस्वामी आसीन रह चुके हैं। इस अवसर पर अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, ब्रज प्रांत अध्यक्ष पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ, पूर्व नगर अध्यक्ष आचार्य रामविलास चतुर्वेदी, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष दिग्विजय दीक्षित, पण्डित राजेश पाठक, कृष्ण मुरारी शर्मा, जमुना शर्मा, राजेश शास्त्री, विनोद दुबे एवं अनिल भारद्वाज आदि उपस्थित रहे। ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, एडवोकेट ने आचार्य करन कृष्ण गोस्वामी के अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के नगर अध्यक्ष नियुक्त होने पर हर्ष व्यक्त किया है।साथ ही यह कहा है कि आचार्य करन कृष्ण गोस्वामी अपने पूज्य पिताश्री स्व. आचार्य अतुल कृष्ण गोस्वामी की भांति महासभा को सुदृढ़ व सशक्त बनाने हेतु पूर्ण समर्पण के साथ संकल्पित रहेंगे।साथ ही वे अपने पूज्य पिताश्री के द्वारा अधूरे छोड़े गये कार्यों को निश्चित ही पूर्ण करेंगे।

नौकरी के नाम ठगी के आरोपी को पुलिस ने गैंगस्टर में किया निरुद्ध

आज का मुद्दा (अमित कुमार) खानपुर :- कस्बे में सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी व जानलेवा हमले के आरोपी दो युवकों को पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट ने निरुद्ध करते हुए हिरासत में ले लिए है। आरोपी युवकों पर अलग अलग थानों में कई मुकदमे पंजीकृत है। प्रभारी निरीक्षक यज्ञदत्त शर्मा ने बताया कस्बे के शिवाला वार्ड निवासी कृष्ण सैनी व दिनेश पर पर सरकारी नौकरी लगवाने के लिए ठगी, जानलेवा हमला, जालसाजी के कई मुकदमे पंजीकृत है। जिलाधिकारी के आदेश अनुसार आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत हुआ है। शनिवार शाम दोनों आरोपी दिनेश व कृष्ण को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

शिव मंदिर पर अखंड रामायण पाठ प्रारंभ

आज का मुद्दा (अमित कुमार) खानपुर :- क्षेत्र के गांव मायापुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर अखंड रामायण पाठ पूजा अर्चना के साथ विधिवत प्रारंभ हुआ। आयोजक मंडल ने बताया दो जनवरी को मंदिर के महंत बाबा कालिदास की पुण्य तिथि के अवसर पर पाठ किया जा रहा है। एक जनवरी को पाठ समापन के बाद हवन पूजन होगा साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

लीजेंड क्रिकेट टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में पहुंची स्याना, अमरपुर व काचरोट की टीम

आज का मुद्दा (अमित कुमार) खानपुर :- क्षेत्र के गांव गिरौरा में चल रहा लीजेंड क्रिकेट टूनार्मेंट रोमांचक मोड़ पर आ गया है। शनिवार को स्याना की टीम ने अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम रानापुर को हारते हुए सेमी फाइनल में अपनी जगह पक्की की। आयोजकों ने बताया रविवार को स्याना व अमरपुर का सेमीफाइनल मैच बेहद रोमांचक रहा। सर्दी के बाबजूद लोग लीजेंड मैच देखने पहुंच रहे है। लीजेंड टीम में 45 वर्ष से अधिक के लोग सहभागिता कर रहे है।

घुंघरावली रजवाहे की टूटी रेलिंग से हो सकता है बड़ा हादसा

आज का मुद्दा (अमित कुमार) बुगरासी :- घुंघरावली से दौलतपुर जाने वाले मुख्य मार्ग के रजवाहे पर रेलिंग पूरी तरह से टूटी पड़ी है जिससे कि हादसा होने की पूरी उम्मीद लगी हुई है दौलतपुर से घुंघरावली जाने वाले मार्ग पर कम से कम पूरे दिन में 500 से ज्यादा वाहन गुजरते हैं देर रात आते जाते समय कभी भी किसी के साथ बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीण लोगों का कहना है कि यह रेलिंग कम से कम 6 माह से टूटी हुई है लगातार शिकायत करने के बावजूद भी अभी तक इसे बनाया नहीं गया है

शरद महोत्सव 30 को बहेगी भक्ति गीतों की अमृत धारा

आज का मुद्दा (अमित कुमार) औरंगाबाद :- शरद महोत्सव सोमवार 30 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। श्री श्यामा श्याम संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में शरद महोत्सव सोमवार 30 दिसंबर को मौहल्ला जाटान में राजेश गोयल गौरव गोयल के आवास पर सायं 7 बजे प्रारंभ किया जायेगा। कार्यक्रम में भक्ति गीतों की धारा बहेगी। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक गौरव गोयल ने बताया कि इस अवसर पर खाटूश्यामजी का भव्य दरबार सजाया जायेगा।

बदलते मौसम और बरसात ने बढ़ाई लोगों में कपकपी

आज का मुद्दा (अमित कुमार) बुगरासी :- बदलते मौसम और बरसात के चलते कस्बा बुगरासी क्षेत्र में सर्दी का सितम लगातार जारी रहा लोगों के अंदर कपकपी बनी रही ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने अलाव जलाकर सर्दी से थोड़ी बहुत राहत पाई दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में लगातार बरसात हो रही है बारिश के चलते ठंड बहुत ज्यादा बढ़ गई है कड़ाके की ठंड के चलते शुक्रवार शाम से बरसात कहीं सुबह से ही शुरू हुई तो कहीं शाम से शुरू हुई बरसात होने के कारण फसलों को काफी ज्यादा फायदा मिलने मिलेगा लेकिन सरसों की फसल को थोड़ा नुकसान हो सकता है

सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक

ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा

बहराइच 29 दिसम्बर। उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में जिला निर्यात समिति, एम.ओ.यू..क्रियान्वयन समिति एवं उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। एम.ओ.यू. क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 से अब तक जनपद बहराइच हेतु निवेशकों द्वारा कुल 218 एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुए हैं। जिसके सापेक्ष इन्वेस्ट यू.पी. द्वारा निवेश सारथी पोर्टल पर 2696.74 करोड़ लागत के 150 एम.ओ.यू. ग्राउण्ड बेक्रिंग सेरेमनी(जीबीसी) हेतु रेडी हुए है।

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि जीबीसी रेडी हेतु जनपद को आवंटित लक्ष्य रू. 2500 करोड़ का लगभग 108 प्रतिशत है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि 101 इकाईयां क्रियाशील हो गये हैं। सीडीओ ने निर्देश दिया कि सम्बन्धित विभाग से समन्वय कर अवशेष को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करें और जो एमओयू रेडी हैं उनका क्रियान्वयन शीघ्र कराया जाय। सीडीओ ने पीएम सूर्य घर योजना पर चर्चा करते हुए सभी व्यापारियों व निर्यातकों से इसके फायदे भी बताये। उन्होनें उपायुक्त उद्योग से इसका राईटप व्यापारियों को देने की भी बात कही।

निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर चर्चा के दौरान बताया गया कि 01 अप्रैल से 28 दिसम्बर 2024 तक 2780 आवेदन निवेश

मित्र पोर्टल पर प्राप्त हुए है जिसके सापेक्ष 2496 आवेदन स्वीकृत, 191 आवेदन पत्र निरस्त एवं 34 आवेदन पत्र अण्डर क्वेरी तथा 59 आवेदन पत्र समय अन्तर्गत है। लम्बित आवेदनों के सम्बन्ध में लोक निर्माण व लघु सिंचाई विभाग को निर्देश दिया गया कि शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराएं। मुख्य विका अधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन कराएं। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि एम.ओ.यू. के माध्यम से निवेश को बढ़ाया जाय।

धारा 80 से सम्बन्धित प्रकरण में उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में सदर तहसील में 04 एवं महसी में 01 आवेदन समयान्तर्गत लम्बित है सम्बन्धित उपजिलाधिकारी प्रगति से समिति को अवगत कराये। उद्यान विभाग से सम्बन्धित प्रकरण में सीडीओ को अवगत कराया गया कि अनूप कुमार बथवाल पार्टन मे. श्याम जेपी शकुन्तला इंडस्ट्रीज द्वारा 28 सितम्बर 2024 को समिति को अवगत कराया गया कि उनकी नवीन इकाई ग्राइडेड राइस व पोषक तत्वों के मिश्रण की प्रॉसेसिंग करके एफआरके (फोर्टिफाइड राइस कर्नेल) का निर्माण करती है जिसका उपयोग पीडीएस के अन्तर्गत वितरित राशन में होता है की जानकारी दी गयी।

उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार व ओडीओपी वित पोषण योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि पीएमईजीपी अन्तर्गत कोई लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है। जबकि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार अन्तर्गत वार्षिक लक्ष्य 138 के सापेक्ष प्रेषण 443, स्वीकृति 91 तथा 88 का वितरण किया गया है। इसी प्रकार ओडीओपी वित पोषण योजना वार्षिक लक्ष्य 100 के सापेक्ष प्रेषण 178, स्वीकृति 38 तथा 33 का वितरण किया गया है।

बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने किया। इस अवसर पर एसडीएम सदर राकेश कुमार मौर्या, सीएमओ डॉ संजय कुमार, सीवीओ डॉ राजेश उपाध्याय व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, उद्यमी व्यापारी बृजमोहन मातनहेलिया, गौरी शंकर भानीरामका, कूलभूषन अरोड़ा, नवनीत अग्रवाल, अमित मिततल, विजय केडिया, मनीष मल्होत्रा, अशोक मातनहेलिया, दीपक सोनी (दाऊजी) व अन्य उद्यमी, व्यापारी, निर्यातक व सम्बन्धित मौजूद रहे।

"राहुल गांधी और उनके कांग्रेस पार्टी मृत पड़े पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आते हैं" - ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज

अंबाला/ चंडीगढ़/ नई दिल्ली, 30 दिसंबर -(शशि किरण अरोड़ा) - आज का मुद्दा--हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि "राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस पार्टी को शर्म भी नहीं आती है कि यह (राहुल गांधी और कांग्रेस) मृत पड़े पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आते हैं"।

विज मीडिया कर्मियों द्वारा कांग्रेस के द्वारा लगाए गए आरोप कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का संस्कार निगमबोध घाट में करके उनका अपमान किया गया है, के संबंध में पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि "राजनीति और समय पर भी की जा सकती है अभी जहां उनका स्मारक बनना है वह जगह तय नहीं हुई थी। जबकि सरकार ने बता दिया है कि हम जगह ढूंढ रहे हैं तथा जगह तय कर रहे हैं। अगर जगह तय नहीं हुई है तो कहीं ना कहीं तो उनका (पूर्व

प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह) संस्कार किया जाना था और इसलिए उनका जो संस्कार है वह निगमबोध घाट पर किया गया है"।

"इसी बहाने कई महानुभाव के कदम भी निगमबोध घाट पर चले गए, जो कभी शायद न जाते हो" - विज

इसी संबंध में विज ने बिना नाम लिए तंज कसते हुए कहा कि "इसी बहाने कई महानुभाव के कदम भी निगमबोध घाट पर चले गए, जो कभी शायद न जाते हो क्योंकि वह आम जनता के लिए ही शिवधाम बनाया हुआ है"।

"मुझे उम्मीद है कि पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के मुताबिक कार्रवाई करेगी" - विज

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को 31 दिसंबर तक किसान नेता डल्लेवाल को अस्पताल में शिफ्ट करने के आदेश को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि "हां मुझे उम्मीद है कि पंजाब सरकार इसमें किसी भी प्रकार की कोई राजनीति नहीं करेगी और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के मुताबिक कार्रवाई करेगी"।

ग्रेटर नोएडा में कल होगी महापंचायत : जीरो पॉइंट पर पहुंचेंगे हजारों किसान, राकेश टिकैत करेंगे संबोधित : चौ0 पवन तेवतिया

आज का मुद्दा बुलंदशहर (त्रिलोक चन्द) : गौतमबुद्ध नगर में किसान आंदोलन एक बार फिर गर्मा गया है। संयुक्त किसान मोर्चा ने 30 दिसंबर को ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर महापंचायत करने का फैसला लिया है। इसमें भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत के शामिल होने की भी सम्भावना है। महापंचायत को किसान यूनियन के राकेश टिकैत संबोधित करेंगे। जानकारी के मुताबिक महापंचायत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सैकड़ों किसान आने वाले हैं। महापंचायत को सफल बनाने के लिए शनिवार से ही तैयारी शुरू हो गई थी।

पहले से चल रही संयुक्त किसान **मोर्चा ग्रेटर नोएडा की महापंचायत की तैयारी**

भारतीय किसान यूनियन (संपूर्ण भारत) के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी पवन तेवतिया के मुताबिक महापंचायत में युवा साथियों को वॉलंटियर बनाया जाएगा। किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ पंचायत स्थल पर पहुंचेंगे। 30 दिसंबर को जीरो पॉइंट पर संयुक्त मोर्चे की होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए

शनिवार को बैठक हुई। ग्रेटर नोएडा ऑफिस पर बैठक में सभी संगठनों से विचार विमर्श कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर महापंचायत को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। राकेश टिकैत होंगे शामिल संयुक्त किसान मोर्चा नोएडा ने घोषणा की है कि 30 दिसंबर को जीरो पॉइंट पर किसान मजदूर महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। इस महापंचायत में प्रमुख वक्ता राकेश टिकैत होंगे। यह निर्णय 15 दिसंबर को भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत की अध्यक्षता में सिसौली किसान भवन में आयोजित एक बैठक में लिया गया था। इस बैठक में सैकड़ों किसानों ने भाग लिया और तय किया कि 30 दिसंबर को सभी किसान संगठनो के साथ-साथ यमुना प्राधिकरण से जुड़े जिले जैसे आगरा, मथुरा, हाथरस, अलीगढ़ और बुलंदशहर से भी किसानों को महापंचायत में शामिल किया जाएगा।

महापंचायत के आह्वान से पुलिस सतर्क

संयुक्त किसान मोर्चा नोएडा ने किसानों से अपील की गई थी कि वे गांव-गांव जाकर मीटिंग आयोजित करें और महापंचायत को सफल बनाने के लिए किसान-मजदूर साथियों से जनसंपर्क करें। किसानों से यह भी अनुरोध किया गया कि 30 दिसंबर को भारी संख्या में पहुंचकर महापंचायत को सफल बनाएं। महापंचायत के आह्वान को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

डॉ. जीएस जम्मू को बैरिएट्रिक सर्जरी में उत्कृष्टता के लिए 'बेस्ट अवार्ड' से स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह ने सम्मानित किया

जालंधर (सुशील तिवारी) पंजाब के जाने-माने बैरिएट्रिक सर्जन जम्मू हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. गुरविंदर सिंह जम्मू को बैरिएट्रिक सर्जरी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों के लिए 'बेस्ट अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डॉ बलबीर सिंह द्वारा एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ बलबीर सिंह ने कहा, "डॉ. गुरविंदर सिंह जम्मू ने पंजाब में बैरिएट्रिक सर्जरी के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उनके प्रयासों से कई लोगों का जीवन बेहतर हुआ है। उनके कार्य और समर्पण के लिए यह सम्मान दिया गया है।

डॉ. गुरविंदर सिंह जम्मू ने इस सम्मान को अपनी टीम और मरीजों को समर्पित करते हुए कहा, "यह पुरस्कार मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और मुझे गर्व है कि मैं पंजाब के लोगों के लिए अपनी सेवाएं दे पा रहा हूं। यह उपलब्धि मेरी टीम के निरंतर प्रयासों और मरीजों के विश्वास का परिणाम है।"

समारोह में राज्य भर के कई चिकित्सक, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। डॉ. जम्मू के कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मान न केवल चिकित्सा क्षेत्र को प्रेरित करते हैं, बल्कि समाज में जागरूकता भी बढ़ाते हैं।

चौटाला जी ने जनहित में बड़े दिल की राजनीति की: अनुराग सिंह ठाकुर

30 दिसंबर 2024, हरियाणा/ हिमाचल प्रदेश: (शशि किरण अरोड़ा) - आज का मुद्दा- पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र हिमाचल से लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय ओम प्रकाश चौटाला जी के निधन पर उनके गांव चौटाला में जाकर उन्हें पार्टी, परिवार व प्रदेश की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिवार व समर्थकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

अनुराग सिंह ठाकुर में कहा ह्न चौटाला जी ने हमेशा जनहित को प्राथमिकता दी और उन्होंने न जनहित में सदा बड़े दिल की राजनीति की। वो ऐसे नेता थे, जिन्होंने पार्टी की सीमाओं से परे जाकर देश और जनता के लिए काम किया। दिवंगत ओम प्रकाश चौटाला एक बड़े कद के राजनेता थे। जिन्होंने हमेशा जनहित को प्राथमिकता दी। मेरे पिता प्रेम कुमार धूमल के साथ उनके संबंध बेहद अच्छे और सहयोगपूर्ण रहे। उन्होंने हमेशा क्षेत्र की समस्याओं को सुलझाने के लिए आपसी संवाद और सहयोग का रास्ता चुना। राजनीति व समाजसेवा के क्षेत्र में चौटाला जी का महत्वपूर्ण योगदान सदा स्मरणीय रहेगा

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा ह्न चौटाला जी बड़े दिल के व्यक्ति थे और अगर अतीत के पन्नों में झांके तो उन्होंने कई अवसरों पर हिमाचल की बड़ी मदद की थी। पूर्व में धूमल जी की सरकार के समय जब टांडा में नया मेडिकल कॉलेज तो खुला मगर एक विषय के डॉक्टर व विशेषज्ञ तब तक यहाँ नहीं थे, पता चला कि हरियाणा में थे। धूमल जी के एक निवेदन पर चौटाला

जी ने तुरंत ही विशेषज्ञ को हरियाणा से रिलीव करके हिमाचल भेज दिया। दूसरी घटना याद आती है कि धूमल जी के ही कार्यकाल में हरियाणा के परिवहन मंत्री का हिमाचल का दौरा लगा। अधिकारी ने घबरा कर धूमल जी को बताया कि हिमाचल की बसें हरियाणा में ज्यादा चलती हैं जबकि हरियाणा की बसें हिमाचल में कम चलती हैं तो ऐसे में समता के आधार पर हरियाणा में हिमाचल की बसों की संख्या में कटौती हो सकती है। धूमल जी ने चौटाला जी से निवेदन किया कि हरियाणा में रेल, बस वी हवाई तीनों सेवाएँ हैं जबकि हिमाचल परिवहन के लिए सिर्फ.बसों पर निर्भर है ऐसे में यह कटौती ना की जाए। चौटाला जी ने धूमल जी के निवेदन को को तुरंत सहर्ष स्वीकारा और आश्वासन दिया कि हरियाणा के परिवहन मंत्री इस कटौती के विषय में हिमाचल से कोई बात नहीं करेंगे। यह चौटाला जी का धूमल से परम आत्मीयता, हिमाचल के प्रति प्रेम व जन नेता होने का प्रमाण था।

प्रधानमंत्री ने पूरे देश को बताया कि कुरूक्षेत्र ने मलेरिया की रोकथाम को लेकर मॉडल प्रस्तुत किया - नायब सिंह सैनी

पंचकूला, 30 दिसम्बर -(शशि किरण अरोड़ा) - आज का मुद्दा -हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कुरूक्षेत्र में मलेरिया रोकथाम पर किये गए कार्य को पूरे देश के लोगों को मन की बात कार्यक्रम में सुनाया। प्रधानमंत्री ने पूरे देश को बताया कि कुरूक्षेत्र ने मलेरिया को लेकर मॉडल प्रस्तुत किया गया है। यहां पर स्वास्थ्य विभाग हरियाणा की टीम ने मच्छरों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाकर कामयाबी पाई और लोगों को रेडियो व अन्य माध्यमों से संदेश देकर जागरूक करते हुए मलेरिया पर अंकुश लगाने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में हरियाणा राज्य की तारिफ की और भारत में मलेरिया की रोकथाम के लिए उठाए जा रहे कदमों की विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी सराहना की है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सेक्टर-9 पंचकूला में आज कार्यकताओं के बीच पहुंच प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 14 जनवरी से प्रयागराज में शुरू होने वाले महाकुंभ के बारे में अवगत करवाया है। यह हमारी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ा हुआ अहम विषय है। महाकुंभ में देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से हमें बहुत कुछ

सीखने को मिलता है, ये कार्यक्रम प्रेरणादाय भी है। इस कार्यक्रम से हमें खेल, खेती, स्वास्थ्य व रोजगार सहित अनेक क्षेत्रों की अहम जानकारी प्राप्त होती है। किसानों द्वारा किसान उत्पादक संगठन बनाकर सामूहिक कामों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अलावा नई-नई इनोवेशन की भी जानकारी मिलती है। जिन्हें हम अपनाकर आगे बढ़ सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे लोगों के सराहनीय कार्यों को उजागर करने से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया कार्यक्रम भी देश में काफी लोकप्रिय रहा। देश के अनेक लोगों को इसका लाभ मिला।

मुख्यमंत्री ने निरंकारी भवन में चल रहे सत्संग में लिया हिस्सा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला स्थित संत निरंकारी भवन में पहुंचकर चल रहे सत्संग में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि संत निरंकारी मंडल द्वारा अनेक सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लिया जाता है। पिछले दिनों संत निरंकारी अध्यात्मिक स्थल समालखा में आयोजित प्रधानमंत्री की मुहिम के एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला, जिसमें करीब 30 हजार पौधे लगाए गए थे। उन्होंने कहा कि सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के नेतृत्व रक्तदान शिविर, स्वच्छता कार्यक्रमों में भी बढ़कर भाग लिया जाता है। इस प्रकार यह मंडल सामाजिक कार्य कर समाज को लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के ओएसडी सोमांशु शर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, महामंत्री परमजीत कौर, रंजीता मेहता, बूथ नंबर 96 अध्यक्ष अनुराधा पुरी, रमेश राणा, अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव, एसडीएम चंदकांत कटारिया सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

ब्रह्माकुमारी संस्था ने धूमधाम से मनाया नववर्ष का कार्यक्रम

आज का मुद्दा नोएडा। ब्रह्माकुमारी संस्था ने नोएडा के सेक्टर 46 स्थित गाड़ीनियाँ ग्लोरी में एक रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से नए वर्ष 2025 का स्वागत किया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देना और उन्हें सकारात्मकता एवं आत्म-परिवर्तन के विचारों से प्रेरित करना था।कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में रंजन दत्ता (रिटायर्ड कअर और सेक्रेटरी, भारत सरकार) ने अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि अन्य विशिष्ट अतिथि के रुप में आचार्य मुकेश(योग भागवताचार्य), डॉ. जसबीर कौर सोनी, पूजा बहन, और वरिष्ठ राजयोग टीचर लीना दीदी ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज की।लीना दीदी ने स्वागत सत्र का आयोजन किया और बताया कि नववर्ष का आगाज एक नए अंदाज में करना है, जिसमें हमें अपने जीवन के सुंदर सपनों को साकार करना है और अच्छी यादों को संजोना है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें अपने पुराने अनुभवों से शक्ति लेकर अपने जीवन को बेहतर बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

ब्रह्माकुमारीज ने इस अवसर पर 2025 के लिए सकारात्मकता और आत्म-परिवर्तन के विचारों पर जोर दिया।इस प्रमुख संदेशों में पहला आध्यात्मिक जागरुकता : आत्मा की पहचान और उद्देश्य को समझने का समय है, जो शांति और संतोष की ओर ले जाता है।दूसरा

सकारात्मक संकल्प : दिन की शुरूआत सकारात्मक संकल्पों से करनी चाहिए, जैसे "मैं शक्तिशाली आत्मा हूं, मैं शांत हूं"।तीसरा ईश्वर पर भरोसा : ईश्वर की योजनाओं पर विश्वास रखना चाहिए, जो कठिनाइयों का सामना करने में मदद करता है।चौथा प्रार्थना और ध्यान : नववर्ष की शुरूआत प्रार्थना और ध्यान से करनी चाहिए, जो जीवन में सकारात्मकता लाता है।

कार्यक्रम की विशेषताएँ

कार्यक्रम में एक भावुक आध्यात्मिक गीत "तुम को सौंपकर सब चिंता फिकर इस दुनिया से हो गए बेखबर, मेरी नैया तेरे हवाले" ने सभी को भावविभोर कर दिया। इसके बाद लीना दीदी ने एक मेडिटेशन प्रैक्टिस करवाई, जिसमें लोगों को अपने बचपन की सुखद यादों का अनुभव कराया। उन्होंने बताया कि न्यू ईयर रिजोल्यूशन एक सीमित घटना नहीं है, बल्कि यह हर दिन हो सकता है।

रेनू बहन ने भी अपने विचार व्यक्त किए, जिसमें उन्होंने बताया कि हमारे विचारों को सकारात्मक और शक्तिशाली बनाना आवश्यक है। उन्होंने मेडिटेशन के माध्यम से सुप्रीम पावर से जुड़ने का महत्व बताया और संकल्पों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

स्वस्थ और शांत जीवन की दिशा

राजकुमार(सेक्टर 45 इ ङ सेंटर शिक्षक) ने कहा कि राजयोग प्रैक्टिस से हम अपने दुःख के संस्कारों को बदल सकते हैं। भागवत आचार्य मुकेश किशन ने भी बताया कि जैसे हम अपने मोबाइल को चार्ज करते हैं, वैसे ही हमें अपनी आत्मा को परमपिता परमात्मा से जुड़कर रोज चार्ज करना चाहिए।पूजा बहन ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि हमें भगवान से संवाद करते हुए अपने विचार साझा करने चाहिए और अपने दिनभर के व्यर्थ विचारों पर ब्रेक लगाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी जनसमूह को एक रोचक वर्कशॉप के माध्यम से आत्मा के शांत स्वभाव का परिचय कराया और जीवन में सकारात्मकता के संकल्पों को बल दिया।

मुख्य अतिथि की टिप्पणी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रंजन दत्ता (रिटायर्ड कअर) ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि यह संस्था समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज का मेडिटेशन विश्वभर में फैलना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

नृत्य नाटिका और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ

कार्यक्रम में 2025 का स्वागत करते हुए एक नृत्य नाटिका के माध्यम से आशा, उम्मीद, दृढ़ संकल्प और लक्ष्य की महत्व को प्रस्तुत किया गया।इसके अलावा कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम और नृत्य प्रस्तुतियाँ भी हुईं, जिन्होंने कार्यक्रम में रंग जमा दिया।

कार्यक्रम का समापन पंकज माथुर (भूतपूर्व डायरेक्टर, संयुक्त उपक्रम इंडियन ऑयल) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

ग्रेनो के जीरो प्वाइंट पर किसान महापंचायत आज

आज का मुद्दा-नोएडा। जेल में बंद किसान नेताओं की रिहाई समेत अन्य मांगों को लेकर सोमवार को जीरो प्वाइंट पर संयुक्त किसान मोर्चा की महापंचायत होगी। इसमें भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत समेत कई किसान संगठनों के नेता हिस्सा लेंगे। पंचायत में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने के लिए सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल किया गया है। दरअसल, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण से प्रभावित किसानों को 10 प्रतिशत जमीन, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा समेत अन्य मांगों को लेकर किसान 25 नवंबर से आंदोलन कर रहे हैं। 2 दिसंबर को दिल्ली कूच के चलते 123 किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। फिलहाल तीन किसान नेता जेल में हैं। रविवार को यूनियन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने महापंचायत स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इस दौरान पुलिस प्रशासन और संयुक्त किसान मोर्चा के नेता मौजूद रहे।

किशोरी को अगवा करने वाला पुजारी गिरफ्तार

आज का मुद्दा-नोएडा। जेवर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से मंदिर का पुजारी एक किशोरी को शादी करने के उद्देश्य से बहला फुसलाकर ले गया था। इस मामले में पीड़ित परिवार आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया था। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने नाबालिग किशोरी को भी बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। साथ ही आरोपी को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि जेवर क्षेत्र के एक गांव के मंदिर पर एक पुजारी पिछले कई महीनों से रहता था। जो 10 दिसंबर को गांव की एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। कई दिन तक जब किशोरी का सुराग नहीं चला तो पीड़ित परिवार ने मंदिर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा तो मंदिर का पुजारी उसकी बाइक पर बैठाकर ले जाता हुआ दिख रहा है। जिसके आधार पर इस मामले में किशोरी के परिजनों ने आरोपी पुजारी सोनू उर्फ आनंद निवासी बनारस के खिलाफ केस दर्ज कराया था। घटना के बाद से ही पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस का कहना है कि रविवार को जानकारी हुई कि आरोपी किशोरी को कस्बे के पास पलवल रोड से होते हुए ले जा रहा है। जिसके आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को दबोच लिया। जिसके कब्जे से किशोरी भी बरामद हुई है।पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह किशोरी से शादी करना चाहता था। जिसके उद्देश्य से वह उसको अपने साथ बहला फुसलाकर ले गया था। कोतवाली प्रभारी जेवर संजय सिंह का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही पीड़ित किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस कर उसको जेल भेज दिया गया है।

पति ने पत्नी की गला घोंटकर की हत्या, गिरफ्तार

आज का मुद्दा-नोएडा। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। बुजुर्ग ने खुद पुलिस को फोन कर पत्नी की हत्या की सूचना दी और तीन लोगों पर शक भी जताया, लेकिन पुलिस की बहादुरी के चलते वह वहां से गायब हो गई। पुलिस ने नाबालिग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के बड़ौली गांव में किराए के मकान में रहने वाली महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 28 दिसंबर की रात करीब 9 बजे महिला के पति ने डायल 112 पर सूचना दी कि किसी ने उसकी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी है।

इस मामले में पुलिस ने राजकुमारी के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया और आरोपी से पूछताछ की गई तो महिला के पति चुन्नीलाल ने तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पुरातत्व कारोबारी को भेज दिया। इस दौरान महिला का पति मैक से गायब हो गया। पुलिस को उस पर शक हुआ, जिसके बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि मेरी पत्नी का मेरे गांव में रहने वाले एक व्यक्ति से अवैध संबंध है। मैंने कई बार मना किया लेकिन वह नहीं मानी।इससे परेशान होकर मैंने रात में दुकान पर ही पत्नी की हत्या कर दी और अब नौकरी से बाहर हो गया हूं। पुलिस ने महिला के जैविक पति चुन्नीलाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मुख्यमंत्री ने की नोएडा एयरपोर्ट और फिल्म सिटी के कार्यो की समीक्षा

आज का मुद्दा-नोएडा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्ध नगर के विकास कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने रविवार को दिल्ली स्थित यूपी सदन में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण से विकास कार्यों की जानकारी ली। इसमें विभिन्न परियोजनाओं को लेकर किसान संबंधी मुद्दों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री के समक्ष औद्योगिक विकास, निवेश, विकास परियोजनाओं, भूमि की उपलब्धता और किसानों से जुड़े मुद्दे रखे गए। बैठक में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और जेवर में बन रहे फिल्म सिटी प्रोजेक्ट की प्रगति के बारे में भी मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई। इसके अलावा शहर के अंदर नोएडा अथॉरिटी के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट चल रहे हैं जैसे नोएडा एलिवेटेड रोड, सेक्टर-151ए में इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स, सेक्टर-96 में प्रशासनिक भवन, सेक्टर-51-52 मेट्रो स्टेशन के बीच स्काईवॉक आदि। ग्रेप-4 के कारण कई प्रोजेक्ट देरी से चल रहे हैं, इसको लेकर भी कुछ दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा आवंटन नीति पर भी चर्चा हुई।वहीं अमिताभ कांत की संस्तुति के अनुसार तीनों प्राधिकरणों में 25 प्रतिशत की दर से कितने बिल्डरों ने पैसा जमा किया। कितने खरीदारों की रजिस्ट्री हुई। इसको लेकर समीक्षा की गई। आपको बता दें कि अब तक बिल्डर नोएडा प्राधिकरण में करीब 500 करोड़ रुपये जमा कर चुके हैं। बैठक में तीनों प्राधिकरणों के सीईओ, एसीईओ और ओएसडी, जीएम शामिल हुए।

महिलाओं में बढ़े पथरी के मामले, प्रतिदिन हो रहे 8 ऑपरेशन

आज का मुद्दा-नोएडा। महिलाओं में पथरी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जिम्स में प्रतिदिन 12 केसों में से 8 में पित्ताशय की सर्जरी हो रही है। इनमें 5 महिलाएं होती हैं। इसका बड़ा कारण हार्मोनल परिवर्तन है। एस्ट्रोजन हार्मोंस लीवर में कोलेस्ट्रॉल संश्लेषण बढ़ा रहा है, जो महिलाओं के पित्ताशय में पथरी का कारण बन रहा है। एस्ट्रोजन हार्मोंस के असंतुलन और कॉलेस्ट्राल बढ़ने के साथ ही मोटापे के कारण पित्ताशय में पथरी (गाल ब्लैडर स्टोन) के मामले महिलाओं में अधिक आ रहे हैं। फास्ट फूड का अधिक सेवन करने से यह समस्या ज्यादा हो रही है। जिम्स के प्रॉक्टर व हेड सर्जरी डॉ. सतेंद्र कुमार ने बताया, खानपान में मिलावट के कारण ही हो रहा है। सबसे अधिक पथरी के मामले 30 से 45 साल की महिलाओं में देखे जा रहे हैं। मोटापा पुरुषों और महिलाओं दोनों में पथरी का कारण बन रहा है। मोटापे से उच्च कोलेस्ट्रॉल बढ़ने लगता है। वजन कम होना या कम करने के लिए सर्जिकल उपचार भी पथरी का कारण बन रहे हैं। पांच साल के बच्चे से लेकर 75 साल के बुजुर्ग तक शामिल हैं। हालांकि मरीजों में पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं अधिक पीड़ित हैं। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान हार्मोनल असंतुलन से पेंक्रियाज और पित्ताशय में संक्रमण या सूजन बढ़ जाती है।

तीन लोगों को किडनैप करने वाले बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल

आज का मुद्दा-धीरेन्द्र अवाना - नोएडा। अपनी मौज मस्ती के लिए एक परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट और तीन लोगों को किडनैप करने वाले चार बदमाशों को आज नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया।आरोपियों की पहचान दिल्ली निवासी अनस,नोएडा निवासी शाहनवाज, समीर और एजाज के रुप में हुयी।अभियुक्तों के कब्जे से दो लाख पांच हजार रुपए कैश,ई-रिक्शा,तमंचा,

आधार कार्ड,डेबिट कार्ड,क्रेडिट कार्ड,पासपोर्ट, राशन कार्ड आदि बरामद हुआ।नोएडा पुलिस के अनुसार रविवार को थाना सेक्टर-20 नोएडा पुलिस और स्वाट/सीआरटी टीम गौतमबुद्ध नगर को सूचना मिली थी कि नोएडा के सेक्टर 30 में अपहरण की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश स्पलैंडर मोटर साइकिल और स्कूटी पर सवार होकर डीएनडी की तरफ से सेक्टर 18 नोएडा की ओर आने

वाले हैं। इस सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएलएफ तिराहे पर पहुंच कर चेकिंग शुरू की।बदमाशों ने डीएलएफ तिराहे पर पुलिस को देखा तो अंधेरे में नाले की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी।जवाबी कार्रवाई में सभी बदमाश घायल हो गए।

घायल बदमाशों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है।नोएडा के एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई है, जिसमें चार बदमाश घायल हुए हैं।नोएडा पुलिस के डीसीपी रामबदन सिंह ने कहा कि बदमाशों की आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच की जा रही है। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और अपने आसपास के इलाकों में खाली प्लॉट्स पर नजर रखने की अपील की।फिलहाल, गिरफ्तार बदमाशों की आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

नए साल पर शहर के कई रास्ते बंद

आज का मुद्दा-नोएडा। नोएडा में नया साल सेलिब्रेट करने के लिए सब लोग उत्साहित हैं। लोग अपने परिवार या दोस्तों के साथ जश्न मनाने के लिए बाहर पार्टी करेंगे। इस दौरान नोएडा सेक्टर-18 और आसपास के क्षेत्रों में यातायात सुचारू रखने के लिए पुलिस ने विशेष योजना बनाई है। सेक्टर-18 में प्रवेश केवल तीन मार्गों से ही किया जा सकेगा, जबकि अन्य मार्गों का उपयोग बाहर निकलने के लिए किया जाएगा।यह व्यवस्था 31 दिसंबर को दोपहर तीन बजे से लेकर देर रात तक रहेगी।

यातायात नियंत्रण और व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगभग 25 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। नए साल का जश्न मनाने के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा और दिल्ली-एनसीआर से बड़ी संख्या में लोग सेक्टर-18 और आसपास के मॉल और बार में पहुंचते हैं। जिसको देखते हुए पुलिस ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है।अधिकारियों के अनुसार, सेक्टर-18 के अलावा शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों जैसे जीआईपी, गार्डन गलेरिया, डीएलएफ, सेंटर स्टेज, लॉजिक्स, मोदी मॉल और मुख्य बाजारों के आसपास यातायात को लेकर विशेष सर्वे किया गया। सेक्टर-18 और आसपास के मॉल व पब में आने वाले लोगों के लिए वाहन खड़ी करने की व्यवस्था बहुमंजिला पार्किंग में की गई है। अट्टा पीर चौक से आने वाले लोग एचडीएफसी बैंक कट के जरिए पार्किंग में प्रवेश कर सकेंगे। इसके अलावा, रेडिसन होटल तिराहा और नर्सरी तिराहे के पास बने कट से भी सेक्टर-18 के अंदर जाने की अनुमति होगी।वहीं नर्सरी तिराहा से अट्टा पीर चौक और सेक्टर-18 मेट्रो की ओर जाने वाला रास्ता, साथ ही सेक्टर-18 से अट्टा पीर चौक की वापसी को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है। गुरुद्वारे के पास एफओबी (फुट ओवर ब्रिज) के पहले और बाद के दोनों कट बंद रहेंगे। सेक्टर-18 मेट्रो के नीचे से सेक्टर-18 की ओर जाने वाला मार्ग वाहनों के लिए प्रतिबंधित रहेगा। इस कट का उपयोग केवल बाजार से बाहर निकलने वाले वाहनों के लिए किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सेक्टर-18 मोजैक होटल के दोनों ओर बने कट भी प्रवेश के लिए बंद रहेंगे, हालांकि अंदर से निकलने की सुविधा दी जाएगी।

इन मार्गों में किया बदलाव

सुरक्षा और यातायात नियंत्रण के लिए सोमदत्त टावर से सेक्टर-18 चौकी की ओर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर, सेक्टर-17 और सेक्टर-18 के नलकूप तिराहे से नर्सरी तिराहे की ओर जाने वाले रास्ते को भी बंद किया जा सकता है। पुलिस अधिकारियों ने यह भी बताया कि यदि सेक्टर-104 स्थित स्टर्लिंग मॉल के सामने वाहनों का दबाव बढ़ता है, तो हाजीपुर चौक और लोटस ब्लू वर्ड तिराहे से गुजरने वाले मार्गों में बदलाव किया जाएगा।

पुलिस ने रील बनाने वाले युवक को किया अरेस्ट

आज का मुद्दा

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में एक युवक को नकली बंदूक (लाइटर) के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करना भारी पड़ गया। युवक ने डीसीपी ऑफिस के बाहर भी एक वीडियो बनाया उसे भी उसने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद वह वीडियो नोएडा पुलिस के संज्ञान में आता है और युवक के हाथ में बंदूक को देखकर कार्रवाई में जुट गई।

पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और गोपनीय सूचना की मदद से नॉलेज पार्क थाना पुलिस रील बनाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पता चलता है कि युवक के हाथ में जो बंदूक थी, वह दरअसल पिस्टल जैसे दिखने वाला एक लाइटर था

,जिसे लेकर वह रील बना रहा था। पुलिस ने उस पिस्टल जैसा दिखने वाले लाइटर को भी बरामद किया है। युवक की पहचान वारिस पुत्र रईस के रूप में हुई है जो ईकोटेक 1 थाना क्षेत्र के उस्मानपुर गांव का निवासी है। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि आरोपी युवक ने दिखावे में पिस्टल जैसे दिखने वाले एक लाइटर के साथ रील बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दी।

लायंस क्लब नोएडा के इंस्टॉलेशन समारोह का आयोजन

आज का मुद्दा-नोएडा। सेक्टर 27 स्थित क्लब 27 में लायंस क्लब नोएडा का इंस्टॉलेशन समारोह के आयोजन का प्रारंभ डॉ लीना चौहान ने गायत्री मंत्र का उच्चारण कर किया।वहीं राजेश्वरी त्यागराजन टीम द्वारा गणेश वंदना, श्रीराम स्तुति, गंगा तू न बहना आदि विषयों पर बहुत मनोरम नृत्य नाटिकाएं प्रस्तुत की गई। ध्वज वंदना,1 मिनट का विश्व शांति के लिए मौन और राष्ट्रगान द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।अरुणा बंसल सिंह और लीना चौहान ने क्लब की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की वहीं आदित्य गुप्ता ने नए सदस्यों को लायन वाद में सम्मिलित कराया। ला विनय सिसोदिया द्वारा नई कार्यकारिणी का इंस्टालेशन कराया गया।ला सुनील कुमार निगम, पूर्व जिला गवर्नर ने स्टार स्पीकर के रूप में लाइंस इंटरनेशनल के प्रशंसनीय सेवा कार्यों को आगे बढ़ाते रहने की अपील की। ला अरविंद सिंघल, पूर्व जिला गवर्नर, जो वर्तमान में

नगर पालिका शामली के अध्यक्ष भी हैं, ने लायंस क्लब के नोएडा के सेवा कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की और लायंस क्लब नोएडा के साथ एक बड़ा प्रोजेक्ट करने के लिए भी प्रेरित किया। नरेंद्र कुछल ने सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि लायंस इंटरनेशनल क्लब विश्व भर में लगभग 250 प्रोजेक्ट पर काम कर रही है।वहीं लायंस क्लब नोएडा भागता भारत, निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, विजन केयर, पोषण आहार, न्यूट्री नेचर एंड सोशल वेलफेयर एक्टिविटीज प्रोजेक्ट पर लगातार काम कर रही है। क्लब के संस्थापक सदस्य ला मान सिंह चौहान ने क्लब की अनेक गतिविधियों को समाज और वंचित वर्ग के हितों में काम करने वाला बताया।ला बिपिन बंसल सिंह ने बताया कि निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से हम अब तक 100 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित कर चुके हैं जो आज अपने पैरो पर खड़े हो होकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रही है, इसी के साथ हम 300 कंबल वितरण कर चुके हैं।कार्यक्रम का मंच संचालन लायन प्रो डॉ निमेश कुमार और लायन रचना यादव द्वारा किया गया।समारोह में ला ए के मित्तल, ला अरविंद संगल, ला विनय मित्तल, ला आदित्य गुप्ता, ला पीके गुप्ता, ला नीलम बिष्ट,ला आर के ग्रोवर, ला एससी अग्रवाल, ला जयश्री श्रीवास्तव, विजय अग्रवाल, लायन एसपी ढाका आदि अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में ला आर. एन. श्रीवास्तव ने क्लब की सराहनीय गतिविधियों बताते हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

ग्रेटर नोएडा के गांव जलालपुर में आरंभ हुआ ऋग्वेद पारायण यज्ञ

आज का मुद्दा-ग्रेटर नोएडा (अजय कुमार आर्य) यहां स्थित गांव जलालपुर में क्षेत्र के वरिष्ठ आर्य समाजी और ऋषि दयानंद के प्रति पूर्ण समर्पित परिवार के मुखिया श्री भंवर सिंह प्रधान के यहां पर ऋग्वेद पारायण यज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस यज्ञ के बारे में जानकारी देते हुए श्री भंवर सिंह प्रधान ने हमें बताया कि यज्ञ के ब्रह्मा के रूप में आर्य जगत के सुप्रसिद्ध विद्वान आचार्य ओम व्रत जी इस कार्य को करा रहे हैं। यह कार्यक्रम 26 दिसंबर से आरंभ होकर 5 जनवरी 2025 को संपन्न होगा।

यज्ञ में प्रत्येक दिन कोई ना कोई विद्वान आकर उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन कर रहा है। उन्होंने बताया कि इससे समाज के लोगों पर एक सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लोग अपनी संस्कृति के प्रति जुड़ रहे हैं और यज्ञ की परंपरा में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन पहुंच रहे हैं।

चौथे दिन के वक्ता के रूप में उपस्थित रहे श्री आर्य सागर खारी ने अपने वक्तव्य का आरंभ आयोजक परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज की परिस्थिति में ऐसे यज्ञ अनुष्ठान बहुत ही दुर्लभ समाज के लिए बहुत ही उपयोगी है।

वेद ईश्वर की वाणी है वेद का ज्ञान पूर्ण है इसमें कोई भी संशोधन की गुंजाइश नहीं रहती । वेद ईश्वर का नित्य ज्ञान है जीवों के लिए जितना जरूरी था जीवों के विकास के लिए ईश्वर ने उतना ज्ञान वेदों में दिया है। वैसे ज्ञान अनंत है। मनुष्य के लिए वेदों में दिया गया ज्ञान ही पर्याप्त है। क्योंकि मानव जीवन का काम इतने ही ज्ञान से चल जाना संभव है। ऋग्वेद ज्ञान का वेद है। इसमें परमाणु से लेकर परमात्मा पर्यंत सारा ज्ञान विज्ञान बीज रूप में है।हमें ऐसे अनुष्ठान अपने परिवारों में आयोजित करने चाहिए वेद का

ज्ञान जब हमें मिलता है तो हमारे नैमित्तिक ज्ञान में बढ़ोतरी होती है। हमारे कुसंस्कार नष्ट होते हैं। ईश्वर का सानिध्य हमें निरंतर उन्नत करता जाता है। हमारी आत्मिक उन्नति होती है।

इस अवसर पर आर्य प्रतिनिधि सभा जनपद गौतम बुद्ध नगर के प्रधान और भारत को समझो अभियान समिति के राष्ट्रीय प्रणेता डॉ राकेश कुमार आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि एक सुयोग्य पुत्र को पिता का अनुव्रती होना चाहिए और माता के हृदय के जैसा हृदय रखकर सब के प्रति सहानुभूति, कोमलता और उदारता का व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस परिवार में पति-पत्नी एक दूसरे के प्रति मधुर व्यवहार करते हैं और मीठा बोलते हैं, एक दूसरे का सम्मान करते हैं, उनके इस प्रकार के आचरण का प्रभाव परिवार के बच्चों पर पड़ता है। जिससे परिवार का निर्माण होता है। परिवार के निर्माण से राष्ट्र का और राष्ट्र से मानव समाज का निर्माण होता है। इसलिए वेद की इस आज्ञा का पालन करके ही हम श्रेष्ठ मानव समाज और विश्व समाज का निर्माण कर सकते हैं।

डॉ आर्य ने कहा कि आदि शंकराचार्य ऋषि दयानंद की भांति वेदों के उद्धारक के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने लिखा है कि यदि किसी व्यक्ति को सुंदर शरीर मिला हो , मित्र बंधु बांधव भी हों, आज्ञाकारी पत्नी भी हो, यश कीर्ति चारों दिशाओं में फैली हो और घर में मेरु पर्वत की भांति धन का ढेर भी लगा हो, परंतु मनुष्य का मन यदि प्रभु चरणों में नहीं लगता है तो इन सब के होने का कोई प्रयोजन नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों ने अपनी यज्ञ की संस्कृति को बचाने के लिए अनुपम बलिदान दिए हैं। इतिहास के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए डॉ आर्य ने कहा कि यहां पर परनारी के शील सम्मान को बचाने के लिए महिलाओं ने अपने सिंदूर अपने आप उजाड़ दिए ।अपना सुहाग उजाड़ दिया। ऐसी अनुपम परंपराएं संसार में अन्यत्र मिलनी मुश्किल हैं । डॉ आर्य ने कहा कि मुसलमानों के भय से हमने महिलाओं से उनका शिक्षा का अधिकार छीना ।बाद में यह एक रूढ़ि बन गई। मुस्लिम आक्रांताओं के भय के कारण ही यहां पर सती प्रथा और बाल विवाह प्रथा के साथ-साथ पर्दा प्रथा भी आरंभ हुई। बाद में सब हमारे लिए जी का जंजाल बन गई।

स्वामी दयानंद जी महाराज द्वारा इन सभी वेद विरुद्ध परंपराओं का विरोध किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो लोग उपस्थित रहे जिनमें आर्य प्रतिनिधि सभा जनपद गौतम बुद्ध नगर के उप प्रधान महावीर सिंह आर्य, सदस्य महेंद्र सिंह आर्य, लीलू सिंह आर्य, चरण सिंह आर्य आदि का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

पत्नी पीड़ित पतियों ने विरोध प्रदर्शन कर पुरुषों के लिए आयोग बनाने की मांग की

सूरत । शहर के अठवा लाइंस सर्कल पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी पत्नी पीड़ित पति थे जो बेंगलुरू के इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या को लेकर विरोध जता रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने महिलाओं के अधिकारों का दुरुपयोग का मुद्दा उठाते हुए पुरुषों के लिए आयोग का गठन करने की मांग की। साथ ही झूठे मुकदमों के जरिए प्रताड़ित किए गए लोगों को न्याय दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। जानकारी के मुताबिक सूरत शहर के अठवा लाइंस सर्कल पर पत्नी पीड़ित पतियों ने विरोध प्रदर्शन किया। दरअसल, बेंगलुरु के इंजीनियर अतुल सुभाष ने आत्महत्या करने से पहले एक वीडियो बनाया और अपनी पत्नी पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। अतुल सुभाष आत्महत्या मामले को लेकर एक नई चर्चा शुरू हो गई है। इस संदर्भ में कानून में महिलाओं को मिले अलग-अलग अधिकारों के दुरुपयोग की भी चर्चा हो रही है। अतुल सुभाष आत्महत्या मामले के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने अठवा लाइंस सर्किल पर प्ले कार्ड के साथ प्रदर्शन किया। विरोध करने वाले कुछ पतियों ने ताश के पत्तों पर पुरुष अधिकार और मानवाधिकार लिखा, जबकि अन्य ने 2014 से 2022 तक पुरुष आत्महत्या के मामलों के आंकड़े लिखे। कोई सरकार से सर्व-पुरुष आयोग नियुक्त करने की मांग कर रहा था तो किसी ने लिखा कि फर्जी केस मानवता के खिलाफ अपराध है। किसी ने सेफ फैमिलीज सेव नेशन लिखकर विरोध जताया। कुछ तख्तियों पर लिखा था- पति एटीएम नहीं; आंदोलनकारियों ने पुरुषों के दर्द को अपने अनूठे अंदाज में व्यक्त किया।

गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया और अमृत बाठ के 5 साथी गिरफ्तार, कई हथियार बरामद

तरनतारन। टारगेट किलिंग की फिराक में घूम रहे 5 बदमाशों को पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये बदमाश गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया और अमृत बाठ के साथी बताए जा रहे हैं। पंजाब पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया और अमृतपाल सिंह उर्फ अमृत बाठ के पांच साथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चार अवैध हथियार बरामद किए हैं, जिनमें एक अमेरिकी निर्मित 9 एमएम की पिस्तौल भी शामिल है। पुलिस ने सभी आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बता दें, जग्गू भगवानपुरिया, जिसका असली नाम जसप्रीत सिंह है, गुरदासपुर के भगवानपुर गांव का रहने वाला है। कबड्डी का अच्छा खिलाड़ी होने के बावजूद, वह अपराध की दुनिया में शामिल हो गया और बाद में अपना नाम बदलकर जग्गू भगवानपुरिया रख लिया। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में पता चला है कि ये आरोपी किसी बड़ी टारगेट किलिंग को अंजाम देने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से उनकी साजिश नाकाम हो गई। तरनतारन क्षेत्र में इस गिरोह द्वारा हाल ही में की गई टारगेट किलिंग में शामिल शूटरों के बारे में भी पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी मिली है, जिसके आधार पर आगे की जांच जारी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस इलाके में जग्गू भगवानपुरिया के और कितने साथी सक्रिय हैं। यह जानकारी पंजाब पुलिस के डीजीपी द्वारा साझा की गई है।

साइबर ठगों ने ट्रेडिंग का झांसा देकर ठग लिए 14.35 लाख रुपये

गाजियाबाद। साइबर अपराधियों ने शेयर ट्रेडिंग का झांसा देकर 14.35 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित को साइबर अपराधियों ने ट्रेडिंग एप में आइपीओ आवंटित दिखाकर 51 लाख रुपये की मांग की, लेकिन पीड़ित ने रुपये न होने पर असमर्थता जताई। इससे गुस्साए साइबर ठग ने उन्हें कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दे डाली। परेशान होकर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जिन खातों में धनराशि ट्रांसफर हुई है उनकी जानकारी जुटाइकर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। शास्त्री नगर निवासी सुधीर कुमार के पास 14 नवंबर को एक युवती ने वाट्सएप मैसेज कर स्टाक ट्रेडिंग के लिए जानकारी डाली। 17 नवंबर को उन्हें एक ग्रुप में जोड़ दिया गया। इस ग्रुप में स्टाक खरीदने के अगले ही दिन लोग खूब मुनाफा होने की जानकारी डालते थे।

संभल में जामा मस्जिद के सामने हुआ चौकी का निर्माण शुरु, महिलाओं ने जलाए दीप

संभल। यूपी के संभल में जहां पर पुलिस चौकी बन रही है, वहां स्थानीय महिलाएं पूजा करने पहुंचीं और भूमि पूजन वाली जगह पर नवग्रह बनाकर दीप जलाए। महिलाओं ने यहां पूजा-अर्चना की। उनका कहना था कि पुलिस चौकी बनने से वे सुरक्षित महसूस कर रही हैं। इस जगह पर चौकी बन रही है, यह अच्छा कदम है. वे मंदिर जाने से पहले यहां दीप जलाने आई हैं। बता दें कि संभल में पुलिस चौकी निर्माण का काम शुरू होने से पहले भूमि पूजन किया गया था। इसके बाद शनिवार रात आसपास के इलाके की महिलाएं भूमि पूजन वाली जगह पर पहुंचीं और पूजन किया। महिलाओं ने आटे से नवग्रह बनाए और उसके ऊपर दीप जलाकर रखे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। दरअसल, शुक्रवार को संभल में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने जामा मस्जिद के सामने खाली पड़े मैदान में पुलिस चौकी बनाने का फैसला किया था। इसके तुरंत बाद चौकी की नींव की खुदाई का काम शुरू हुआ। भूमि पूजन के बाद चौकी बनाए जाने का काम शुरू हो गया था। इस चौकी का नाम सत्यव्रत पुलिस चौकी रखा जाएगा।

खंडवा का 500 साल पुराना श्री राम मंदिर, जलकर खाक

खंडवा। खंडवा जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर भामगढ़ मैं स्थित 500 वर्ष पुराने श्री राम मंदिर में आग लग गई। यह पूरा मंदिर सागौन की लकड़ी से बना हुआ था। मंदिर में रात 1:30 बजे आग लगी थी। आग की लपटों को उठता देख पहले पुजारी का परिवार जागा। उसने गांव वालों को इकट्ठा किया। ग्रामीणजनों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का काम किया। फायर बिग्रेड के लिए फोन किया गया था। वह काफी विलंब से पहुंची, तब तक मंदिर जल चुका था।

केजरीवाल का बीजेपी पर आरोप, मेरी नई दिल्ली सीट पर ऑपरेशन लोटस चला रही

वोटर हटाने और वोटर जोड़ने का काम किया जा रहा

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर ऑपरेशन लोटस चलाने का आरोप लगाया है। केजरीवाल ने दावा किया है कि नई दिल्ली सीट पर 15 दिसंबर से ऑपरेशन लोटस चला रही है। केजरीवाल से दावा किया कि बीजेपी चुनाव जीतने के लिए हर तरह के हथकंडे अपना रही है। मेरे नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी का ऑपरेशन लोटस 15 दिसंबर से चालू है। इन 15 दिनों में, उन्होंने करीब 5,000 वोट हटने और 7,500 वोट जोड़ने के लिए आवेदन दिया है।

उन्होंने कहा, नई दिल्ली में एक लाख 6 हजार वोट हैं। एक लाख 6 हजार वोट में से अगर 5 प्रतिशत वोट यह डिलीट करवा रहे हैं और साढ़े सात वोट जोड़ रहे हैं, तब फिर चुनाव कराने की जरूरत क्या है। यह सरेआम बदमाशी हो रही है।

केजरीवाल ने दावा किया कि बीजेपी मौजूदा वोटर के नाम कटवा रही है। नई दिल्ली विधानसभा सीट पर 29 अक्टूबर से 14 दिसंबर तक 900 वोट कटने के लिए आवेदन दिए गए। 15 दिसंबर से आज तक 5000 वोट डिलीशन के लिए आए। 19 दिसंबर को यानी एक दिन में ही डेढ़ हजार वोट डिलीशन के लिए आए। केजरीवाल ने कहा, जो लोग वोट काटने का आवेदन कर रहे हैं वह कौन हैं और किसके इशाके पर से सारा काम हो रहा हैं।

वहीं वोट जोड़ने के मामले में कहा, जब चुनाव आयोग ने दो महीने तक घर-घर जाकर वोट बनाए तब अब 15 दिनों में 10 हजार वोटर कहां से आ गए, जिनके वोट बनवाए जा रहे हैं। बीजेपी बाहर से लोगों को लाकर उनका फर्जी वोटर कार्ड बनावा रही है।

इसके साथ उन्होंने अधिकारियों को आगाह किया है। केजरीवाल ने कहा कि आप पर दबाव बढ़ने वाला है, लेकिन कोई भी गलत काम करने से पहले यह सोच लेना कि आज नहीं तब कल सरकार बदलेगी लेकिन फाइलें और आपके साइन वहीं रहने वाले है। कोई किसी से नहीं पूछेगा कि किसके कहने पर किया था, आखिर में पकड़े आप जाओगे। केजरीवाल ने कहा, बीजेपी 15 दिसंबर से तीन हथकंडे अपना रही है। पहला वोट कटवाओं, दूसरा फर्जी वोट जुड़वा और तीसरा लोगों में पैसे बांटो। बीजेपी वाले खुलेआम पैसे बांट रहे हैं। देश ने पिछले 70 सालों में इतनी बेशर्मी और नंगापन नहीं देखा होगा।

असम में करीब छह करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त, पांच लोग गिरफ्तार : मुख्यमंत्री

दिसपुर। असम में पुलिस ने दो अलग-अलग अभियानों में करीब छह करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए और पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि गुवाहाटी शहर में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के कर्मियों ने शुक्रवार रात पलटन बाजार में एक होटल में छापेमारी कर 416 ग्राम हेरोइन जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 2.75 करोड़ रुपये है। शर्मा ने कहा कि होटल से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि शुक्रवार रात को नगांव जिले में एक अन्य अभियान के दौरान 3.5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के मादक पदार्थ जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नगांव पुलिस ने एक वाहन को रोका और गहन तलाशी के बाद 532.46 ग्राम हेरोइन बरामद की। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत 3.5 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने इस कार्य के लिए असम पुलिस की सराहना की।

निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को मिल सकती हैं राहत

रांची (एजेंसी)। निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को राहत मिल सकती है। दरअसल झारखंड की सोरेन सरकार उनके निलंबन को वापस लेने की तैयारी में है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तारी के बाद उन्हें निलंबित किया गया था। ईडी ने उन्हें मई 2022 में गिरफ्तार किया था। 28 महीने बाद दिसंबर 2024 में पूजा को जमानत मिली। अब कार्मिक विभाग ने उनकी फाइल मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता वाली कमेटी को दी गई है। कमेटी की सिफारिश और मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद ही निलंबन वापस होगा। पूजा सिंघल 2000 बैच की आईएएस अधिकारी हैं।

पूजा पर मनरेगा घोटाले का आरोप है। घोटाला उनके खूंटी जिले में डीसी रहने के दौरान हुआ था। ईडी की जांच में उनके सहयोगी सीए सुमन कुमार के पास से 19 करोड़ रुपये मिले थे। इसके बाद ईडी ने पूजा सिंघल को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तारी के बाद झारखंड सरकार ने उन्हें तुरंत निलंबित किया था। निलंबन से पहले वह उद्योग सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग की सचिव और झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक थीं। मुख्यमंत्री की सहमति के बाद अगले ही दिन निलंबन का आदेश जारी हुआ था।

पूजा को करीब 28 महीने जेल में गुजराना पड़ा। 7 दिसंबर 2024 को रांची की पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी। जेल से रिहाई के बाद अब उनके निलंबन को हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कार्मिक विभाग ने संबंधित फाइल कमेटी को भेज दी है। यह कमेटी मुख्य सचिव तिवारी की अध्यक्षता में गठित है। कमेटी पूरे मामले की समीक्षा करेगी। अगर कमेटी पूजा के निलंबन को वापस लेने की सिफारिश करती है, तब इस सिफारिश को मुख्यमंत्री के पास भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री की सहमति मिलने के बाद ही निलंबन वापस लिया जा सकेगा।

कांग्रेस को अपना इतिहास याद रखना जरूरी... जेपी नड्डा का राहुल गांधी का वार

नई दिल्ली (एजेंसी)। राहुल गांधी ने निगमबोध घाट पर मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार करने के लिए केंद्र सरकार पर हमला किया और कहा कि पूर्व वित्त मंत्री सर्वोच्च सम्मान और स्मारक के पात्र हैं। वहीं, भाजपा की ओर से पलटवार किया गया है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि यह सचमुच बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के दुखद निधन पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

नड्डा ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह को जीते जी कभी सम्मान न देने वाली कांग्रेस अब उनके सम्मान के नाम पर राजनीति कर रही है। यह वही कांग्रेस है जिसने सोनिया गांधी को पीएम मनमोहन सिंह से ऊपर सुपर पीएम बनाकर पीएम पद की गरिमा को तार-तार कर दिया था। राहुल गांधी ने अध्यादेश फाड़कर पीएम मनमोहन सिंह का अपमान किया। और आज वही राहुल गांधी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने देश के किसी भी बड़े नेता को न तो सम्मान दिया और न ही उनके साथ न्याय किया।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि चाहे वो कांग्रेस पार्टी के हों या विपक्ष के, चाहे वो बाबा साहब अंबेडकर हों, देश के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र बाबू हों, सरदार पटेल हों, लाल बहादुर शास्त्री हों, पीवी नरसिम्हा राव हों, प्रणब दा हों, अटल बिहारी वाजपेयी हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पीएम मनमोहन सिंह की समाधि के लिए जगह दे दी है और परिवार को भी सूचित कर दिया है। फिर भी कांग्रेस झूठी खबरें फैला रही है। कांग्रेस का इतिहास याद रखना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की मृत्यु के बाद दिल्ली के राजघाट परिसर में समाधि स्थल बनाने की मांग उठी थी। लेकिन उस समय सोनिया गांधी ने इसे खारिज कर दिया था। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही थे जिन्होंने 2015 में उनके लिए एक स्मारक की स्थापना की थी। जब 2020 में पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ प्रणब मुखर्जी का निधन हो गया, तो कांग्रेस कार्य समिति को इसकी परवाह तक नहीं हुई शोक सभा बुलाने के लिए। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य कांग्रेस पार्टी के नेताओं को ऐसी घटिया राजनीति से बचना चाहिए।

बीपीएससी अभ्यर्थियों हुए लाठीचार्ज का दिल्ली में भी छात्र संगठन ने किया विरोध

नई दिल्ली। बीपीएससी अभ्यर्थियों का मुद्दा अब दिल्ली पहुंच गया। पटना में हुए अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज के विरोध में दिल्ली में छात्र संगठनों ने भी प्रदर्शन किया। दिल्ली के बिहार भवन के बाहर अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज के विरोध में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने विरोध प्रदर्शन किया। विरोध में प्रदर्शनकारी सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे और पोस्टर हाथ में लिए हुए थे। हालांकि ये विरोध प्रशासन को बिना सूचना दिए किया जा रहा था, ऐसे में दिल्ली पुलिस ने विरोध कर रहे छात्रों को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा आयोजित एकीकृत संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई) को लेकर पटना में भी सियासी गहमागहमी जारी है, जहां नेता छात्रों के समर्थन में उतर रहे हैं। तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर की पार्टी ने भी छात्रों को समर्थन दिया है। विरोध कर रहे अभ्यर्थी बीपीएससी द्वारा आयोजित एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई) 2024 को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। पटना में अभ्यर्थियों को विरोध के दौरान स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बल का प्रयोग करना पड़ा था।

पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा ही नहीं देश के अंदर भी है युद्ध जारी

*** कुछ ही घंटों में हुए अनेक आत्मघाती हमले**

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान और अफगानिस्तान सीमा पर छिड़ी जंग के अतिरिक्त इन देशों के भतरी क्षेत्रों में भी जंग के हालात बने हुए हैं। दरअसल विगत 24 घंटे के अंतराल में तालिबान के आंतरिक मंत्रालय में हुए विस्फोट में कम से कम 10 लड़ाकों के मारे जाने की खबर है। दूसरी तरफ पाकिस्तान के खिलाफ खैबर पख्तूनूर समेत 3 सैनिक चौकियों पर आत्मघाती हमले हुए हैं, जिसमें एक दर्जन से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों की मौत होने की खबर है।

अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सेनाएं सीमा पर तो एक दूसरे पर लगातार हमले कर रही रही हैं, वहीं दूसरी तरफ दोनों देशों ने एक दूसरे के देश के भीतर मौजूद अपने आतंकी संगठनों को भी एक्टिव कर दिया है। इसके चलते दोनों देशों के अंदर आत्मघाती हमले होने की खबरें आ रही हैं। यहां बताते चलें कि शनिवार को तालिबान के आंतरिक मंत्रालय के करीब हुए आत्मघाती हमले में 10 से ज्यादा तालिबान लड़ाकों की मौत हुई थी। हमले की जिम्मेदारी नेशनल रेजिस्टेंस फ्रंट आफ अफगानिस्तान द्वारा ली गई है। वहीं एक दावे के अनुसार इस हमले में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट खोरासान प्रोविंस भी शामिल था।

इससे हटकर पाकिस्तान के अंदर भी आतंकी संगठनों ने बीते कुछ घंटों में पाकिस्तान सेना की तीन सैनिक शिविरों पर आत्मघाती हमले किए। इन हमलों में तहरीके तालिबान पाकिस्तान संगठन के शामिल होने के दावे किए जा रहे है। इनमें से एक हमला टोंक स्थित सैनिक शिविर पर किया गया था, जिसमें 100 किलो से अधिक भारी विस्फोटक से भरी कार को सैन्य शिविर के गेट के पास उड़ा दिया गया। इस आत्मघाती हमले में 03 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 19 से ज्यादा सैनिक घायल हुए हैं। दो अन्य सैन्य शिविरों में भी हमले हुए हैं, जिनमें एक दर्जन से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। इस प्रकार दोनों ही देशों की सीमा के साथ ही अंदर भी युद्ध की स्थिति निर्मित हो गई है।

दिग्विजय को वकील ने भेजा नोटिस, माफी मांगे और 10 करोड़ रुपए मानहानि के मुआवजे के तौर पर दें

भोपाल (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट के वकील संजय श्रीवास्तव ने मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को कानूनी नोटिस भेजा है। वकील श्रीवास्तव ने अपने नोटिस में कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह से माफी मांगने और 10 करोड़ रुपए मानहानि पर मुआवजे के तौर पर देने को कहा है। एक माह के भीतर ऐसा नहीं करने पर सिंह के खिलाफ आपराधिक और दीवानी मुकदमा कोर्ट में दर्ज होगा।

दरअसल, दिग्विजय को यह नोटिस 24 दिसंबर उनकी ओर से पीएम नरेंद्र मोदी को लिखे गए पत्र के मामले में दिया है। इसमें कहा गया है कि पूर्व सीएम दिग्विजय ने अपने बयानों और पीएम को लिखे पत्र के जरिए उनके ग्राहक गोविंद सिंह राजपूत पर व्यक्तिगत और पेशेवर प्रतिष्ठा पर हमला किया है।

दरअसल दिग्विजय ने पीएम मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि सौरभ शर्मा नाम के जिस पूर्व आरक्षक पर करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार का मामला दर्ज है, उस सागर निवासी पूर्व परिवहन मंत्री का सीधा संरक्षण प्राप्त था। मुझे जानकारी है कि सौरभ पूर्व परिवहन मंत्री के परिवार के सदस्य की तरह बंगले पर बैठता था। जहां वकील साहब के नाम से मशहूर श्रीवास्तव के साथ बैठकर पूरे प्रदेश में परिवहन विभाग के करोड़ों रुपए के लेन-देन का हिसाब किताब देखता था। दिग्विजय ने पत्र में लिखा था परिवहन मंत्री के चहेते और कमाऊ पूत बने सौरभ ने संजय श्रीवास्तव, आरटीआई वीरेश तुमराम, पूर्व आरटीआई दशरथ सिंह पटेल के साथ मिलकर पूरे प्रदेश में संचालित आरटीओ बेरियर पर वसूली का ठेका ले लिया। ये वसूली गैंग मंत्री के सीधे नियंत्रण में अफसरों के ट्रांसफर और पोस्टिंग करते थे। इनके विश्वासपात्र निजी कटर चेकपोस्ट पर उगाही करके हिसाब अपने आकाओं तक पहुंचायां करते थे।

दिग्विजय ने आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ के पास मिली संपत्ति को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था। इसमें मांग की थी कि इस केस से लोकायुक्त को हटाया जाए और केस की जांच ईडी और आयकर विभाग को सौंपी जाए। दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाए कि पता लगाना चाहिए कि पैसा किसका है? कहां से आया और कहां गया। उन्होंने पूरी जांच मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की निगरानी में करने की बात कही है।

दिग्विजय ने कहा था कि प्रदेश के इतिहास में इतना बड़ा भ्रष्टाचार कभी देखने को नहीं मिला। जंगल में खड़ी कार से 52 किलो सोना, 200 किलो चांदी की सिल्लियां मिली हैं।

कोचिंग नगरी कोटा में छात्रों के आत्महत्या से जुड़े मामलों में 50 फीसदी की गिरावट

*** जिला प्रशासन ने कहा, कोशिशें रंग लाती दिख रही**

कोटा (एजेंसी)। कोचिंग नगरी कोटा में छात्रों के आत्महत्या से जुड़े मामलों में 50 फीसदी की गिरावट आई है। यह जानकारी कोटा जिला प्रशासन ने दी है। प्रशासन की ओर से दावा किया गया है कि आईआईटी-जेईई प्रवेश परीक्षाओं के लिए छात्रों को तैयार करने के लिए मशहूर राजस्थान के कोचिंग हब में 2023 की तुलना में इस साल छात्रों द्वारा आत्महत्या की संख्या में 50 फीसदी की कमी आई है। हालांकि, अधिकारियों ने संख्याओं का कोई विशिष्ट विवरण नहीं दिया है।

कोटा के कलेक्टर रवींद्र गोस्वामी ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस साल कोचिंग छात्रों के बीच आत्महत्या की दर में कमी आई है, यह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है, और हमें उम्मीद है कि यह प्रवृत्ति भविष्य में भी जारी रहेगी। रिपोर्ट के मुताबिक कोटा में 2024 में कोचिंग छात्रों द्वारा आत्महत्या के 17 मामले सामने आए हैं। जबकि 2023 में इसतरह के 26 मामले सामने आए थे। कलेक्टर गोस्वामी के मुताबिक आत्महत्या के मामलों में कमी का कारण जिला प्रशासन की निगरानी में कोचिंग संस्थानों और छात्रावासों के लिए दिशा-निर्देशों का कड़ाई से लागू करना है। डब्ल्यूएचओ मानदंडों के आधार पर छात्रावास वार्डन के लिए गेट-कीपर प्रशिक्षण और एसओएस हेल्प सेवाओं के कार्यान्वयन ने भी आत्महत्या के मामलों में कमी लाने में योगदान दिया है।

गोस्वामी ने कहा कि 'डिनर विद कलेक्टर' और 'संवाद' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से कोचिंग छात्रों के साथ नियमित संवादात्मक सत्र, साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और लड़कियों की सुरक्षा के लिए कालिका दस्ते की तैनाती ने बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। जिला कलेक्टर ने कहा कि उन्होंने इस साल 'डिनर विद कलेक्टर' और 'संवाद' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से 25,000 से अधिक कोचिंग छात्रों के साथ बातचीत की, जहां छात्रों की समस्याओं को सुना गया।

कोटा में छात्रों की संख्या इस वर्ष 85,000 से 1 लाख तक घट गई है, जो सामान्यतः 2-2.5 लाख होती है। गोस्वामी ने 'कोटा केयर्स' नामक कार्यक्रम के शुभारंभ का भी उल्लेख किया, जो कोचिंग छात्रों की भलाई और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

युगयुगीन स्वामी
अमर ज्योति जी महाराज

श्री श्री 1008 स्वामी कृष्णानन्द परमहंस
बाबा कालीदास जी महाराज

श्री श्री 1008 दीपक बाबा जी
महाराज

महामण्डलेश्वर बाबा कर्ण पुरी जी
महाराज

स्वयं पधार कर आप सभी को आर्शीवाद प्रदान करेंगे

इस कार्यक्रम में आने वाले हमारे मुख्य अतिथि

माननीय डा. महेश शर्मा जी-सांसद गौतमबुद्ध नगर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री-भारत सरकार

इस कार्यक्रम में आने वाले हमारे अति विशिष्ठ अतिथि

माननीय श्री पंकज सिंह, विधायक, नौएडा
डॉ. अरूणवीर सिंह, I.A.S., मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना प्राधिकरण एवं C.E.O. (N.I.A.L.)
श्री अनुपम शर्मा, (I.P.S.) DIG Jail, Himachal Police
श्रीमती सी.के. रंगा, Dy. Director Bureau of Civil Aviation security.
श्री आर. सी. यादव (H.J.S.) Special Judge, Etawah
श्री कपिल यादव (H.J.S.) Judicial Magistrate, Pratapgarh
कर्नल एस. के. पाठक
श्री संजीव सैकिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, डीफू(आसाम)
श्री राकेश यादव पुलिस अधीक्षक उ.प्र. पुलिस
श्री विकास धीमान पुलिस उपाधीक्षक कांगड़ा हि.प्र.
श्री अखिलेश दुबे, (DIG)
श्री देवदत्त शर्मा (IAS) Rtd.
श्री ए.के. सिंह, (S.E. UPPCL) Rtd.
श्री संजय बाली, सांसद प्रतिनिधि, गौतमबुद्धनगर, उ.प्र.
श्री राजीव त्यागी (एडवोकेट) क्षेत्रीय संयोजक विधि विभाग, भा.ज.पा. (पश्चिमी उत्तर प्रदेश)
श्रीमती रीना गुप्ता अध्यक्षा सुमित्रा ग्रुप ऑफ हास्पिटल्ज एवं इन्सटीटयूशंस
डॉ. वी.के. गुप्ता निदेशक, सुमित्रा ग्रुप ऑफ हास्पिटल्ज एवं इन्सटीटयूशंस
डॉ. अंकित गुप्ता निदेशक, सुमित्रा ग्रुप ऑफ हास्पिटल्ज एवं इन्सटीटयूशंस
डॉ. अर्पित गुप्ता, निदेशक, सुमित्रा ग्रुप ऑफ हास्पिटल्ज एवं इन्सटीटयूशंस
श्री भारत कौशिक, निदेशक, धनवंतरी ग्रुप आफ इन्सटीटयूशंस एवं इंडस्ट्रीयल डिस्ट्रीब्यूटर्स इण्डिया प्रा.लि.
डॉ. नवीन कौशिक, चेयरमैन कौशिक डायग्नोसिस प्रा.लि.
श्री राजकुमार चौधरी, अध्यक्ष नौएडा एम्पलॉइज एसोसिएशन, नौएडा
श्री राजेश रंगा
श्री रामवनजी सुतार
श्री अनिल रामवनजी सुतार
श्रीमती स्वाति अनिल सुतार
श्री विजय देव शर्मा, D.I.G Rtd.
श्री अजय जानी, अहमदाबाद
श्री रमेश रावल गिर फॉरेस्ट, गुजरात
श्री अमरजीत सिह, सी.एम.डी., रामा इवेन्टस ग्रुप ऑफ कंम्पनीज
श्री एन.पी.सिंह, अध्यक्ष, डी.डी.आर.डब्ल्यू.ए.
श्री नवनीत गुप्ता, चेयरमैन, उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मण्डल
श्री योगेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष फोनरवा
श्री त्रिलोक शर्मा, संरक्षक फोनरवा

विनीत एवं सम्पर्क सूत्र :-

आचार्य रोहित (कार्यकारी पीठाधीश्वर) 9411429999
श्रीमती शालू राणा (मैनेजिग ट्रस्टी) 9873661942
ज्योति कुमार आर्य (व्यवस्थापक) 9871691354
एडवोकेट हर्ष राणा (मैनेजिग ट्रस्टी) 9899991942

निवेदक:—

कनिका राणा, नेहा राणा, हर्षिता राणा, हर्षित राणा, केशव राणा, डैनी शिवाय राणा, दानी राणा, मालती आर्य, जय कुमार आर्य, तृप्ति आर्य, उज्जवल आर्य, रीता आर्य, गौरव आर्य, राजनंन्दनी आर्य राजीव कुमार, जयन्ती देवी, विकास कुमार, जूही कुमार, ज्ञानेश्वर प्रसाद, प्रवीण शुक्ला, शशी शुक्ला, पूनम गिल, रीटा सैकिया, सुमंत श्रीवास्तव, गीता श्रीवास्तव, डॉ. गरिमा श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, डॉ. रिद्धिमा श्रीवास्तव, डॉ.उत्कर्ष आनंद, पुनियन शर्मा, नवीन शर्मा, अशोक शर्मा,निशा शर्मा, विक्रम पठानिया, नीलम पठानिया,पुरूषोतम, (DP) सुदेश, अमित, आशीष गुलेरिया, स्नेहलता-डॉ.वी.के.त्यागी, नीता-डॉ.नरेन्द्र त्यागी, विमला-ई.राम अवतार त्यागी, पूजा, विवेक सूद, रणजीत राणा, मुकेश गुप्ता, मनोज वत्स, नरेश सुपहिया, मोनिका-अरूण कालिया, रीटा, विरेन्द्र, विशाल, जितेन्द्र, कल्पना डडवाल, मुकेश T.O., भारती, साक्षी-सक्षम कुलश्रेष्ठ, बाबूराम शर्मा डॉ. राकेश मिन्हास, सतीश तनेजा, मीना, रमन शर्मा, मुकेश पंवार (SI) प्रोमिला, जगदेव, शिवानी मिन्हास, अनुराग सारस्वत, सुरेश शर्मा (हि.प्र.), गोविंद बिष्ट,अनीता शर्मा, के.के.मलहोत्रा, रवि मलहोत्रा, विपिन मलहोत्रा, मनोज कटारिया, जसबीर, सुदर्शन राणा, अंकिता, रोहित राणा, शुभम, ACP स्वतन्त्र कुमार, हरीश धींगरा, नन्दकिशोर सुन्द्रियाल, डॉ.मोनिका अग्रवाल, डॉ.अभिषेक अग्रवाल, एस.एस.भारद्वाज CEO, गुरूप्रीत सिंह, संजीव दीक्षित, अतुल पुरी, आर.के.शिशोदिया DSP, राजन,गीता,विपिन चौधरी,अतुल शर्मा,राजन, विमला, राकेश, शकुंतला,सुमित,पूजा वर्मा, पवन सुपहिया, पूजा राणा, मनीष तनेजा, विनोद तनेजा, आदित्य भारद्वाज, शिवानी भारद्वाज, एडवोकेट सहज, एडवोकेट सूबी, समीर सुतार, सोनाली, प्रभाकर, देवराज, अंजना मेहता, संजीव गुप्ता सी.ए., कमलकिशोर सी.ए., पिंकी सुन्द्रियाल सी.ए., विकास सुन्द्रियाल सी.ए., रवि, बीरेन नेगी, दीपक बंसल, पूजा, सार्थक ठाकुर, रामबोहर, संसारो देवी, शेखर राणा, प्रवीन, शांति अम्मा, सत्ती सू.मे.जोगिन्द्र, वंदना, सुशील, अनीजमा भूरिया, मुन्ना, मुन्नी, पवन धीमान, सतीश शर्मा (DP) ,सुरेश शर्मा (DP), मनु धीर, विजय भण्डारी, चौधरी के. नवाब, ले.देवेन्द्र चौहान,

January

S	M	T	W	T	F	S
			1	2	3	4
5	6	7	8	9	10	11
12	13	14	15	16	17	18
19	20	21	22	23	24	25
26	27	28	29	30	31	

February

S	M	T	W	T	F	S
						1
2	3	4	5	6	7	8
9	10	11	12	13	14	15
16	17	18	19	20	21	22
23	24	25	26	27	28	

March

S	M	T	W	T	F	S
						1
2	3	4	5	6	7	8
9	10	11	12	13	14	15
16	17	18	19	20	21	22
23	24	25	26	27	28	29
30	31					

April

S	M	T	W	T	F	S
		1	2	3	4	5
6	7	8	9	10	11	12
13	14	15	16	17	18	19
20	21	22	23	24	25	26
27	28	29	30			

May

S	M	T	W	T	F	S
				1	2	3
4	5	6	7	8	9	10
11	12	13	14	15	16	17
18	19	20	21	22	23	24
25	26	27	28	29	30	31

June

S	M	T	W	T	F	S
1	2	3	4	5	6	7
8	9	10	11	12	13	14
15	16	17	18	19	20	21
22	23	24	25	26	27	28
29	30					

2025

★ आरती ★

ऊँ जय कलाधारी हरे, स्वामी जय पौणाहारी हरे।
भक्त जनों की नैया, भव से पार करे ॥ ऊँ जय...

बालक उम्र सुहानी, नाम बालक नाथा-बाबा नाम बालक नाथा।
अमर हुए शिवजी से, सुनकर अमर गाथा ॥ ऊँ जय...

शीश पे बाल सुनैहरी, गल रूद्राक्षी माला-बाबा गल रूद्राक्षी माला।
हाथ में झोली-चिमटा, आसन मृग छाला ॥ ऊँ जय...

सुंदर शैली, सिंगी, वैरागन सोहे - बाबा वैरागन सोहे।
गऊ पालक रखवाला, भक्तां दा मन मोहे ॥ ऊँ जय...

अंग भभूत रमाई, मूर्ति प्रभु रंगी - बाबा मूर्ति प्रभु रंगी।
भय भंजन दुःख नाशक, भरथरी के संगी ॥ ऊँ जय...

रोट चढ़त रविवार को, फल मिश्री मेवा - बाबा फल मिश्री मेवा।
धूप, दीप, कुदनू से, आनंद सिद्ध देवा ॥ ऊँ जय...

भक्तन हित अवतार लियो, बाबा देख के कलु-काला।
दुष्ट दमन, शत्रुघन, भक्तन प्रतिपाला ॥ ऊँ जय...

तन-मन-धन सब है तेरा - बाबा सब कुछ है तेरा।
तेरा तुझको अर्पण, यही भाव हो मेरा ॥ ऊँ जय...

बाबा जी की आरती जो कोई नित गावे - बाबा प्रेम सहित गावे।
कहते हैं सेवक तेरे, सुख सन्मति पावे॥ ऊँ जय...

ऊँ जय कलाधारी हरे, स्वामी जय पौणाहारी हरे।
भक्त जनों की नैया भव से पार करे ॥ ऊँ जय...

July

S	M	T	W	T	F	S
		1	2	3	4	5
6	7	8	9	10	11	12
13	14	15	16	17	18	19
20	21	22	23	24	25	26
27	28	29	30	31		

August

S	M	T	W	T	F	S
					1	2
3	4	5	6	7	8	9
10	11	12	13	14	15	16
17	18	19	20	21	22	23
24	25	26	27	28	29	30
31						

September

S	M	T	W	T	F	S
	1	2	3	4	5	6
7	8	9	10	11	12	13
14	15	16	17	18	19	20
21	22	23	24	25	26	27
28	29	30				

October

S	M	T	W	T	F	S
			1	2	3	4
5	6	7	8	9	10	11
12	13	14	15	16	17	18
19	20	21	22	23	24	25
26	27	28	29	30	31	

November

S	M	T	W	T	F	S
						1
2	3	4	5	6	7	8
9	10	11	12	13	14	15
16	17	18	19	20	21	22
23	24	25	26	27	28	29
30						

December

S	M	T	W	T	F	S
	1	2	3	4	5	6
7	8	9	10	11	12	13
14	15	16	17	18	19	20
21	22	23	24	25	26	27
28	29	30	31			

महीना	पूर्णिमा	अमावस्या	संक्रांति	ज्येष्ठ रविवार	एकादशी	एकादशी	सिद्ध पीठ में मनाये जाने वाले त्यौहार
जनवरी	13 सोमवार	29 बुधवार	14 मंगलवार	19 रविवार	10 शुक्रवार	25 शनिवार	13 लोहडी / 21 स्थापना दिवस / 26 गणतंत्र दिवस /
फरवरी	12 बुधवार	27 गुरुवार	12 बुधवार	16 रविवार	08 शनिवार	24 सोमवार	02 बसंत पंचमी /25 महा शिवरात्रि
मार्च	14 शुक्रवार	29 शनिवार	14 शुक्रवार	16 रविवार	10 सोमवार	25 मंगलवार	14 होली / 30 चैत्र नवरात्र प्रारंभ /
अप्रैल	12 शनिवार	27 रविवार	14 सोमवार	20 रविवार	08 मंगलवार	24 गुरुवार	06 राम नवमी / 13 -14 बैसाखी / 30 अक्षय तृतीय
मई	12 सोमवार	27 मंगलवार	15 गुरुवार	18 रविवार	08 गुरुवार	23 शुक्रवर	
जून	11 बुधवार	25 बुधवार	15 रविवार	15 रविवार	06 शुक्रवार	21 शनिवार	
जुलाई	10 गुरुवार	24 गुरुवार	16 बुधवार	20 रविवार	06 रविवार	21 सोमवार	10 गुरु पूर्णिमा
अगस्त	09 शनिवार	23 शनिवार	17 रविवार	17 रविवार	05 मंगलवार	19 मंगलवार	07 गणेश चतुर्थी / 09 रक्षा बंधन एव गोगा जाहरवीर जी का छत्र स्थापना /15 स्वतंत्रता दिवस / 15-16कृष्ण जन्माष्टमी /16-17 गोगा नोव्मी /
सितम्बर	07 रविवार	21 रविवार	17 बुधवार	21 रविवार	03 बुधवार	17 बुधवार	22 शरद नवरात्र प्रारंभ /
अक्टूबर	07 मंगलवार	21 मंगलवार	17 शुक्रवार	19 रविवार	03 शुक्रवार	17 शुक्रवार	01 महानवमी/ 02 दशहरा /10 करवा चौथ / 18 धनतेरस / 21 दीपावली /22 गोवर्धन पूजा / 23 भाई दूज / 28 छठ पूजा
नवम्बर	05 बुधवार	20 गुरुवार	16 रविवार	16 रविवार	02 रविवार	15 शनिवार	
दिसम्बर	04 गुरुवार	19 शुक्रवार	16 मंगलवार	21 रविवार	01 /15 /सोमवार	30 मंगलवार	31 नया साल बाबे नाल

बाबा बालकनाथ सिद्ध पीठ फाउंडेशन ट्रस्ट (रजि.)

(A Regd. Trust For Upliftment of Spiritual & Social Welfare)

सिद्ध पीठ : सी-56 ए/7, सैक्टर-62, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301, भारत

सिद्ध सेवा आश्रम: Old Age Home-03 Pocket 7A Sector-18, Yamuna Expressway (YEIDA), G.B. Nagar (U.P)-203201

श्रद्धेय स्वामी धीरज महाराज जी
पीठाधीश्वर

नया साल बाबे नाल

मंगलवार 31 दिसम्बर, 2024

विदेशी साल स्वदेशी तरीके से मनायें

You Tube

तथा यूटयूब व फेसबुक लाइव YouTube Link

द्वारा सीधा प्रसारण देश व विदेशों में किया जायेगा

https://youtu.be/NEJ7n9caeA

Beneficiary Name	:	Baba Balak Nath Sidh Peeth Foundation
Name of Bank	:	Union Bank of India
IFSC Code	:	UBIN0917966
Account No.	:	110610011002457

Donation Link

ट्रस्ट के पास 80G है जिसका लाभ लेने के लिए आप कृपया अपना PAN No. और आधार कार्ड की कॉपी जरूर दें, ताकि आपको आयकर की धारा 80G के तहत आयकर में छूट मिल सके।

9871648648, 9871691354, 0120-3111748, 49, 50, 51

www.facebook.com/groups/bababalaknathsidhpeethnoida/ @jyotishrohit @dheerajmaharaj

swamidheerajmaharaj@bababalaknathsidhpeethnoida.com

acharyarohit@bababalaknathsidhpeethnoida.com

तपोस्थली : बाबा बालक नाथ सिद्ध सेवा आश्रम, ग्राम :लाहड़ छलैना, डाक. चौकी, तह.-धीरा, जिला-कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश-176084